
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-129 | बुधवार, 11 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है। नरेंद्र मोदी

मोदी के नेतृत्व में भारत बना चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : जोशी 11

नीतीश कैबिनेट में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर 12

## संक्षेप

### तीसरी बार टली पीजीटी परीक्षा, अब अगस्त में प्रस्तावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने तीसरी बार प्रवक्ता (पीजीटी) भर्ती परीक्षा-2022 स्थगित कर दी है। यह परीक्षा 18 व 19 जून को प्रस्तावित थी। तीन साल से परीक्षा का इंतजार कर रहे साढ़े चार लाख अभ्यर्थियों में आयोग के इस फैसले से उबाल है। आयोग के प्रभारी सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार अगस्त के अंतिम सप्ताह में परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है लेकिन नई परीक्षा तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। इस परीक्षा के तहत टीजीटी के 624 पदों पर भर्ती होनी है, जिसके लिए 4.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं।

### बाघिन में फ्लू की पुष्टि के बाद कानपुर-गोरखपुर प्राणि उद्यान अगले आदेशों तक बंद

**लखनऊ।** गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान व कानपुर प्राणि उद्यान को अगले आदेशों तक बंद कर दिया गया है। यह निर्णय शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान गोरखपुर में बाघिन में एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि होने के चलते लिया गया है। इस संबंध में इस प्राणि उद्यान के निदेशक द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने के बाद विभाग चौकन्ना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अनुराधा वेमूरी ने अग्रिम आदेशों तक प्राणि उद्यानों को बंध रखने का आदेश कानपुर व गोरखपुर प्राणि उद्यानों के निदेशकों को दिया है।

### योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण 50 हजार के पार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सेदारी देश भर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि 21 जून सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक योग अभ्यास में भाग लेने के लिए 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 11 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान सबसे आगे निकल गया है।

### यूपी में बदलेगा मौसम,गरजेंगे बदरा

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है।
विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

# 11 साल में मिली देश को भ्रष्टाचार परिवारवाद व तुष्टीकरण से मुक्ति

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर योगी ने गिनाई उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




- बोले पीएम मोदी ने 11 वर्षों में स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीक
- योगी ने इस स्वर्णिम कालखंड के लिए प्रदेश सरकार और यूपी प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को दी बधाई

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है। विकास केवल नारे नहीं, बल्कि विरासत और विकास का बेहतर समन्वय करते हुए, आम जनमानस को साथ लेकर चलने की एक नई प्रवृत्ति को दुनिया के अंदर भारत को नई पहचान दिलाई है। अब चेहरा देखकर नहीं, बल्कि पात्रता के अनुरूप हर व्यक्ति को बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। शासन अब तुष्टीकरण के आधार पर नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के संतुष्टीकरण के आधार पर अपनी कार्ययोजना को आगे बढ़ा रहा है। पिछले 11 वर्षों के अंदर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है। उन्होने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की सैन्य शक्ति की पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया के द्वारा ट्रस्टेड उस ताकत को देखा है जो अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हम सबको देखने को मिला है। अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती था कि भारत तो केवल शांति का पक्षधर है। हर हाल में हमें शांति के रट लगाने की जो आदत 2014 के पहले पड़ गई थी, मोदी जी ने न्यू नॉर्मल के माध्यम से उस अवधारणा को पलट करके सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई हम पर युद्ध थोपेगा, हमारी सुरक्षा पर सेंध लगाएगा, भारत के अंदर आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा तो ● शेष पेज 11 पर

# ग्रुप कैप्टन अंतरिक्ष यात्री के रूप में इतिहास बनाने के लिए तैयार



एजेंसी

- एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री के रूप में इतिहास बनाने के लिए तैयार हैं। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 11 जून को होने वाले एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा होंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला सोवियत रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान पर 1984 के ऐतिहासिक मिशन के 41 साल बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन के मुताबिक एक्सिओम स्पेस का यह चौथा निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन नासा के साथ भारत के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसरो का यह मिशन पहले मंगलवार को लांच किया जाना था, लेकिन सोमवार को घोषणा की कि प्रतिकूल मौसम के कारण अब एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 11 जून को शाम 5:30 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। एक्स-4 क्रू में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। तीनों देशों के लिए यह आईएसएस के लिए उनका पहला मिशन है। एक्सिओम स्पेस के अनुसार एक्स-4 चार दशकों में भारत के लिए दूसरा सरकारी प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन भी है।

इस मिशन में शामिल किये गए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा पर 41 साल बाद जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले सोवियत रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान पर 1984 में राकेश शर्मा को भेजा गया था। उनके साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज़्नान्स्की 1978 के बाद से दूसरे पोलिश अंतरिक्ष यात्री बनेंगे, जबकि टिबोर कापू 1980 के बाद से हंगरी के दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री ● शेष पेज 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने दोषी अधिवक्ता की सजा कम करने से किया इनकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की एक महिला न्यायाधीश के साथ अपमानजनक व्यवहार के दोषी अधिवक्ता की सजा कम करने से मंगलवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को आत्मसमर्पण करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

अधिवक्ता ने अक्टूबर 2015 में राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला न्यायाधीश के साथ दुर्व्यवहार के मामले में 18 महीने की जेल की सजा को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सख्त टिप्पणियों के साथ याचिकाकर्ता अधिवक्ता संजय राठौर की सजा कम करने की गुहार ठुकरा दी। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि यदि इस तरह (अधिवक्ता के) के व्यवहार के खिलाफ सख्त रुख नहीं अपनाया गया तो महिला न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित नहीं किया जा सकेगा। अधिवक्ता राठौर ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 मई उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें निचली अदालत के दोषी करार देने को उचित ठहराया गया था। उच्च न्यायालय ने हालांकि निचली अदालत द्वारा निर्धारित सजा के आदेश को इस सीमा तक संशोधित किया कि दोषी अधिवक्ता को दी गई सभी सजाएं एक साथ चलेंगी, न कि क्रमिक रूप से। वकील राठौर को निचली अदालत ने दोषी ठहराया और भारतीय दंड संहिता की धारा 509 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत 18 महीने के साधारण कारावास, ● शेष पेज 11 पर

# आव्रजन नीति हंगामे के बीच ट्रम्प का यात्रा प्रतिबंध लागू

ह्यूस्टन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है।

सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुयी। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिये गये प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह श्री ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया। इनमें अफगानिस्तान, ईरान, लीबिया, म्यांमार, सोमालिया और यमन जैसे देश शामिल हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार ये देश सुरक्षा जांच में अमेरिका के लिए खतरा माने गये। साथ ही, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, ● शेष पेज 11 पर

# 'सामाजिक भेदभाव का नया जरिया इंटरनेट, खाई और हो रही चौड़ी'

एजेंसी



- एआई के उपयोग के लिए मानक विकसित हों
- स्वचालित उपकरणों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इंटरनेट समाज को विभाजन की ओर ले जा रहा है। उन्होंने 'न्याय वितरण प्रणाली में टेक्नोलॉजी की दोहरी भूमिका' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में इंटरनेट सामाजिक भेदभाव का एक नया उपकरण बन गया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक समाज के सभी वर्गों की असमान पहुंच से हाशिए पर पड़े समुदायों का बहिष्कार हो सकता है, जो पहले से ही न्याय के लिए कई किस्म की बाधाओं का सामना कर रहे हैं।


सीजेआई गवई ने कहा, ''वास्तविकता में न्याय प्रदान करने की दिशा में पहुंच और समावेशन के आधार पर टेक्नोलॉजी को डिजाइन का आधार होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों को न्यायिक तर्क की सहायता करनी चाहिए, न कि उसे रिप्लेस करना चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, ''प्रौद्योगिकी को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के आकलन को रिप्लेस करने के बजाय बढ़ाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का डिजायन ऐसा हो जो सभी की पहुंच तक सुलभ हो। सीजेआई गवई कैमब्रिज यूनिवर्सिटी में 'न्याय तक पहुंच को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोल रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने अदालतों में टेक्नोलॉजी के आधार पर हो रहे बदलावों को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत ढांचे की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग के लिए मानक विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''नीतियों में हस्तक्षेप के बिना न्याय वितरण प्रणाली में कोई क्रांति नहीं आ सकती।''

सीजेआई गवई ने स्वचालित कानूनी उपकरणों पर आंख मूंदकर भरोसा करने के खिलाफ भी चेतावनी दी है। उन्होंने एल्गोरिदमिक पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन ने देरी को कम किया है और निगरानी तंत्र में ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी

# संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं

एजेंसी



ब्रुसेल्स। भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई आपरेशन सिन्दूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुनः चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियाँ अभी भी हैं, उन्होंने कहा, यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायु सेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### दो टूक

- 'आतंकवादी किसी भी देश का स्वतंत्रता सेनानी नहीं हो सकता'
- पाकिस्तान को आतंक विरोधी समिति में रखना बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने जैसा
- 'मानव सभ्यता का सबसे बड़ा दुश्मन आतंकवाद, इंसानियत पर कलंक'
- 'पाकिस्तान के पास स्पष्ट दिशा नही, धंधा बन चुका आतंकवाद'



देहरादून। देवभूमि के विकास पर मंथन के लिए मंगलवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पहुंचे राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर जमकर हमले किए। सिंह ने कहा, हमने एटिट्यूड और एक्शन को बदला है। पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने देश को झकझोर दिया। उन्होंने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को (संयुक्त राष्ट्र की) आतंक विरोधी समिति में रखना बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने जैसा है।

उन्होंने कहा, उत्तराखंड हमें न सिर्फ मानसिक शांति की अनुभूति देता है, बल्कि वीरता का भी संदेश देता है। यहां के सपूतों ने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर किया है। सेना की दो रेजीमेंट इस राज्य के दो क्षेत्रों पर आधारित हैं। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यहीं जन्मे थे। मैंने देश के गृह मंत्री के रूप में भी काम किया है। चाहे आंतरिक सुरक्षा की बात हो या सीमाओं पर सुरक्षा की बात हो, पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है। हमने एटिट्यूड और एक्शन को बदला है। पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने देश को झकझोर दिया। उन्होंने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। यह देश की सामाजिक एकता पर हुआ हमला था। धर्म पूछकर मारने के पीछे उनका उद्देश्य था भारत की सांस्कृतिक एकता को नुकसान पहुंचाना। हमने उनके आतंकी ढांचे को तबाह कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों पर पहली बार किसी ने हमला किया है, तो वह भारत है। यह आतंकियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

उन्होंने आगे कहा, आप सभी ने देखा होगा कि जब तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तब तक सभी कहते थे कि कश्मीर भारत में तो है, लेकिन वह भारत से इंटिग्रेट नहीं है। अब 370 हटने के बाद वह भारत से पूरी तरह इंटिग्रेट हो गया है। जम्मू-कश्मीर में लाखों पर्यटक आए। जमीनी स्तर पर वहां सुशासन दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर को भारत का मस्तक कहा जाता है, जब यह मस्तक चमकने लगा तो पड़ोसी को चमक बर्दाश्त नहीं हुई और उसने आतंकी वारदात को अंजाम दिया। आतंकियों को तो हमने जवाब दे दिया, लेकिन इस तरह की घटना भविष्य में न हो, यह भारतीय सुरक्षा से जुड़ा अहम मुद्दा है। अब जनता के स्तर पर भी सतर्क होने का समय आ गया है। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा अभिशाप है। मानवीय सभ्यता के सबसे अहम मूल्यों का यह दुश्मन है। आतंकवाद हमारे लोकतंत्र और सह-अस्तित्व के समक्ष बड़ा खतरा है। यह विकृत मानसिकता है। मानवता पर कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के मूलभूत मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। मानवता के सामने जितनी भी भयावह बीमारियां आईं, वह देर-सवेर खत्म हुई। आतंकवाद भी महामारी है, उसे मरना ही है। लेकिन इसे अपनी मौत मरने को नहीं छोड़ा जा सकता। यह चुनौती देता रहेगा। इसलिए आतंकवाद की समस्या का अब स्थायी समाधान बहुत आवश्यक है।

रक्षा मंत्री ने कहा, इतिहास ने यह बार-बार साबित किया है कि आतंकवाद का कितना भी बड़ा लक्ष्य हो, वह सफल नहीं हो सकता। यह सोचना भी कदापि उचित नहीं है कि कोई आतंकवादी किसी देश के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। 2016 में इस्लामाबाद में दक्षेस सम्मेलन में मैंने यही बात मजबूती से रखी थी। आतंकवाद की कोख से क्रांति नहीं, बर्बादी और नफरत ही पैदा होती है। हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। ● शेष पेज 11 पर

# जनरथ बस की ट्रक से टक्कर, 24 घायल, नौ की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। मंगलवार की सुबह लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाराबंकी-अयोध्या सीमा के निकट एक भीषण सड़क हादसे में परिवहन विभाग की जनरथ बस एक ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में 24 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 9 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, और पुलिस व स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू किया।हादसे का विवरण घटना सुबह करीब 5 बजे पटरंगा थाना क्षेत्र में हुई। गोरखपुर से लखनऊ जा रही जनरथ बस, जिसमें 41 यात्री सवार थे, आगे चल रहे एक ट्रक से जा टकराई। बताया जाता है कि ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिसके कारण बस चालक नियंत्रण खो बैठा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक अजीत शुक्ला (हरदोई निवासी) बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।घायलों में विभिन्न राज्यों के यात्री



घायलों में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार, देवरिया, कुशीनगर और लखनऊ के निवासी शामिल हैं। इनमें दो एसएसबी जवान, भवानीचरण सिंह (छत्तीसगढ़) और अन्य, बिहार के चंपारण से सॉफ्टवेयर डेवलपर अरशद अनवर व समीर हसन, लखनऊ के अरविंद कुमार और महराजगंज के सफीक शफीक शामिल हैं। बस परिचालक श्रवण कुमार ने बताया कि ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा हुआ। देवरिया के सुमित सिंह ने कहा कि वह मोबाइल देख रहे थे, तभी टक्कर से उनकी सीट खिसक गई।घायलों की सूची घायलों में विनोद कुमार, सफीकुल रहमान, हामिद रजा, ममता, सूर्याश, अनिल यादव, पूर्णिमा, रिया, हरिओम, सोराब, भवानीचरण सिंह, दिलीप कुमार, हरिओम पांडे, रितेश कुमार, गणेश, सुमित सिंह, सुब्रान आलम, परमानंद तिवारी, अरविंद कुमार, भीम, सरवन कुमार, शाहबाज खान और रंजीत शुक्ला शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार, रजत, ममता, सूर्याश, पूर्णिमा, भवानीचरण सिंह, गणेश, सुब्रान आलम और अजीत शुक्ला को जिला अस्पताल रेफर किया गया।पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई हादसे की सूचना मिलते ही पटरंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।सुरक्षा पर सवाल यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात नियमों की अनदेखी और सुरक्षा मानकों की कमी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अचानक ब्रेक लगाने और तेज रफ्तार के कारण हादसे आम हैं। प्रशासन से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की जा रही है।घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़, बिजनौर के धार्मिक स्थलों के विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**सभी स्थलों पर विकास कार्यों के अंतर्गत सौंदर्यीकरण, छायादार शेड का निर्माण, पेयजल की सुविधा, बैठने की उचित व्यवस्था जैसे कुर्सियों की स्थापना की जाएगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से बदायूं जिले में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी। साथ ही, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बदायूं के प्रतिष्ठित कुरु खेड़ा सिद्ध बाबा मंदिर में सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास के लिये 57.31 लाख रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। वहीं, कौशांबी जिले के नीबी शाना गांव स्थित अश्वघोष बौद्ध विहार के पर्यटन उन्नयन के लिए 55.70 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। यह स्थल बौद्ध विरासत में अपना विशेष स्थान रखता है। यहां प्रतिवर्ष देश-विदेश से बौद्ध धर्मावलंबियों का आगमन होता है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार प्रतापगढ़ में ग्राम सभा कोठा में दहिन देवी धाम, संडवा चंद्रिका मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 57.40 लाख रुपए की परियोजना मंजूर की गई है। इसके अतिरिक्त, बिजनौर जनपद के नहटौर क्षेत्र के फतेहपुर गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 75.74 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि इन सभी स्थलों पर विकास कार्यों के अंतर्गत सौंदर्यीकरण, छायादार शेड का निर्माण, पेयजल की सुविधा, बैठने की उचित व्यवस्था जैसे कुर्सियों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, पर्यटक अनुकूल अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि ''उत्तर प्रदेश आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। हमारी सरकार इन स्थलों पर सुविधाएं विकसित कर पर्यटकों को एक बेहतर और स्वागत पूर्ण अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विकास कार्य हमारे सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण तथा उन्हें विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

लखनऊ। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानों को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानों को उपकृत करने की साजिश चल रही है।राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहा गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है।श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है इसके बाद दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा कि कौन इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार में लिप्त है।

## सातवीं में पढ़ने वाली छात्रा को पीएम मोदी का मिला पत्र, परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर

कानपुर। बीती 30 मई को चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनपद पहुंचे थे। इसी दौरान शहर के पनकी इलाके में रहने वाली सातवीं की छात्रा शिवन्या तिवारी ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी एक पेंटिंग भेंट करी थी। जिस पर प्रधानमंत्री ने पेंटिंग की सराहना करते हुए छात्रा को पत्र लिखने का वादा किया था। पीएम ने वादा पूरा करते हुए छात्रा को प्रशंसा पत्र भेज दिया और पत्र मिलते ही छात्रा व परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा।पनकी थाना क्षेत्र के गंगागंज इलाके में रहने वाले आशीष तिवारी की 12 वर्षीय बेटी शिवन्या तिवारी वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर में सातवीं कक्षा की छात्रा है। उसने बताया कि बचपन से उसे पढ़ाई के साथ-साथ पेंटिंग करना काफी पसंद है। इसी बीच जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों के ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया। जिससे वह काफी प्रभावित हुई और अपनी इस खुशी को जाहिर करने के लिए एक पेंटिंग के जरिए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को दर्शाया था।इसी बीच पीएम मोदी सीएसए स्थित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। छात्रा भी अपनी पेंटिंग पीएम को भेंट करने पहुंची। मंच से बोलते हुए पीएम की नजर छात्रा और उसकी पेंटिंग पर पड़ी। पीएम ने उसकी पेंटिंग मंगवाकर छात्रा की सराहना करी। साथ ही उसकी इस प्रतिभा का सम्मान करते हुए उसे पत्र भेजने का वायदा भी किया था। पीएम ने अपना वायदा पूरा करते हुए सोमवार देर शाम छात्रा को पत्र भेजा। जिसमे लिखा था कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अपने मन के भावों को आपने जिस तरह कैनवास पर उतारा है। उसे देखकर मैं अभिभूत हूं। अपनी कला के माध्यम से देश व समाज की प्रगति में योगदान देते हुए आप जीवन में सभी लक्षित सफलताएं प्राप्त करें। इस विश्वास के साथ आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ शुभकामनाएं।उधर छात्रा शिवन्या का कहना है कि जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर को कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने लीड किया है। उनसे वह काफी प्रभावित हुई है। इसलिए वह भविष्य में उन्हीं की तरह सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करना चाहती है।

## ट्रक की चपेट में आने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत

बिजनौर। तीव्र गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आकर मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया ।जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम करीब 5 बजे बच्ची के परिजन बच्ची को गोद में लेकर दरियापुर ब्लड बैंक के सामने से जा रहे थे तभी तीव्र गति से आ रहे ट्रक ने बच्ची के पिता के जोरदार टक्कर मार दी। बच्ची पिता की गोद से गिरकर ट्रक के नीचे आ गई जिससे मौके पर ही 5 वर्षीय मासूम बच्ची दिव्याशा की दर्दनाक मौत हो गई।बताया जा रहा है कि बच्ची के पिता सहदेव माता अर्चना देवी व मामा राहुल हरिद्वार से गंगा स्नान करके आते हुए नजीबाबाद उतर गए। दरियापुर ब्लडबैंक के समीप बच्ची को गोद में लेकर खड़े थे तथा सवारीपुर कोटला जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तभी तीव्र गति से आ रहे ट्रक ने बच्ची के पिता सहदेव के टक्कर मार दी।

## कमलापुर में हुआ दारुल क़ज़ा का गठन कराए जाएंगे सामूहिक विवाह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर। ग्राम पंचायत फत्तेपुर में मंगलवार को जमीयत उलेमा हिंद की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जमीयत के जिला सदर मौलाना उस्मान कासमी ने की। बैठक के दौरान तीन प्रस्ताव पास किए गए, जिसके तहत कमलापुर के मदरसा बहरुल उलूम में दारुल क़ज़ा का गठन किया गया। इस मौके पर मौलाना उस्मान कासमी ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को खत्म करना ज़रूरी है और ये किसी तहरीक और जमात के ज़रिए ही मुमकिन है। इस दौरान जमीयत ऑफिस सेक्रेटरी मौलाना मुहम्मद गुफरान कासमी की तरफ से जमीयत कमलापुर यूनिट के कार्यकर्ताओं को शील्ड और शाल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हौसला अफ़ज़ाई भी की गई। बैठक में तीन प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें पहला कमलापुर में दारुल क़ज़ा का गठन, दूसरा सामूहिक विवाह कराए जाने की घोषणा हुई, तीसरा समाज सुधार के लिए ज्यादा से ज्यादा बैठकों का आयोजन किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। इस अवसर पर मौलाना उस्मान कासमी, मौलाना गुफरान कासमी, मौलाना अतहर, मौलाना असलम, मौलाना मो. आरिफ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी।

विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887.88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

इसी प्रकार, प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। यहां दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों समेत रोड सेफ्टी के विभिन्न मानकों के अनुरूप कार्रवाई होगी। प्रदेश के सभी 1,435 ब्लैक स्पॉट्स को पहले ही चिह्नित करके वहां रोड सेफ्टी मेजर्स को लागू किया जा चुका है और ऐसे स्थानों को चिह्नित करके उन पर भी सुधार कार्य किया जा रहा है जो जोखिम संभावित क्षेत्र में परिवर्तित हो सकते हैं।

# बाजना में बिना लाइसेंस की दुकान से पांच बोरा दवाएं जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र में बिना लाइसेंस के चल रही मेडिकल की दुकान से हजारों रुपये की दवाएं नौहझील पुलिस और औषधि विभाग ने जब्त की है।मंगलवार दोपहर नौहझील थाना क्षेत्र के कस्बा बाजना में मथुरा के ड्रग इंस्पेक्टर प्रेम पाठक व ड्रग इंस्पेक्टर आगरा कपिल शर्मा के निर्देश पर औषधि विभाग ने छापेमार अभियान चलाया। जिसमें गुलवीर सिंह पुत्र चंद्रपाल निवासी अवाखेड़ा थाना नौहझील के मेडिकल स्टोर को बिना लाइसेंस संचालित करते पाया गया।वहीं औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने बताया कि दुकान से हजारों रुपये की दवाएं जब्त की गई है और टीम ने दो नमूने जांच के लिए भी लिए हैं। वहीं इस छापेमारी में आगरा के औषधि निरीक्षक कपिल शर्मा व मथुरा के औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक और नौहझील थाने के पुलिसकर्मी शामिल थे।औषधि विभाग मथुरा के इंस्पेक्टर प्रेम पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेडिकल कूटरचित तरीके से संचालित था, जिसकी शिकायत हमें लगातार मिल रही थी। जिस पर आज औषधि टीम और इलाका पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। बताया कि अवैध मेडिकल स्टोरों के खिलाफ औषधि विभाग की तरफ से ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।थानाध्यक्ष सोनू ने बताया थाना नौहझील पुलिस टीम व खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मुखबिर की सूचना पर कस्बा बाजना में संचालित मेडिकल प्रतिष्ठान बल्देव मैडिकोज के संचालक द्वारा कूटरचित तरीके से लाइसेंस बनवाकर व बिना लाइसेंस प्राप्त किये एलोपैथिक औषधियो का क्रय-विक्रय करना तथा एलोपैथिक औषधियों में भंडारण से मौके से 05 बोरा अवैध औषधियां व डीवीआर बरामद किया गया।



## रिश्वत मांगने वाला दरोगा गया जेल, एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ किया था गिरफ्तार



कानपुर, । जालसाजी के मामले में आरोपित का केस से नाम निकालने के एवज में बीस हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले दरोगा अभिनव चौधरी को मंगलवार एंटी करप्शन यूनिट ने जेल भेज दिया है। एंटी करप्शन यूनिट द्वारा अब मामले की गहनता से विवेचना की जाएगी।जनपद की एंटी करप्शन यूनिट ने नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा अभिनव चौधरी को घूस लेते हुए रंगे हाथ सोमवार को गिरफ्तार किया था। दरोगा पर आरोप था कि उसने जालसाजी के एक मामले में आरोपित का नाम निकलवाने के एवज में बीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।बीते 14 जनवरी को नौबस्ता थाने में होजरी कारोबारी देवनगर निवासी त्रिपुरेश मिश्रा ने बिंदकी के रहने वाले प्रत्यूष कुमार सहित चार लोगों पर रंगदारी, जालसाजी मांगने समेत और धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में आरोपित प्रत्यूष कुमार ने विवेचक अभिनव चौधरी से नाम हटाने की बात की थी। जिसे लेकर दरोगा ने बीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसके बाद प्रत्यूष ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत कर दी। जिस पर टीम ने जाल बिछाकर सोमवार को दरोगा अभिनव चौधरी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को बताया कि दरोगा अभिनव चौधरी रंगे हाथों घूस लेते हुए पकड़े गए हैं। जिसके चलते उन पर एंटी करप्शन की ओर से कार्रवाई की गई है। उनके इस रवैये के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित भी कर दिया गया है। साथ ही यह उन सभी लोगों के लिए संदेश भी है। जो अपना काम ईमानदारी से नहीं करते हैं।

# श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निःशुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है इससे न केवल चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि श्रमिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे। निदेशालय में एक अप्रैल से ई-ऑफिस गो-लाइव हो चुका है, जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाएगा। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ईएसआई चिकित्साधिकारियों के कैडर रिव्यू की प्रक्रिया भी प्रान्तीय चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की भांति ही शुरू कर दी गई है। नए अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, और डिजिटल सुधारों के माध्यम से उत्तर प्रदेश श्रमिक कल्याण और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। ये प्रयास न केवल श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करेंगे, बल्कि राज्य को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर करेंगे।

इन सुधारों के साथ-साथ, योगी सरकार ने कारखाना अधिनियम के तहत भी उल्लेखनीय प्रगति की है। पंजीकृत कारखानों की संख्या 27,453 तक पहुंच गई है, जो पिछले नौ वर्षों में लगभग शत प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। डिजिटल सुधारों, जैसे ऑनलाइन पंजीकरण, ऑटो-मोड नवीनीकरण और रीयल-टाइम निरीक्षण मॉनिटरिंग ने उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। श्रम विभाग ने दर्पण डैशबोर्ड पर ए+ श्रेणी में चतुर्थ स्थान और ई-ऑफिस में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, साथ ही बीरैप रैंकिंग में 'टॉप अचीवर्स' श्रेणी में जगह बनाई है।

## एटीएम फ्राड के आरोपितों की याचिका खारिजएफआईआर की वैधता को दी थी चुनौती

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एटीएम फ्राड के आरोपित नसरुद्दीन व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर की वैधता की चुनौती याचिका खारिज कर दी है।याचियों पर एटीएम कार्ड का दुरुपयोग करके रुपए निकालने का आरोप है। आरोपितों ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग में याचिका दायर की थी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की खंडपीठ ने दिया है।शिकायतकर्ता 18 दिसम्बर 2024 को एटीएम बूथ से नकदी निकालने गया था, लेकिन मशीन खराब हो गई। आरोप है कि एटीएम बूथ में तीन लोग मौजूद थे। जब शिकायतकर्ता मशीन से जूझ रहा था, तो उनमें से एक ने उसको बातों में उलझा लिया। जबकि दूसरे ने एटीएम कोड देख लिया और उसके एटीएम कार्ड को दूसरे कार्ड से बदल दिया। बाद में शिकायतकर्ता को अपने मोबाइल फोन पर पैसे निकालने के लगातार मैसेज प्राप्त हुए। तब उसे ठगी की जानकारी हुई और उसने एफआईआर दर्ज कराया।कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका पर अपने अंतर्निहित अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए वह इस प्रकार के आरोपों की जांच नहीं कर सकती, क्योंकि इनके लिए निश्चित रूप से गहन जांच की आवश्यकता है।


**उत्तर रेलवे**

दिनांक : 09.06.2025

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-PFM-MX-157-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.06.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.06.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1711/2025

# लड़कियों की घटती संख्या चिंता का विषय : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित नवोन्मेष-2025 एआईडिया चैलेंज कार्यक्रम के समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने लड़कियों की घटती संख्या चिंता जताई है।

उन्होंने अपने भ्रमणों का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेक जिलों में उन्होंने लिंगानुपात (जेंडर रेशियो) की गंभीर समस्या देखी है, जहां लड़कियों की संख्या चिंताजनक रूप से घट रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस सामाजिक समस्या पर गंभीरतापूर्वक चिंतन करें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इसके समाधान के नवाचार विकसित करें। इस दिशा में विद्यार्थी डाटा संग्रह कर सकते हैं, जैसे कि कितनी महिलाओं ने गर्भधारण किया और कितने बच्चों का जन्म हुआ, ताकि लिंगानुपात में हो रहे अंतर को समझा जा सके और इस पर सटीक रणनीति तैयार की जा सके। विश्वविद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम 24 घंटे चले हैकथॉन ग्रैंड फिनाले का हिस्सा था, जिसमें प्रतिभागियों ने एआई के माध्यम से नवाचार पर आधारित तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने-अपने नवोन्मेषी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिनमें से कई परियोजनाएं अत्यंत रोचक, रचनात्मक एवं व्यावहारिक थीं। राज्यपाल ने नवोन्मेष प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया और प्रतिभागियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि केवल विजेता ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी सम्मान और बधाई के पात्र हैं, क्योंकि उन्होंने समाज के ज्वलंत मुद्दों पर अपने आइडिया और समाधान प्रस्तुत किए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड मेकर्स लैब, एआईसीटीई-एकेटीयू आईडिया लैब तथा दो छात्रावासों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने छात्रावासों के किचन, डाइनिंग एरिया, कमरों, वेंटिलेशन व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश ने शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड मेकर्स लैब जैसी आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना से विद्यार्थियों को अपने विचारों को वास्तविक रूप देने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग नरेंद्र भूषण ने कहा कि यह आयोजन देश और प्रदेश को नवाचार की दिशा में आगे ले जाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने कहा कि कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन की तैयारियां गहनता से कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार विश्वविद्यालय को नैक के प्रमुख मानकों में श्रेष्ठतम रैंक प्राप्त होगी।

## ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर खूब सजे भंडारे के पंडाल



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार प्रभु की महिमा का गुणगान करना ही प्रभू कि पूजा करने के समान होता है कोई मंदिर मंदिर जा कर ईश्वर की आराधना करता है तो कोई लोगों की भूख प्यास मिटा कर प्रभू के दरबार मे अपनी अर्ज़ी लगाता है ऐसी मान्यता है कि इस पावन अवसर पर यदि भक्त सच्चे मन और श्रद्धा से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करें, तो उनके जीवन से दुख बाधाएं और संकट हट जाता है ऐसे ही एक हनुमान भक्त ने ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया और राम भक्त हनुमान के आगे अपनी अर्ज़ी लगाई।दुबग्गा स्थित शान्ति नगर मे समाज सेवी विनोद उमेश राजा राहुल लोधी ने हनुमान भक्तो के लिए पूरी सब्ज़ी छोले चावल और बूंदी का आयोजन किया ये भंडारा सुबह से शाम तक जारी रहा जिसमे काफी संख्या मे हनुमान भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह प्रचंड गर्मी के साथ हनुमान भक्ति का शीतल रस ले कर भी आता है जहाँ भक्त पर मौसम की मार का कोई असर नही दिखता जगह जगह हनुमान की महिमा का गुणगान और शीतल जल के साथ अन्य पकवान उन्हें ज्येष्ठ माह की ज्येष्टता बताने आ ही जाते हैं ऐसी है हनुमान कृपा जिसका सबको इंतज़ार रहता है।

## आबकारी विभाग की फुटकर दुकानों की ई-लॉटरी का चौथा चरण सम्पन्न, 152 दुकानों का हुआ व्यवस्थापन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग द्वारा देशी मदिरा की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु चौथे चरण की ई-लॉटरी मंगलवार को प्रदेश के 20 जिलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। यह प्रक्रिया एनआईसी की राज्य एवं जिला स्तरीय इकाइयों के विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन में संपादित हुई। चौथे चरण की ई-लॉटरी के अंतर्गत देशी मदिरा की कुल 152 दुकानों का सफलतापूर्वक व्यवस्थापन किया गया। इन दुकानों से राज्य सरकार को लगभग 6.50 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस प्राप्त होगी। साथ ही लगभग 20.28 लाख बल्क लीटर देशी मदिरा का कोटा भी व्यवस्थित हुआ है। इस चरण में कुल 152 दुकानों के लिए कुल 16201 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग 65.16 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।

## लखनऊ के दशहरी आम की बढ़ी मांग, उत्तर प्रदेश के बाहर से भी मिल रहे आर्डर : उपेंद्र कुमार सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवध आम उत्पादक बागवानी समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारों से बताया कि उत्तर प्रदेश के बाहर से लखनऊ की दशहरी आम के आर्डर आ रहे हैं। आर्डर देने वाले व्यापारी अपना रेट तीन से चार सौ रूपये प्रति दस किलो की पेटी मांग रहे है। वहीं लखनऊ के आम उत्पादक छह सौ से आठ सौ रूपये तक पेटी देने की स्थिति में है। उपेंद्र कुमार सिंह ने लखनऊ वाली दशहरी की पहचान को लेकर आगे बताया कि दशहरी आम को जीआई टैग 125 का सर्टिफिकेट मिला हुआ है। दशहरी आम को लेकर किसी व्यापारी को कोई दुविधा नहीं रह सकती। वे टैग देखकर दशहरी खरीद सकते हैं। बाजार में कोई बिना इस टैग के दशहरी बेचता है तो उसे दोगली नस्ल या दूसरी नस्ल का आम माना जाये। लखनऊ के माल एवं मलिहाबाद से जुड़े हुए आम की समितियों के बारे में उन्होंने बताया कि दशहरी आम का ?एक समय के बाद ऐसी मांग रहती है, उसकी पूर्ति तो कोई आम समिति नहीं कर पाती है। अंत में अवध आम उत्पादक बागवानी समिति से जुड़े बगीचों के मालिक एवं उत्पादक ही आपूर्ति कर पाते हैं। जून माह के अंत आते आते आम के दाम गिरते भी हैं। तभी आम खाने वाले और बेचने वाले दोनों फायदे में रहते है। वर्तमान दाम के बारें में उन्होंने बताया कि इस वक्त बाजार में दशहरी आम सत्तर रूपये से नब्बे रूपये किलो तक के रेट से जा रहे हैं। कुछ बगीचों से सीधे बाजार में भेजे जा रहे आम भी पचास रूपये किलो के रेट से कम नहीं है। ये आम पूरी तरह से पके नहीं है और साइज में छोटे होते हैं। जिसे चूस कर ही खाया जा सकता है।

# विभिन्न क्षेत्रों एवं भाजपा मंडल कार्यालय पर भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । जेष्ठ के आखिरी मंगलवार को निगोहां क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों व कस्बे के हाइवे पर स्थित भाजपा मंडल कार्यालय पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई भाजपा निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह द्वारा की गई। जयेष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के पावन अवसर पर आयोजित इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसी क्रम में क्षेत्र के भैरमपुर स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर सुंदरकांड के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य आयोजक सोमनाथ भारद्वाज रहे। भंडारे की शुरुआत पूजन-अर्चन के साथ की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं निगोहा मंडल कार्यालय पर चल रहे कार्यक्रम में क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे,?वही जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज निगोहा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।अवसर पर मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह जनसेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। वहीं भैरमपुर की पुलिया पर भी भंडारे का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ।

# प्रेस क्लब के बड़े मंगल भंडारे में पहुंचे उपमुख्यमंत्री, बांटा प्रसाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में यूपी प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार शिवशरण सिंह की ओर से आयोजित ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर आयोजित भंडारा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भगवान हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भंडारे में आये श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को कार्यक्रम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी सभी परेशानी को दूर करने वाले हैं।

उनकी कृपा से लखनऊवासियों की परेशानी कम हो जाए, ऐसी वह कामना करते हैं। मंगलवार को प्रसाद की प्राप्ति होती है। यूपी प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों के ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को भंडारे के आयोजन में आकर बेहद प्रसन्नता हो रही है। हनुमान सभी को बल, बु?द्धि दें। भंडार में उपमुख्यमंत्री के साथ भाजपा नेता नीरज सिंह भी मौजूद रहें।

## अनंत नगर योजना की लॉटरी में खिले आवेदकों के चेहरे




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए की अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना के तहत भूखण्डों की लॉटरी का आयोजन मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में शुरू हुआ। पहले दिन सामान्य श्रेणी के लिए 112.5 वर्गमीटर के 43 भूखण्डों की लॉटरी निकाली गई, जिसमें पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों के हाथों से पर्चियां निकलवाकर विजेताओं का चयन किया गया। लॉटरी का लाइव प्रसारण एलडीए के यू-ट्यूब चैनल पर किया गया, जिसने प्रक्रिया की विश्वसनीयता को और बढ़ाया। लॉटरी के दौरान जैसे ही आवेदकों के नाम की पर्चियां खुलीं, हॉल में खुशी का माहौल छा गया। गोरखपुर की विनोद राय ने भावुक होकर कहा, ''एलडीए की पारदर्शी प्रक्रिया ने मेरा भरोसा जीत लिया।'' वहीं, पहली बार आवेदन करने वाले बालकृष्ण सिंह ने अपनी जीत पर खुशी जताते हुए प्राधिकरण की प्रक्रिया की सराहना की। पहले आवंटी शशिकांत भटनागर बने, जिन्हें दिव्यांग श्रेणी में भूखण्ड आवंटित हुआ।एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अनंत नगर योजना 785 एकड़ में विकसित की जा रही एक आधुनिक टाउनशिप है, जिसमें डेढ़ लाख लोगों के लिए आवास की व्यवस्था होगी। योजना में चौड़ी सड़कें, भूमिगत विद्युत केबल, 100 एकड़ में एडुटेक सिटी और 130 एकड़ में पार्क व ग्रीन स्पेस विकसित किए जाएंगे, जो इसे पर्यावरण-अनुकूल बनाएंगे।अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने जानकारी दी कि प्रथम चरण में 334 भूखण्डों के लिए 13,031 आवेदकों ने पंजीकरण कराया था। पहले दिन दिव्यांग और सीनियर सिटिजन श्रेणी के बाद सामान्य श्रेणी के 37 भूखण्डों की लॉटरी 3,783 आवेदकों के बीच हुई। लॉटरी प्रक्रिया चार दिन तक चलेगी। 11 जून को आरक्षित वर्ग के लिए 112.5 वर्गमीटर के 78 भूखण्डों की लॉटरी होगी, जबकि 12 और 13 जून को क्रमशः 162, 200, 288 और 450 वर्गमीटर के भूखण्डों का ड्रा होगा।एलडीए की इस पारदर्शी और व्यवस्थित पहल ने आवेदकों में उत्साह भर दिया है, और अनंत नगर योजना लखनऊ के लिए एक नई मिसाल बनने की ओर अग्रसर है।

# केजीएमयू के ऑर्थोपेडिक सर्जरी विभाग व रामेश्वर मंदिर में भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केजीएमयू में ऑर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे का उद्घाटन कुलपति सोनिया नित्यानंद द्वारा किया गया।भंडारे का संयोजक पवन कुमार गर्ग द्वारा किया गया। वहीं दूसरी जगह केजीएमयू गेट 2 पर रामेश्वर मंदिर मेडिकल कॉलेज चौराहा महावीर भगत पुजारी ने हर मंगलवार की बात इस बार भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कियाद्य इस पूरे भंडारे का संयोजक महावीर भगत के द्वारा किया गया जिसमें पूर्व पार्षद गुड़िया कनौजिया, बंटी कनौजिया, दीपक कनौजिया, शुभम कनौजिया,रितिक कनौजिया, काजल कनौजिया, नैना कनौजिया, दीपक कनौजिया, मनीष कनौजिया ,राजन कनौजिया , सहित कई लोगों ने भंडारे में भाग लिया ।

# अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई, 4 कॉलोनियां ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए मंगलवार को मोहनलालगंज और काकोरी क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 और जोन-3 की टीमों ने यह कार्रवाई की है जिसमें अवैध रूप से विकसित सड़कें, नालियां, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को नेस्तनाबूद कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि मोहनलालगंज के रायबरेली रोड पर कल्ली पूरब में सचिन सिंह व अन्य द्वारा करीब 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी क्षेत्र में अर्जुन यादव, प्रदीप यादव व अन्य द्वारा भी 10 बीघा में अनधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा, पुरसैनी के हरिकंशगढ़ी में गंगा सागर यादव, गुड्डू यादव, इरशाद अंसारी व अन्य द्वारा 5 बीघा में अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा था। इन सभी कॉलोनियों को बिना ले-आउट स्वीकृति के विकसित किया जा रहा था, जिन्हें प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया।इसके अलावा काकोरी क्षेत्र में भी एलडीए के बुलडोजर की गूंज सुनाई दी। यहाँ प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि काकोरी के मोहान रोड पर सरोसा भरोसा में मेसर्स गंगा इंटरप्राइजेज के शोभित राठौर, अनिल कुमार व अन्य द्वारा 3 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इस कॉलोनी को भी बिना अनुमति के विकसित किया जा रहा था, जिसे प्रवर्तन टीम ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

# लाखों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

❒ नगराम थाना परिसर के भंडारे में एसीपी रजनीश वर्मा ने पहुंचकर प्रसाद वितरण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । जेष्ठ के आखिरी मंगलवार को नगराम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जयेष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के पावन अवसर पर आयोजित किए गए , नगराम थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक चौधरी के अगुआई में विशालकाय भंडारे का शुभारंभ सुंदर काण्ड के बाद शुरू हुआ, जिसमें एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा साथ में थाना प्रभारी निगोहा अनुज तिवारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वही जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज नगराम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में समेसी स्थित बजरंग ढाबा पर भंडारा हुआ जिसके आयोजक अशोक मिश्रा, मनीष कुमार व आशीष कुमार रहे जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया , क्षेत्र के करोरा स्थित हनुमान मंदिर पर गिरीश त्रिवेदी की अगुवाई में भंडारे का आयोजन हुआ, इस मौके पर नीरज त्रिवेदी, दीपक तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गोसाईगंज क्षेत्र के पकरा नगराम रोड स्थित मां वैष्णो देवी विद्या मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन प्रबंधक राजेश द्विवेदी व मयंक द्विवेदी, सदाशिव द्विवेदी ने आयोजित किया इस मौके पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, भारद्वाज गौरव, मोहित शर्मा समेत बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुदृढ़ीकरण की व्यापक कार्ययोजना तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### अपशिष्ट पदार्थों और मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के लिए स्थापित होगी विशेष सेल

### एआई बेस्ड पोर्टल से होगी यूपीपीसीबी की कार्यप्रणाली सरल और पारदर्शी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण को सशक्त बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना तैयार की गई है। यह प्रस्ताव शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए प्रक्रियाधीन है, इसके लागू होने से राज्य में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है। साथ ही यूपीपीसीबी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा यूपीपीसीबी की कार्य प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। इस योजना के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जो प्रदेश में पर्यावरण प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र में हो रहे तीव्र विकास के चलते बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण प्रदूषण में भी वृद्धि हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके तहत प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट (एसटीपी और सीईटीपी), खतरनाक अपशिष्ट, ई-वेस्ट, और बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए अलग-अलग विशेष सेल का गठन प्रस्तावित है। इन सेलों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा। पर्यावरणीय अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए यूपीपीसीबी एक समर्पित सेल की स्थापना करेगी, जो प्रदूषण नियंत्रण की नवीन तकनीकों और समाधानों पर कार्य करेगी। साथ ही, पर्यावरणीय जन-जागरूकता और प्रकाशन के लिए भी एक नया सेल गठित होगा, जो जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही यूपीपीसीबी के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में संशोधन का प्रस्ताव भी शामिल है। वर्ष 2008 में निर्धारित शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जो पूंजीगत निवेश और प्रदूषण स्तर के आधार पर निर्धारित होगा। वर्तमान में प्रचलित 12 श्रेणियों के स्थान पर अब केवल 7 श्रेणियों में शुल्क वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्य प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक आधुनिक पोर्टल विकसित करने का भी प्रस्ताव है। जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का समावेश होगा। इस पोर्टल के जरिए औद्योगिक इकाईयां स्वयं अपनी अनुपालन आख्या अपलोड कर सकेंगी। इसके अलावा, सहमति नवीनीकरण और अनुपालन आख्या समय पर जमा करने के लिए उद्योगों को ई-एलर्ट भेजे जाएंगे। निरीक्षण के बाद आख्या को तत्काल अपलोड करने और एआई के माध्यम से स्वयं अनुपालन आख्या की जांच करने की सुविधा भी इस पोर्टल में शामिल होगी। यह योजना उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शासन से अनुमोदन के बाद इसके कार्यान्वयन से न केवल पर्यावरणीय प्रबंधन में सुधार होगा, बल्कि औद्योगिक अनुपालन और जन-जागरूकता में भी उल्लेखनीय प्रगति होगी।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास खण्डों में संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों के माध्यम से ऐसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जायें, जिससे क्षेत्र की आधारभूत संरचना का सतत विकास हो तथा आमजनमानस अधिक से अधिक लाभान्वित हो। 15वें वित्त आयोग हेतु समय से कार्ययोजना बनाते हुये लम्बित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि टाइड एवं अनटाइड ग्रांट की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत समय से आवास पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित हाईटेक लाइब्रेरी में मानकों के अनुसार पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

गौआश्रय स्थलों में सी0सी0टी0वी0 संचालित कराते हुये इसे जनपद स्तर पर विकास भवन में संचालित कन्ट्रोल रूम से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जारी होने वाले जन्म प्रमाण-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र समय से जारी कराये जायें। गत 05 माह में कोई भी मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी न करने वाले पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म, मृत्यु का विवरण दर्ज करने हेतु पंजिका बनायी जाये तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रत्येक सप्ताह एवं खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक 15 दिवस में इसका अवलोकन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समुचित हाईमास्क सोलर लाइट स्थापित करायी जायें। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प संबंधी शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में जल जीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु पानी का संयोजन कराया जाये। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक-15.06.2025 से 21.06.2025 के मध्य सभी ग्राम पंचायतों, विकास खण्ड कार्यालयों, अमृत सरोवरों आदि में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार व्यापक योगाभ्यास आयोजित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि इस दौरान *एक पेड़ माँ के नाम* की थीम पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी कराया जाये। सभी कार्यक्रमों की फोटो निर्धारित पोर्टल पर भी अपलोड करायी जाये। *सरायन नदी पुनरूद्धार कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा*

सरायन नदी पुनरूद्धार कार्यों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अनारम्भ कार्यों को तत्काल शुरू कराया जाये तथा सभी चिन्हित तालाबों का कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि ड्रेन खुदाई का कार्य निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पूर्व से संचालित तालाबों का इनलेट कनेक्शन ठीक कराये जाने के निर्देश भी दिये। नदी के आस-पास लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने नदी के ड्रोन सर्वे एवं रिमोट सेंसिंग सर्वे हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी पूर्ण मनोयोग से नदी के पुनरूद्धार हेतु कार्य करें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़े मंगलवार पर सिविल जज बिसवा कुँवर दिव्य दर्शी ने आयोजित किया विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवा, सीतापुर। ज्येष्ठ माह के पांचवे बड़े मगलवार को तहसील परिसर बिसवा में सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्य दर्शी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवा कुँवर दिव्य दर्शी ने पवन सुत श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना करके किया !विशाल भंडारे में सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों अहल्मद फ़ौजदारी अमरेंद्र श्रीवास्तव,अमीन कमिश्नर नीलेन्द्र अग्निहोत्री, पेशकार अमरीश कुमार,मुंसरिम सौरभ सिंह, स्टेनों दुर्गा शंकर,प्रति लिपिक श्रीमती विजय लक्ष्मी के साथ सभी को प्रसाद वितरित किया ! इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र नाथ सिंह,बिसवा बार एसोशिएशन अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, बि ला ए अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेयी,सचिव सत्य प्रकाश सिंह शीलू,राजेश सिंह,अशोक वर्मा,राज किशोर यादव,पुत्ती लाल वर्मा,संतोष कठेरिया,रजनीश मिश्रा,आनंद मेहरोत्रा,इंतिखाब आलम सिद्दीकी,प्रमोद श्रीवास्तव,प्रमोद यादव,अरुण श्रीवास्तव,शिशु पाल यादव, जितेंद्र मिश्रा,नावेद सिद्दीकी सहित बिसवा बार एसोसिएशन एवम बिसवा लायर्स एसोसिएशन दोनों बार एसोसिएशन के काफी संख्या में अधिवक्ता,न्यायिक व राजस्व कर्मचारी, वादकारी और आमजन उपस्थित रहे।सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में श्रद्धा,समर्पण और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।

# शिव मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा

**मंगलवार को एक दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददात



खैराबाद, सीतापुर। मोहल्ला नई बस्ती पनवड़ीया स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को एक दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह व भक्ति के साथ भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका ईओ॰प्रेम शंकर गुप्ता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता और सभासद उमेश जायसवाल द्वारा विधिवत पूजा-पाठ व मंत्रोच्चारण के साथ की गई। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगर में सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।इस पावन अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्रीरामचरितमानस का पाठ करते हुए भक्तिभाव में डूबकर प्रभु श्रीराम व बजरंग बली हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग अर्पित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन उमड़े। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन परोसा गया, जिसमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम की सफलता में आयोजकों की मेहनत एवं नगरवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका रही।जिन में प्रमुख रूप से विशाल जायसवाल ,अजय शुक्ल,राजेश आदि श्रद्धालु एवं नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## बड़े मंगल पर कलेक्ट्रेट में भंडारा, डीएम अभिषेक आनंद ने पूजन कर किया शुभारंभ

सीतापुर । नगर में आस्था और भक्ति का प्रतीक 'बड़ा मंगल' पर्व, आज कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।भंडारे का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा विधिवत हनुमानजी की पूजा-अर्चना व आरती कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा, ब़बड़ा मंगल हमारे समाज में सामूहिक आस्था, परंपरा और सेवा भावना का उत्सव है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है।ङ्ककार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, आलोक मिश्रा, राम अवध वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी, जनसामान्य एवं भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नोटिसों की बौछार के बावजूद नहीं थम रहा मनरेगा में फर्जीवाड़ा

**मानपुर सिकरी-जालिमपुर-बरछता बनीं भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला**

**बरछता की 'पोतनी' व खंभा ताल' ने भ्रष्टाचार की ताल ठोक मनरेगा फर्जीवाड़े का गाड़ दिया खंभा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सकरन, सीतापुर।** गांव-गांव में रोजगार देने की मंशा से शुरू की गई मनरेगा योजना, अब सीतापुर के विकास खंड सकरन में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत मानपुर सिकरी, जालिमपुर और बरछता में इस योजना का नाम लेकर हो रही सरकारी धन की खुली लूट, शासन-प्रशासन की मंशा और व्यवस्था दोनों पर करारा तमाचा है। पोर्टल पर दर्ज सैकड़ों मजदूरों की उपस्थिति के विपरीत कार्यस्थलों पर न मजदूर हैं, न काम। एनएमएमएस ऐप पर दिखाई देने वाले 4-6 मजदूरों से पूरी मजदूरी फाइल भर दी जाती है। बरछता पंचायत की 'पोतनी' व 'खंभा ताल' जैसी योजनाएं इसका जीवंत उदाहरण हैं, जहां कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का खंभा गाड़ दिया गया है।सबसे गंभीर सवाल उठता है तकनीकी सहायक की भूमिका पर। न तो स्थलीय निरीक्षण की पारदर्शिता है, न ही कार्य प्रगति का कोई साक्ष्य। ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों के साथ तकनीकी सहायक की संभावित मिलीभगत से फर्जी मास्टर रोल तैयार कर लाखों की अवैध निकासी की जा रही है। सूत्रों की मानें तो जिन पंचायतों को पहले ही विभागीय नोटिस जारी किए गए थे, वहां पुनः वही धांधली उजागर हो रही है।स्थानीय प्रशासन और खंड विकास अधिकारी की रहस्यमयी चुप्पी इस फर्जीवाड़े को मौन सहमति का संकेत दे रही है।पात्र मजदूर आज भी दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें न तो मजदूरी मिल रही, न ही काम।

### जनता पूछ रही सवाल

क्या मनरेगा अब महज कागजों का खेल बनकर रह गया है? , जब बार-बार जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो जांचों का औचित्य क्या है?, तकनीकी सहायक की जवाबदेही तय क्यों नहीं हो रही?, जब जांचें मौन हो जाएं और अफसर बेपरवाह, तो समझिए जनकल्याण का दम घुट रहा है।

# मनोना धाम दर्शन से लौटती बस हादसे का शिकार धौरहरा की महिला की मौत, दर्जनों घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**धौरहरा, खीरी।** बरेली जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल मनोना धाम से हनुमान सुप्रसिद्ध बाला जी के दर्शन कर लौट रही एक बस मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। शाहजहांपुर रोड स्थित गोकन बरैचा के पास बस ड्राइवर को झपकी लगने से वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया।बस में सवार लगभग 60 श्रद्धालु लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा-अमेठी व सुजई कुंडा क्षेत्र के निवासी थे। दुर्घटना में कस्बा धौरहरा की निवासी कंचन लता तिवारी (पत्नी अशोक तिवारी) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। मृतका की 16 वर्षीय पुत्री डाली का हाथ टूट गया है, जिसे गंभीर हालत में लखीमपुर अस्पताल रेफर किया गया है।मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की। हादसे में अमेठी ग्राम क्षेत्र के कई लोग भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।परिवार की व्यथा और हादसे की मार और भी ज्यादा भावुक कर देने वाली है, क्योंकि मृतक मायके धौरहरा सर्वोदय नगर मैं ही अपना मकान बनाकर रह रही थीं करीब 12 वर्ष पूर्व ही कंचन लता के असमय पति की मृत्यु हो चुकी थी। इस हृदयविदारक घटना ने अब चार बच्चों से उनकी मां का साया भी छीन लिया। परिजन और मायके पक्ष में मातम का माहौल छाया हुआ हैश्रद्धालु रविवार को दर्शन के लिए बस से मनोना धाम रवाना हुए थे और मंगलवार सुबह लौटते समय यह हादसा हो गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार हेतु शाहजहांपुर और फिर लखीमपुर भेजा गया।

# धौरहरा में अंतिम जेष्ठ मंगलवार पर आयोजित हुआ भव्य भंडारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी। जेष्ठ माह के पांचवे और अंतिम मंगलवार को धौरहरा कस्बे में भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इस विशेष अवसर पर कस्बे में कई स्थलों पर भंडारों और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें सरकारी कार्यालयों, बैंक शाखाओं और आमजन का उत्साह देखते ही बनता था।सबसे पहले धौरहरा कोतवाली में हनुमान दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को भोग अर्पित किया। इसके बाद महाभंडारे की शुरुआत हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में भी भव्य आयोजन हुआ। शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों ने हनुमान जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर प्रसाद वितरण किया, जो दिनभर चलता रहा।बगल के किसान बाजार और अस्थायी रोडवेज बस अड्डे पर आए यात्रियों ने भी भंडारे में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। वहीं, धौरहरा-निघासन वाया सिसैया हाईवे पर कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे आयोजित किए गए, जहां भक्तों ने कतारबद्ध होकर तपती दुपहरी में प्रसाद पाकर पेट की भूख और आत्मा की तृप्ति दोनों का अनुभव किया।

## रिखौना पीएचसी में अनियमितताओं की भरमार

**सीतापुर।** विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिखौना में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। त्रिस्तरीय समित की सदस्या के साथ तकरीबन दो दर्जन ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायती पत्र सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं के समाधान किराये जाने की गुहार लगाई है। गौरतलब है विकास क्षेत्र परसेंडी की ग्राम पंचायत रिखौना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो सीतापुर मुख्यालय से लगभग 20 किमी की दूरी पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग सैकड़ों गांव निर्भर है जो वर्तमान समय मे अपेक्षित है क्योंकि करोड़ों की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन रख रखाव के कारण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान समय में गंदगी, अस्पताल परिसर में जंगल झाड़ी, रात्रिकालीन में आपातकालीन सुविधाओं हेतु कर्मचारियों का न होना, अस्पताल में समुचित दवाओं का न होना आदि समस्याओं से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ रहा है इस सम्बंध में रिखौना ग्राम पंचायत की त्रिस्तरीय समित की सदस्या बिट्टो देवी के साथ अनीता देवी, दयाशंकर, छोटे, नंदनी, बहादुर, सत्यम अवस्थी, संतोष, मनोज कुमार, राम सागर, मो0 अय्यूब, आमिर, संतोष आदि के साथ लगभग 2 दर्जन ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायती पत्र को सौंपते हुए जन कल्याण हेतु समस्याओं के समाधान किये जाने की गुहार लगाई है।

## डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत, परिजनों ने लगाया आरोप



लखीमपुर खीरी। शहर के डॉक्टर राधेश गुप्ता के अस्पताल में इलाज के दौरान सुमित मिश्रा नामक युवक की मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में घायल सुमित का ऑपरेशन कर रॉड डाली गई थी, जिसके बाद हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से सुमित के पैर में इंफ़ेक्शन फैल गया और शरीर पर छाले पड़ गए। इलाज के नाम पर करीब दो लाख रुपये लिए गए। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की है।

## फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, वारंटी चन्द्रशेखर को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम टापरपुरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 9230/16 धारा 26/63 क्कइएद्व थाना गोला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम टापरपुरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 श्री पवन प्रताप सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी । का0 बलवीर सिंह, थाना फूलबेहड जनपद खीरी ।

## सीतापुर में ज्येष्ठ के पाँचवे बड़े मंगलवार को भंडारों की धूम

सीतापुर। पहला क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के पाँचवे बड़े मंगलवार को श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न चौराहों और स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। कहीं पूड़ी-सब्ज़ी, कहीं छोले-चावल, तो कहीं लड्डू और ठंडा शरबत श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।बेहमा चौकी चौराहे पर सिंह रेडीमेड द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से विकास सिंह, प्रशांत सिंह, प्रतीक सिंह, मोहित गुप्ता, रितेश सोनी, पंकज सोनी, अंकित सिंह और शिव कुमार सिंह उपस्थित रहे।राजुआपुर मोड़ पर अक्षय सिंह भार्गव द्वारा पूड़ी-सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया। यहां प्रसाद वितरण के दौरान महमूदाबाद विधायक श्रीमती आशा मौर्या, मोहन प्रसाद बारी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, अरविंद कुमार, उमाशंकर, अमरीश वर्मा, दिग्विजय यादव, सुधीर सिंह, मनोज कुमार, काली प्रसाद व सी.पी. तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।धीरपुर मोड़ पर भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पूड़ी-सब्जी, छोले-चावल और बूंदी का प्रसाद दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक चला।

# अजान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों का दबदबा, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर । योगी सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद खीरी जनपद के ब्लॉक कुंभी क्षेत्र के अजान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां दर्जनों झोलाछाप बिना किसी वैध चिकित्सा डिग्री और पंजीकरण के खुलेआम अपने क्लीनिक चला रहे हैं, और हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार शिकायतों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई महज़ नोटिस थमाने तक सीमित रह गई है। आरोप हैं कि झोलाछाप डॉक्टर बाद में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर मामले को 'मैनेज' कर लेते हैं। इससे विभाग पर मिलीभगत और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।बढ़ती संख्या और मौसमी मुनाफाखोरीकस्बे में करीब एक दर्जन झोलाछाप डॉक्टर स्थायी रूप से सक्रिय हैं। गर्मी और बरसात के मौसम में वायरल बुखार, डायरिया, मलेरिया जैसे बीमारियों के फैलते ही इनकी संख्या में और भी इजाफा हो जाता है। नए झोलाछाप भी इसी मौके का फायदा उठाकर सामने आ जाते हैं।

### सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा

अजान कस्बे से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चलते मरीज झोला छाप डॉक्टर से ईलाज करवाने को विवस है।(सीएचसी) सुहेला में चिकित्सकों और स्टाफ की भारी कमी है। यहां एक डॉक्टर, एक वार्ड ब्वॉय, एक स्टाफ नर्स और एक फार्मासिस्ट तैनात हैं। सीमित संसाधनों और समय की पाबंदियों के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता। इसी वजह से लोग मजबूर होकर झोलाछाप डॉक्टरों की ओर रुख करते हैं।

### जनता की जान से खिलवाड़

बिना किसी वैध डिग्री के इलाज कर रहे ये झोलाछाप डॉक्टर जनता की जान के साथ सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। गलत दवाइयों और गलत इलाज से मरीजों की स्थिति और बिगड़ जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या स्वास्थ्य विभाग झोलाछापों पर नकेल कसने के लिए कभी गंभीर होगा?

# पीड़ित ने डीएम-एसपी से लगाई न्याय की गुहार एसडीएम मिश्रिख ने कही शीघ्र कार्यवाही बात

**विपक्षीगण क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव को अपना रिश्तेदार बताकर धमकाते पीड़ित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने की देते है धमकी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मछरेहटा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पेरियाकोडर निवासी धीरेन्द्र श्रीवास्तव राजधानी लखनऊ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता है इसके साथ ही शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार है। जिसकी पैतृक संक्रमणीय भूमि पिता व ताऊ के द्वारा गांव के ही पासी जाति को बटाई पर दी थी पिछले पांच वर्षों से बटाई का अनाज भी नहीं दे रहे हैं तथा इसके साथ यूकेलिप्टस के पेड़ो को भी कटवा लिया है जब कहा गया तो लड़ाई और मारपीट करने पर अमादा हो गए विगत 10 मई को थाना दिवस में मेरे द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिस राजस्व टीम ने मौके पर भूमि को चिन्हांकित कर दिया था इसके बावजूद भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं मना करने पर विपक्षी दिनेश पुत्र पतिराखन , रामसहाय पुत्र पतिराखन, छोटकने पुत्र भूधर, राकेश कुमार पुत्र पतिराखन आदि गाली गलौज करने लगे तथा लड़ाई पर अमादा हो गए पत्रकार द्वारा डायल 112 पर थाना प्रभारी मछरेहटा को दूरभाष पर सूचना दी गई जब पुलिस पहुंची तब मामला शांत हुआ आए दिन हरिजन एक्ट लगाने की धमकी देते रहते है। बताते चले विपक्षी गण क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव को अपना रिश्तेदार बताकर धमकाते है और कहते है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ नहीं सकता हारिज एक्ट लगवाने की धमकी देते रहते है। मजे की बात ये है कि विपक्षी गण वन विभाग की जमीन पर भी अवैध कब्जा कर पोल्ट्री फार्म संचालित कर वन विभाग की जमीन भी हथियाने में लगा और धमकाता भी है जिसके कारण पत्रकार परिजनों के साथ गांव में ही निवास करता है। दबंगों से पत्रकार को डर बना हुआ है।

### क्या बोले उपजिलाधिकारी मिश्रिख

इस मामले में जब मिश्रिख एस डी एम शैलेन्द्र कुमार मिश्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है राजस्व टीम मौके पर जा चुकी है। अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए । पुनः राजस्व टीम व मछरेहटा पुलिस को निर्देशित किया जा रहा है।

### क्या बोले सीओ मिश्रिख

इस मामले जब मिश्रिख सीओ दीपक कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आखिरी मंगलवार को रही भंडारों की धूम बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा शहर

### हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा आराधना करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता





महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित हनुमानगढ़ी मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा आराधना करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव पवन साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल घनश्याम चौरसिया जिला मंत्री सुधा अवस्थी गीता श्रीवास्तव सुप्रिया श्रीवास्तव आनन्द जायसवाल हरी जायसवाल राजा राम त्यागी श्यामलाल वैश्य आदि लोग उपस्थित रहे । वही शान्ति नगर में स्थिति हनुमान मन्दिर व प्रेम नाथ वैश्य के प्रतिष्ठान पर भी भंडारे का आयोजन हुआ। वही कस्बे के रुद्र नगर में रायबरेली रोड पर भंडारे का आयोजन वार्ड के लोगों द्वारा आयोजित किया गया। वही नवोदय चौराहे पर हिमांशू जनरल स्टोर पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर आशू उर्फ मंगली धीरेन्द्र सिंह राजेश यादव नकुल यादव अभय सिंह अरविन्द मौर्या चन्दन सिंह राम अभिलाख मुस्ताक रैनी वही क्षेत्र के इसी क्रम में ज्येष्ठ मास के पंचम और आखिरी मंगलवार पर आशुतोष धाम मंदिर पूरे अभिमान सिंह में युवा पत्रकार अमर प्रताप सिंह के संयोजकत्व में श्री हनुमान जी की स्तुति के साथ कीर्तन भजन तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद छका। इस मौके पर चंद्रपाल सिंह कौशल चौधरी कोतवाल जगदीश यादव पप्पू सिंह हैप्पी सिंह सौरभ अवस्थी दिनेश कोटेदार आदि लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। वही क्षेत्र के टूक गांव में सुनील मौर्या ग्राम प्रधान के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

वही क्षेत्र के पोखरनी ग्राम सभा के गढ़ी मोड पर प्रधान प्रतिनिधि बबलू शुक्ला द्वारा संगीतमयी सुन्दर काण्ड का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिस में हजारों भक्तों ने भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया व अपने जीवन को कृतार्थ बनाया। वही क्षेत्र के आसनी चौराहे पर अन्नी महाराज द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर भंडारे का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार को महराजगंज क्षेत्र भर में बड़े ही धूमधाम से श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया।

## माझिगांव नहर पुल के पास पुलिस चौकी बनाने हेतु किया गया भूमि पूजन



**महराजगंज,रायबरेली।** शासन के निर्देशानुसार व क्षेत्र की जनता की सुविधा हेतु पुलिस विभाग के आलाधिकारियों के निर्देशन पर आज महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बॉर्डर का गांव कोटवा मोहम्मदाबाद के नजदीक पुलिस चौकी हेतु जमीन का चिन्हीकरण कर हवन पूजन कर पुलिस चौकी बनाने हेतु पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया गया। बताते चले किक्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव की अगुवाई में हलोर कोटवा मोहम्मदाबाद संपर्क मार्ग पर माझिगांव नहर पुल के पास पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गय। इस मौके पर एस आई सुनील सिंह चौहान, दीवान ज्ञानेंद्र तिवारी, आरक्षी कुन्दन यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान कोटवा मोहम्मदाबाद अरुण कुमार उर्फ दद्दू सिंह, अनुराग चौधरी, ग्राम प्रधान जमुरावा शिवप्रसाद यादव ग्राम प्रधान माझिगांव, दिलीप तिवारी ग्राम प्रधान हिलहा, अंजनी कुमार गुप्ता ग्राम प्रधान जमोलिया सहित क्षेत्र के सैकड़ो संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## मृतक किसान के परिजनों ने क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार




**महराजगंज,रायबरेली।** हलोर गांव निवासी एक किसान की फावड़े से काटकर की गई निर्मम हत्या के मामले में परिजनों ने क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने कहा है कि हत्या कराने वाले साजिश कर्ताओं को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजें नहीं तो हम पीड़ित परिवार के लोग उच्चा अधिकारियों की चौखट पर जाकर न्याय की गुहार लगाएंगे ।इंसेट – क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार को दिए गए शिकायती पत्र में मृतक के भाई ने कहा है कि चार अन्य साजिश कर्ताओं की जानकारी में ही मेरे भाई की निर्मम हत्या की गई है और जल्द से जल्द साजिश कर्ताओं को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजें इस दौरान मृतक की पत्नी व बेटा बेटी तथा मृतक के परिजन मौजूद रहे।

## आखिरी बड़े मंगल को दरीबा चौराहे पर आयोजित हुआ भंडारा



**रायबरेली।** दरीबा चौराहे पर हनुमान जी को याद कर आखिरी बड़े मंगल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं दरीबा रोड स्थित विनोद चौधरी ने कहां हनुमान जी की कृपा और आशीर्वाद से आज हम आप सबके बीच इस योग्य हैं। अपनी दुकान पर हर वर्ष के तरीके इस बार भी बड़े ही धूमधाम से हनुमान जी के याद पर आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद लेकर भंडारे का आनंद उठाया। इसी क्रम में ज्येष्ठ मास के पंचम और आखिरी मंगलवार पर विनोद चौधरी के माध्यम से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया व अपने जीवन को कृतार्थ बनाया। ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार को दरीबा के धर्मेंद्र की दुकान पर बड़े ही धूमधाम से श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनोद चौधरी,रोहित कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, आशु अवस्थी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विज्ञान आधारित खेती के लिए किसानों को मिली नई दिशा

**मीरजापुर ।** जमालपुर क्षेत्र के गोरखी, डवक और पसही ग्राम पंचायतों में मंगलवार को कृषि विभाग के तकनीकी सहायक अजय कुमार और दीपक यादव की अगुवाई में ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' के तहत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक विधियों से खेती करने के लाभ और आधुनिक कृषि योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।गोष्ठी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री और पीएम कुसुम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। जिससे किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। कृषि वैज्ञानिक गोविंद पाल और अजीत सिंह ने किसानों को मिट्टी की जांच, बीज शोधन और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने जीवामृत, घनजीवामृत और नीमास्त्र बनाने की विधि भी समझाई, जो खेती में वृद्धि और मिट्टी की सेहत के लिए बेहद लाभकारी हैं।ग्राम प्रधान दीपक कन्नौजियां, दिनेश कुमार, रामफल, ग्राम सचिव रोहित सिंह और सतीश सिंह सहित तमाम ग्रामीण इस गोष्ठी में मौजूद थे।

# भाजपा नेता ने रुपया लेकर पार्टी में पद बांटे जाने का लगाया आरोप

### मांगों को लेकर जिला पार्टी कार्यालय पर शुरू किया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद में भारतीय जनता पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आने लगी है। पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह ने आज कप्तानगंज मंडल से इस्तीफा देने के बाद पार्टी के ही जिला कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया। सूरज सिंह का आरोप है कि एक विशेष जाति को तरजीह देकर पैसों के बदले पद बांटे जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही हाल रहा तो भाजपा को आगामी चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।बता दे की पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह ने आज गोरखपुर के शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब सपा सरकार थी, तब वे दो बार जेल गए थे, लेकिन आज जब भाजपा की सरकार है, तब भी उनके साथ अन्याय हो रहा है। उनका दावा है कि मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ने उनके नाम की संस्तुति की थी, लेकिन गोरखपुर के नेताओं ने उनका नाम काट दिया और पैसे लेकर एक विशेष जाति के व्यक्ति को पद दे दिया।मीडिया से बातचीत में सूरज सिंह ने कहा कि वे अकेले नहीं हैं। सैकड़ों कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर अपना आक्रोश जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीर्ष नेतृत्व ने समय रहते ध्यान नहीं दिया, तो 2027 में भाजपा को आज़मगढ़ की दसों विधानसभा सीटों पर 50-50 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने पार्टी को इस्तीफा भी सौंपा, जिसे जिलाध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया। सूरज सिंह ने चेतावनी दी कि अगर उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया, तो वे बीजेपी कार्यालय पर ही जान दे देंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, हत्या की आशंका

### पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के छतवारा मार्ग पर बेलनाडीह गांव के समीप मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिधारी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। ग्रामीणों और राहगीरों ने घटना को हत्या का मामला बताते हुए गहरी चिंता जताई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सिधारी पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही तथ्यों का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# मां ने गला घोंटकर की 6 वर्षीय बेटी की हत्या अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा बेटा

### घरेलू कलह के बाद घटना को दिया अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक मां ने अपनी 6 वर्षीय बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी और अपने 3 वर्षीय बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बेटा वर्तमान में आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।गौरा गांव निवासी सुनील यादव, जो लखनऊ में रहकर वाहन चलाते हैं। अपने भाई मनीष यादव की शादी में शामिल होने के लिए 20 दिन पहले घर आए थे। सोमवार देर शाम उनकी पत्नी ने अपने दोनों बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सुनील ने पत्नी को ऐसा करने से मना किया, जिससे वह और उग्र हो गई। गुस्से में उसने खुद को फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे रोक लिया। इसके बावजूद देर रात उसने अपनी 6 वर्षीय बेटी की गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने 3 वर्षीय बेटे का भी गला घोंटने की कोशिश की, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही मेंहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मृत बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सुनील यादव ने अपनी पत्नी के खिलाफ मेंहनगर थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 48 आरोपित शांति भंग में गिरफ्तार

मुरादाबाद । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को शांति व्यवस्था भंग करने में 48 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय में पेश करने हेतु कानूनी कार्रवाई की जा रही है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 48 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लिया गया है।

पुलिस विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार थाना नागफनी ने 1, थाना कटघर ने 2, थाना सिविल लाइंस ने 5, थाना मझोला 3, थाना पाकबड़ा 2, थाना मूंढापाण्डे 8, थाना कंठ ने 1, थाना छजलैट ने 6, थाना ठाकुरद्वारा 1, थाना भोजपुर 10, थाना बिलारी 1, थाना मैनाठेर 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

# समर कैम्प समापन पर प्रतिभागी छात्र छात्राएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




औरैया । अजीतमल कस्बा स्थित श्री जनता इण्टर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशों के क्रम में अनवरत 20 दिन चले समर कैम्प के समापन पर प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि जिलाविद्यालय निरीक्षक एवं प्राचार्य डायट गंगाराम राजपूत ने विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर दीक्षित के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डायट ने अपने संबोधन में कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय विद्यालय में अनिवार्य रूप से समर कैम्प संचालन के आदेश जारी किये गये थे, लेकिन श्री जनता इण्टर कालेज में बड़े ही अच्छे तरीके से 20 दिनों तक छात्र छात्राओं ने रहते हुए जहां योगाभ्यास किया और अनेक क्रिया कलाप सीखे। इससे अन्यविद्यालयों को सीख लेनी चाहिये।विद्यालय प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन उपाध्याय ने कहा कि विभाग के आदेशानुसार उन्होंने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से छात्र हित में समर कैम्प संचालन कर अपना कर्त्व्य निभाया है। इसमें स्टाफ, अध्यापकों ने जो सहयोग किया है वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एक ओर जहां राजकीय विद्यालयों एवं बेसिक विभाग के विद्यालयों को समर कैम्प का पूर्ण खर्चा दिया गया है, वहीं हमारे जैसे अर्द्व सरकारी विद्यालयों को कोई खर्च नहीं दिया है, लेकिन फिर भी हम लोगों ने किसी भी प्रकार की छात्र छात्राओं की जरूरतों में कटौती न कर पूर्ण निष्ठा से कार्य किया है।कार्यक्रम के अंत में समर कैम्प में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं में ग्रेड के हिसाब से चयन किया गया। जिसमें वैष्णवी कक्षा 9 प्रथम, वैष्णवी कक्षा 11 द्वितीय तथा जानवी कक्षा 9 तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं देवेश गौतम कक्षा 9 प्रथम, अर्जुन सिंह कक्षा 9 द्वितीय तथा साहिल कक्षा 10 तृतीय स्थान पर रहे। कैम्प में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाणपत्र एवं पारितोषण देकर सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर समर कैम्प के प्रभारी होशियार सिंह राजपूत, शिव प्रकाश दुबे, राहुल चौहान, प्रदीप तिवारी, सहित अन्य अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रायबरेली एम्स में मनाया गया पेडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह

### भारत को पेडियाट्रिक क्षेत्र में सर्जनों की है आवश्यकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। पेडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह पूरे भारत में विभिन्न सरकारी और निजी संगठनों द्वारा मनाया जाता है। भारत में हर साल जून के दूसरे सप्ताह में पेडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह मनाया जाता है, ताकि आम जनता के बीच पेडियाट्रिक सर्जरी चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को लोकप्रिय बनाया जा सके, जो वास्तव में जीवन के सबसे नाजुक चरण को छूता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली में पेडियाट्रिक सर्जरी विभाग द्वारा 2 जून से 8 जून तक पेडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में चलाया गया। एमबीबीएस के विद्यार्थियों, नर्सिंग अधिकारियों एवं नर्सिंग छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत किए और आम लोगों से संवाद कर पेडियाट्रिक सर्जरी की विशेषताओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस पेडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह के दौरान, पेडियाट्रिक सर्जरी के संकाय ने आम जनता को संदेश दिया कि गर्भावस्था के दौरान शराब का सेवन न करने, धूम्रपान न करने, मधुमेह पर नियंत्रण, फोलिक एसिड का सेवन करें और किसी भी बुखार या चकत्ते तुरंत महिला चिकित्सक से परामर्श और उचित टीकाकरण करके जन्मजात विसंगतियों को कुछ हद तक रोका जा सकता है। जब हम सर्जरी के बारे में सोचते हैं, तो हम अक्सर जटिल उपकरणों, कुशल हाथों और लंबे घंटों के बारे में सोचते लेकिन पेडियाट्रिक सर्जनों के उपकरण और भी नाजुक होते हैं, सर्जनों के हाथ अधिक कुशल होते हैं, और ज़िम्मेदारी बहुत अधिक होती है। पेडियाट्रिक विशेषज्ञ एक नवजात शिशु से लेकर 18 साल की उम्र तक के युवा किशोरों का ऑपरेशन करते हैं। बच्चे अपनी बात बता नहीं सकते कि उन्हें क्या दर्द है, लेकिन उनके माता-पिता पेडियाट्रिक सर्जनों पर भरोसा करते हैं। पेडियाट्रिक सर्जरी न केवल जन्मजात विसंगतियों को कवर करती है वल्कि ट्यूमर, कैंसर और आघात और बड़ों की हर वह बीमारी जिसका ऑपरेशन किया जाता है। बच्चों में भी पेडियाट्रिक सर्जन के द्वारा ही ऑपरेशन से ही ठीक किया जाता है। लेकिन बच्चा केवल छोटे वयस्क नहीं होते; उनके शरीर, दिमाग और भावनात्मक जरूरतें पूरी तरह अलग होती हैं। एक पेडियाट्रिक सर्जन को एक सर्जन, एक चिकित्सक, एक परामर्शदाता, एक शिक्षक/प्रशिक्षक होना चाहिए, और कभी-कभी एक जादूगर की तरह - एक मुस्कान के साथ बच्चे के डर को कम करने की क्षमता भी होनी चाहिए। पेडियाट्रिक सर्जरी का हर ऑपरेशन सिर्फ एक समस्या को ठीक करने के बारे में नहीं है - यह एक बच्चे को एक पूर्ण, स्वस्थ जीवन जीने का मौका देने के बारे में है।जन्मजात विसंगतियां, जिन्हें जन्म दोष के रूप में भी जाना जाता है, संरचनात्मक या कार्यात्मक असामान्यताएँ हैं और इन्हें जन्म से पहले, जन्म के समय या जीवन में बाद में भी पहचाना जा सकता है। उदाहरण के लिए, तंत्रिका ट्यूब दोष, फ़ेटे मूंह/तालू, स्ट्रोक, हृदय दोष।डब्ल्यू का अनुमान है कि दुनिया भर में सभी जीवित जन्मों में से 6% गंभीर जन्मजात विसंगति से प्रभावित हैं। वैश्विक औसत दर लगभग 1,000 जीवित जन्मों में 20-30 जन्मजात विसंगति से प्रभावित हैं।

# सदर एसडीएम से मिले आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति का प्रतिनिधि मंडल

### स्थायी विसर्जन स्थल और हथिया तट का नवनिर्माण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति का प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष अरविन्द मोदनवाल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सदर आजमगढ़ से मिला और स्थायी विसर्जन स्थल और हथिया तट का नवनिर्माण की मांग किया। साथ हीं इस दौरान एसडीएम सदर को मां दुर्गा का चित्र, तुलसी का पौधा, अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए विजयादशमी के पर्व के बावत आवश्यक संसाधनों के बारे में वार्तालाप किया। विजयादशमी की व्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए प्रतिनिधिमंडल से एसडीएम सदर ने बताया कि मांग पत्र के बावत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कभी भी किसी भी पर्व पर किसी भी प्रकार की कोई अश्लीलता, भद्दी अक्षम्य होगी। सगड़ी क्षेत्र में इस विषय को लेकर पूर्व में उनके कार्यकाल में सख्ती बरती गई थी, यहां पर भी समय आने पर ऐसे ही सख्ती बरती जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहाकि महासमिति प्रशासन का सहयोग कर रहा है और अपनी मांगो को लेकर मिला है शीध्र ही उसमे गति प्रदान की जाएगी। वहीं महासमिति के अध्यक्ष अरविन्द मोदनवाल ने बताया कि स्थायी विजर्सन स्थल और हथिया तट के नवनिर्माण को लेकर पूर्व में जिलाधिकारी को मांग पत्र दिया गया था। जिसको लेकर नवागत एसडीएम सदर से भी मुलाकात किया गया है। विजयादशमी पर्व हमारे लिए महत्वपूर्ण है जिसमे कई वर्षो से वैकल्पिक विसर्जन स्थल बनवाया जा रहा है इसीलिए इस बार समय से इस मांग को उठाया गया है ताकि इसे मूर्त रूप मिल सकें। बता दें कि महासमिति आजमगढ़ नगर में स्थायी विसर्जन स्थल और गौरीशंकर घाट के सामने स्थित हथिया की ओर भी पक्के तट का नवनिर्माण कराने की मांग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सभासद विशाल श्रीवास्तव, ऋषिकेश गुप्ता, विमल निषाद शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री जी, क्या सीएमओ के रसूक के आगे स्वास्थ्य निदेशक हैं नतमस्तक?

**स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपए घोटाले का मामला**

**मामले में साल भर से नहीं हुई कोई कार्यवाई**

**कमिश्नर की जांच रिपोर्ट को स्वास्थ्य प्रमुख सचिव ने ठंडे बस्ते में डाला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। स्वास्थ्य विभाग में घोटाले वैसे तो आपने कई मामले सुने होंगे लेकिन क्या आपने ऐसा भी कोई मामला सुना है जिसकी जांच खुद शासन ने कराई हो और कार्रवाई भी शासन स्तर से ही पेंडि ग चल रही हो आप कहेंगे नहीं क्योंकि सरकार में तो योगी राज्य चल रहा है। छोटे-छोटे मामलों में भी जीरो टॉलरेंस की बात की जाती है तो फिर गोण्डा के स्वास्थ्य विभाग में हुए करोड़ों रुपए को घोटाले का मामला आखिर दबाया क्यों जा रहा है ? कहीं और से नहीं पूरे मामले में होने वाले कार्रवा ई स्वयं शासन अस्तर से ही लंबित चल रही है।जबकि गोंडा की जिस सीएमओ पर घोटाले का आरोप लगा है वह पिछले करीब दो साल से अपने कुर्सी पर वैसे ही विराजमान है जैसे घोटाले के पह ले हुआ करती थी।अगर आपको यकीन नहीं होता तो कमिश्नर ने घोटाले में जांच की पुष्टि की थी,यह पुस्टि हुई है कि सीडीओ के उस जांच रिपोर्ट में जिसके लिए कमिश्नर को राज मुख्यालय के स्वा स्थ्य निदेशालय से आदेश संख्या 263/ जांच /स्वास्थ्य विभाग 2023/24 दिनांक 11 सितंबर 2023 को जांच के लिए पत्र मिला था।जिसके आधार पर गोंडा में सीडीओ रह चुकी एमअरुण मौली और उन्होंने अपनी पूरी जांच रिपोर्ट गोंडा में कमिश्नर रहे योगेश्वर राम मिश्रा को सौंप थी.जांच में सीडीओ एम.अरुण मौली ने गोंडा स्वास्थ्य वि भाग में हुए करोड़ों रुपए की अनियमित खरीद के साथ ही जैम पोर्टल से हुई नियम विरुद्ध खरीदारी बिना टेंडर टुकड़ों में दिए गए प्रक्रिया के आदेश पर गंभीर टिप्पणी करते हुए इसे पूरी तरह से गलत माना था।जिसके लिए बाकायदा उन्होंने ने जिस अस्तर से खरीदारी हुई,जिन-जिन मेडिकल स्टोर से दवा की खरीदारी हुई स्टेशनरी का सामान खरीदा गया,सर्जिकल दवा,ग्लव्स,कोविड सामग्री, मास्क,टैलीसीट, मॉनिटरिंग फॉरमैट, बुलावा पर्ची टेबल चेयर कंप्यूटर,प्रिंटर जन आरोग्य सामग्री, आशा डायरी मेट्रो पेंटर,रजिस्टर, फ्लेक्स बैनर सहित न जाने कितने सामान खरीदे गए उन सब की गलत ढंग से खरीदारी पर सवाल उठाए थे।मसलन एक भाषा में यह भी कहा जा सकता है कि सीएमओ ने निदेशालय के बनाए गए नियमों कि धज्जियां उड़ा दी है।और जिसे भी चाहा उसे करोड़ों रुपए कि सौगात दे दी,इतना ही नहीं जांच में जिन सामानों स्वास्थ्य उपकरणों की जिले की सभी 16 सीएचसी व 66 पीएचसी में आपूर्ति की गई उनके भी मानक वहीं जांच अपने जांच रिपोर्ट में दर्शाया गया है इसके बाद इस पूरे मामले में पूर्व कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने सीडीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर अपनी एक जांच रिपोर्ट एक पात्र स्वास्थ्य निदेशालय में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को भेजा,जो पिछले एक साल से स्वास्थ्य निदेशालय में पड़ी धूल फाक रही है,जबकि अपने रसूक के बल पर गोंडा कि सीएमओ डॉक्टर,रश्मि वर्मा,आज भी अपनी कुर्सी पर विराजमान है।जैसे कि घोटाले के जांच के पहले हुआ करती थी।जिनके चेहरे पर ना तो घोटाले को लेकर कोई शिकन नजर आ रही होगी और ना ही उन्हें इस बात का कोई मलाल है।सीडीओ और कमिश्नर ने उनके खिलाफ 16 पन्ने की जांच रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए शासन को भेजा है।तो फिलहाल जिस योगी राज्य में हम जीरो टालरेंस की बात कर ते हैं वैसे कोई कार्रवाई फिलहाल गोंडा स्वास्थ्य विभाग में देखने को नहीं मिली है।लेकिन स्वास्थ्य विभाग के गलियारों में सीएमओ के रसूक की चर्चा बड़ी जोरों से चल रही है।डेढ़ साल से कार्यवाई के कयास तो लगाए जा रहे थे।लेकिन अभी तक हुआ कुछ भी नहीं ऊपर से गोण्डा स्वास्थ्य विभाग के महकमे का जो बजट 32 करोड़ का है अब उसमे भी खेल लगातार जारी है।

## राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने फीस बिल रेगुलेशन को लेकर विकासखंड में लगाया चौपाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा इंद्रानगर चौराहे पर विकासखंड मुजेहना में चौपाल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि सस्ती शिक्षा सबका अधिकार है देश में एक समान शिक्षा सबको मिलनी चाहिए इसी के लिए हम लोग आपके बीच में आए हैं कार्यक्रम संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि का यह कार्यक्रम आज किसानों के बीच में लगाया गया है और सभी के हस्ताक्षर कराए गए हैं वह सभी ने एक साथ उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए प्राइवेट स्कूलों की फीस मनवाने के खिलाफ प्रदेश में फीस बिल रेगुलेशन की मांग का समर्थन किया है इस अवसर पर प्रिंस शुक्ला ,इंद्रकांत शुक्ला,नईम राजेश मोरिया ,फिरोज, गोलू, सतीश ,सूरज शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# खीरी पहुंची कमिश्नर, चैनलाइजेशन और कटाव निरोधक परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**आयुक्त ने मोटर वोट से अफसरों संग देखा चैनलाइजेशन कार्य, दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में बाढ़ नियंत्रण और शारदा नदी के चैनेलाइजेशन कार्यों का जायजा लेने पहुंची कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग चैनलाइजेशन और कटाव निरोधक परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और जनहित को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।मंगलवार को कमिश्नर ने डीएम संग खैराना जंगल के पास शारदा नदी के चैनेलाइजेशन का स्टार्टिंग पॉइंट से एक किमी मोटरबोट से चैनेलाइजेशन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान मोटर वोट पर उनके साथ सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड ई. अजय कुमार मौजूद रहे।कमिश्नर ने कहा कि शारदा नदी के चैनेलाइजेशन कार्य बाढ़ नियंत्रण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जो जिले में पहली बार 250 मीटर चौड़ाई में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जा रहा है। इन कार्यों के सही समय पर पूर्ण होने से न केवल नदी का जल प्रवाह बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों और स्थानीय जनता को बाढ़ एवं जलभराव से भी राहत मिलेगी। आयुक्त ने कार्य की गति और गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) ई. अजय कुमार ने अवगत कराया कि 250 मीटर चौड़ाई में कार्य पूर्ण हो चुका है। निकाली गई बालू दोनों तरफ बांधे के रूप में रखी जा रही। नदी के पुराने कोर्स को जीओ ट्यूब लगाकर बांधा जा रहा है, ताकि नदी का पानी चैनेलाइजेशन के रास्ते आगे बढ़ सके। इस कार्य में 28 पोकलैंड, 28 छोटे ड्रेजर 280 कराहा टैक्टर लगाकर कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। *कटाव निरोधक कार्यों का निरीक्षण : बेलहा सिकटिहा के ग्रामीणों को जल्द मिलेगी राहत*इससे पूर्व आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग शारदा नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम समूह बेलहा एवं सिकटिहा की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

कमिश्नर डॉ. जैकब ने परियोजना स्थल पर पैदल भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता और वास्तविक स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर जाना कि इस परियोजना के पूरे होने से उन्हें क्या लाभ होंगे।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड अजय कुमार ने परियोजना की रूपरेखा, तकनीकी पहलुओं और अब तक हुई प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस परियोजना के अंतर्गत पूरी लंबाई में जियो ट्यूब, जियो बैग की लॉन्चिंग एप्रन और तीन पंक्तियों में पॉर्क्युपाइन संरचनाएं लगाई गई हैं, जो नदी के कटाव को प्रभावी ढंग से रोकने में सहायक होंगी।

## मासिक अपराध समीक्षा बैठक में डीआईजी ने दिए निर्देश

झांसी । मंगलवार को पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी द्वारा रेंज कार्यालय में परिक्षेत्र के जनपद झाँसी, जालौन एवं ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर रेंज के जनपदों में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लम्बित विवेचनाएं विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि अभियोगों की विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, अवैध मादक पदार्थ तस्करी गौबध तस्करी, आदि में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध पतारसी सुरागरसी कराते हुये प्रभावी कार्यवाही करने को निर्देशित किया। डीआईजी ने कहा कि शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट, जिलाबदर कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलें।

## मोबाइल की दुकान के सामने से स्कूटी चोरी



गोंडा। जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन रोड पर एक मोबाइल शॉप के सामने से स्कूटी चो री का मामला सामने आया है।डीके मोबाइल शॉप के मालिक मनोज कुमार की स्कूटी दुकान के बाह र से चोरी हो गई।दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई है।फु टेज में मोहल्ले का एक शराबी युवक स्कूटी चुरा ते हुए नजर आ रहा है।पीड़ित मनोज कुमार ने बता या कि वह अपनी दुकान के सामने स्कूटी खड़ी करके गए थे।जब वापस आए तो स्कूटी गायब थी।मनोज कुमार ने मनकापुर कोतवाली में अज्ञा त स्कूटी चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परसपुर में युवक का फांसी पर लटका मिला शव

गोण्डा। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के पूरे लाली में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पत्नी रेनु एक विवाह समारोह में अपने मायके गई हुई थी।रेनु ने बताया कि सोमवार रात को उसने अपने पति से फोन पर बात की थी। उस समय वह बहुत खुश लग रहे थे और कोई परेशानी नहीं दिख रही थी।पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्य एकत्र किए।परसपुर थाना प्रभारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सपा नेता नंदेश्वर नन्द यादव हाउस अरेस्ट

बहराइच। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बहराइच आगमन से पहले ही समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि यह कार्रवाई विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश है और भाजपा सरकार लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ काम कर रही है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का दौरा सिर्फ और सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम एकता को तोड़ने और समाज में धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देने तक सीमित है। नंदेश्वर नन्द यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जनपद में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। जो भी विकास कार्य दिख रहे हैं, वे सभी समाजवादी पार्टी की देन हैं, चाहे वह ट्रॉमा सेंटर हो, मेडिकल कॉलेज हो, किसान बाजार, मोतीपुर तहसील, पयागपुर तहसील या पयागपुर नगर पंचायत में नई मंडी सब सपा सरकार में शुरू हुए थे। उन्होंने भाजपा शासन पर महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ''महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़े हैं और भाजपाई चोला पहनकर गुंडे सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं। भाजपा नेता और कार्यकर्ता महिलाओं के साथ दुराचार कर वीडियो बनाने में लगे हैं। क्या यही रामराज्य है जिसकी कल्पना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करते हैं? अंत में नंदेश्वर नन्द यादव ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश की जनता अब भाजपा के झांसे में नहीं आने वाली है और 2027 के चुनाव में प्रदेश से भाजपा का सफाया कर, अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी।

# आईपीएम का उद्देश्य राष्ट्रीय फसल पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन को बनाए रखना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। नानपारा तहसील अंतर्गत विकास खंड शिवपुर के बहोरीकापुर, नकहा एवं बरदहा में केवीके नानपारा द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसमें केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 पी के सिंह, सुनील कुमार, उमेश कुमार एवं संदीप कुमार गौतम ने ग्रामवासियों को संकल्प कृषि के अभियान पर बताया कि कृषि में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आईपीएम) एक सस्ती और वृहद आधार वाली विधि है। यह नाशीजीवों के नियंत्रण के लिए विभिन्न तरीकों को एक साथ उपयोग करता है, जैसे जैविक, सांस्कृतिक, यांत्रिक और रासायनिक नियंत्रण। आईपीएम का लक्ष्य कीटों की संख्या को एक आर्थिक रूप से नुकसानदेह स्तर से नीचे रखना है, जिससे कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान कम हो सके और स्थायी उत्पादन हो सके। उन्होने बताया कि आईपीएम में कम से कम हानिकारक रसायनों का उपयोग करके कीटों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव कम होता है, कीटनाशकों के उपयोग को कम करने से किसानों के खर्च कम हो सकते हैं, जिससे वे अधिक लाभ कमा सकते हैं, रसायनों के उपयोग को कम करके, लोगों और जानवरों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव को कम किया जा सकता है, प्राकृतिक रूप से कीटों को नियंत्रित करने के लिए तरीके उपयोग किए जाते हैं, जिससे पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि आईपीएम का उद्देश्य राष्ट्रीय फसल पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन को बनाए रखना है ।

# राष्ट्रनायकों के साथ अब नही होगी नाइंसाफी उन्हें मिलेगा उचित सम्मान: योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के स्मारक के उद्घाटन/लोकार्पण के अवसर पर चित्तौरा झील के तट पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि अपने शौर्य और वीरता से विदेशी आक्रांताओं के दॉत खट्टे करने वाले शूरवीर महाराजा सुहेलदेव जी को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह नहीं मिल सका।

मा. मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने विरासत और विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए जनपद में महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर भव्य स्मारक का निर्माण किया तथा जनपद के मेडिकल कॉलेज तथा आजमगढ़ के विश्वविद्यालय का नाम भी महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर रखा है। मा. मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इतिहास ने भले ही महाराजा सुहेल देव के साथ नाइंसाफी की है लेकिन डबल इंजन की सरकार नाइंसाफी नहीं होने देगी। जिन लोगों ने धर्म और धरा को बचाने के लिए युद्ध में योगदान दिया था उन लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में लोग वोट बैंक की लालच में महापुरूषों का सम्मान करने से बचते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम महापुरुषों के प्रति सम्मान में क्या होना चाहिए उसकी एक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए तथा विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद होना चाहिए। महाराजा सुहेलदेव जी के युद्ध कौशल का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशी आक्रांता को रोकने की युक्ति ऐसी थी कि मथुरा से लेकर बहराइच तक इतनी बाधाएं खड़ी की कि यहां पहुंचते-पहुंचते उसकी आधी सेना समाप्त हो चुकी थी और जब वह महाराजा सुहेलदेव के सामने पड़ा तो महाराजा सुहेलदेव ने कुल 20 से 25 हजार सैनिकों के साथ उन विदेशी आक्रांताओं को परास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तब सरदार पटेल की जयन्ती मनाती है तो कुछ लोगों पर भारी गुज़रता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार बिजली पासी के नाम पर लखनऊ में स्मारक का निर्माण करेगी।मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1250 करोड़ लागत की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास से जिले की कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन विकास, बुनियादी सुविधाएं, लोक कल्याणकारी योजनाओं को पंख लगेंगे। जिससे आने वाले समय में महाराजा सुहेलदेव जैसे राष्ट्र नायकों को इतिहास के पन्नों से गायब करने का दुस्साहस न किया जा सके। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिले के मा. प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मा. पंचायती राज मंत्री, ओमप्रकाश राजभर, मा. पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, सांसद आनन्द गोंड, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर, सुभासपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविन्द राजभर ने अपने सम्बोधन में महाराजा सुहेलदेव जी की वीरगाथा पर प्रकाश डालते हुए जनपद में भव्य स्मारक का निर्माण कराये जाने के लिए मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अथक प्रयासों की सराहना भी की।

## महाराजा सुहेलदेव जी के भव्य स्मारक का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया लोकार्पण

**रू. 511.82 करोड़ लागत की 272 परियोजनाओं का किया लोकार्पणरू. 731.54 करोड़ लागत की 112 परियोजनाओं का हुआ शिलान्याससुहेलदेव जी के नाम पर 05 बच्चों का किया नामकरण**

बहराइच । मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत राज्य योजना वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत रू. 3949.06 लाख की लागत से ब्लाक चित्तौरा के ग्राम मसीहाबाद में 6.803 हेक्टेयर की भूमि पर निर्मित चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के स्मारक का प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही, मा. मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग श्री जयवीर सिंह, मा. मंत्री पंचायतीराज तथा अल्संख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी श्री ओम प्रकाश राजभर व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ फीता काटकर उद्घाटन/लोकार्पण किया। स्मारक स्थल के लोकार्पण के उपरान्त मा. मुख्यमंत्री जी ने 40 फीट ऊँचाई की स्टेच्यू ऑफ महाराजा सुहेलदेव जी का अनावरण किया तथा आगन्तुक पर्यटकों के सुविधार्थ, पर्यटन विकास, रोजगार सृजन व पूँजी निवेश में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत निर्मित फ़ेस्टिवल हॉल, कैफ़ेटेरिया, कियोस्क, पाथ-वे, पार्किंग, ओपेन स्टेज, चिल्ड्रेन एरिया, हर्बल गार्डे न, ग्रास पेवर, हार्टिकल्चर, फाउण्टेन, ट्वायलेट, डारमेट्री, वीवीआईपी गेस्ट हाउस, घाट का विकास आदि कार्यों का अवलोकन कर मन्दिर में जाकर महाराजा सुहेलदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# वाटिका में लगे औषधीय पौधों को सुरक्षित एवं संरक्षित करना मनुष्य का नैतिक कर्तव्य : आयुर्वेदाचार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कानपुर । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रकृति से स्वास्थ्य संवर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रकृति का महत्व एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, सचिव एनआईएमए, यू पी एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी की विशेष उपस्थिति रही। यह जानकारी मंगलवार को विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विशाल शर्मा ने दी।वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक ने कहा कि परिसर में स्थित औषधीय वाटिका जन सामान्य के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। जिसमें लगभग 180 प्रकार के औषधीय जीवनदायिनी पौधे वाटिका की शोभा को जीवंत कर रहे हैं। वाटिका में स्थापित चिकित्सा एवं आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि एवं औषधि विज्ञान के मूल प्रवर्तक महर्षि चरक की मूर्ति जो विश्वविद्यालय के फाइनआर्ट विभाग द्वारा निर्मित कर स्थापित किया गया है। वाटिका में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। डॉ वंदना पाठक ने कहा कि वाटिका में लगे पौधें ट्यूमर, लिवर, किडनी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों के रोकथाम के लिए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं।विश्वविद्यालय में कार्यरत 60 से अधिक कर्मचारियों के परिवारों को व्यसन से मुक्ति दिलाने में औषधीय वाटिका की महती भूमिका है।प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि प्रकृति सभी औषधीय पौधों को उत्पन्न करती है। जिसको सुरक्षित एवं संरक्षित करना मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि वाटिका में लगे प्रत्येक पौधे के बारे में जानकारी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा क्यूआर कोड लगाया गया है। जो छात्रों एवं आम जनमानस को पौधों से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त करने में सहायक हैं। जिसमें पौधे एवं उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभ तथा दैनिक मानव जीवन में उपयोग आदि विषयों पर जानकारी मिलती है।स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि औषधीय वाटिका की सार्थकता इसमें है कि जन सामान्य यहाँ पर लगाये गए औषधीय पौधों को पहचानने तथा उनके लाभ से परिचित होने लगे।

## नवसृजित देशी शराब दुकानों की ई-लॉटरी सम्पन्न 10 दुकानों पर आये 815 आवेदन

बहराइच । जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जनपद में नवसृजित देशी शराब की 10 दुकानों की ई-लॉटरी शांति एवं पारदर्शिता के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में चयन समिति के समक्ष सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि नवसृजित 10 दुकानों पर कुल 815 सफल आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों से प्रोसेसिंग फीस के रूप में 3.26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। ई-लॉटरी में चयनित सभी अनुज्ञापियों को तीन दिवस के अन्दर बेसिक लाइसेंस फीस जमा करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, सीओ टेझनिंग, आबकारी आयुक्त प्रतिनिधि एसपी मल्ल, समस्त आबकारी निरीक्षक एवं भारी संख्या में आवेदनकर्तागण मौजूद रहे।

## मारपीट मामले में 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज

# बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सहित 6 को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर में स्वीमिंग पूल में बजरंग दल नामक संगठन के कार्यकर्ताओं ने समुदाय विशेष के साबिर और रियाज के साथ मारपीट कर धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया था। लोगों के इकट्ठा होता देख हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता धमकी देकर मौके से फरार हो गए थे।

रियाज ने कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा था। तभी सोमवार की रात लगभग 8:10 पर हिन्दू संगठन के दो दर्जन से ज्यादा लोग कोतवाली में गए और उसके बाद बाहर निकलकर अस्पताल में मौजूद शोएब को पकड़कर गेट पर ले जाकर धारदार हथियार बेल्ट लात घुसों से उसकी पिटाई कर दी थी। तभी चीख पुकार सुनकर शोएब के परिजन दौड़ पड़े और हिन्दू संगठन के एक युवक अस्पताल में खीचकर पिटाई कर दी। जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिलहाल क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने का पूरा प्रयास किया गया। समय रहते पूरनपुर ,घुंघचाई और माधोटांडा पुलिस ने पीएसी के जवानों के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस ने मामले में रियाज की शिकायत पर अनूप वर्मा जीत सिंह सहित 8 से 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वही शोएब की शिकायत पर जान से मारने की नीयत से मारपीट व धारदार हथियार हमला करने के मामले में भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा, विपिन, सतनाम, जीत सिंह, उदित पांडे, कमल, आकाश, शरद राठौर, अमन राणे, सनी गोस्वामी, अनुप वर्मा और भानू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, जीत सिंह, सुशील गुप्ता, विपिन, अनुप वर्मा और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**कोतवाली प्रभारी पूरनपुर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा कुछ लोगों ने सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश की थी**

# बेसिक स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। बेसिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्म अवकाश में उच्च प्राथमिक विद्यालय और कंपोजिट विधालय में चल रहे समर कैंप का समापन हो गया है।इसी उपलक्ष्य में कंपोजिट स्कूल गढा कला में चल रहे समर कैंप का भी समापन हो गया है। जिसमें बच्चों ने नई नई विधियों से नए नए आयाम सीखे स्कूल में शिक्षा मित्र ममता देवी और शारदा देवी ने पूरी लगन और कर्तव्य के साथ लगातार कैंप का संचालन किया बच्चों ने खेल खेल में बहुत कुछ नया सीखा और बच्चों का टेस्ट लेकर बेस लाइन और एंड लाइन का डाटा अपलोड कर दिया गया है।इस मौके पर इंचार्ज मंजू रानी ,नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह , अध्यापक सोहन ने सभी को शुभकामनाएं दीं और सीखे गए ज्ञान से अपने अग्रिम अध्ययन कार्य में उपयोग में लाने को कहा है।

## पीड़ित महिलाओं की समस्या का होगा त्वरित समाधान आज आएगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु पूरनपुर तहसील सभागार में प्रातः 11 बजे से करेंगी जिसमें प्रत्येक पीड़ित महिला अपनी सभी प्रकार की समस्याएं जैसे- ससुराल में प्रताड़ित किया जाना,दहेज मांग से मानसिक शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट,यौन उत्पीड़न एवं अन्य सभी महिलाओं से सम्बंधित मामलों को गहनता से सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि जनसुनवाई के अतिरिक्त सदस्या द्वारा पूरनपुर में वेदांत पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी,वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण,महिला थाना पीलीभीत का निरीक्षण एवं ज़िला कारागार का निरीक्षण करेंगीं। सदस्या द्वारा महिलाओं से बात कर उनकी समस्याओं को गहनता से सुना जाएगा।जिससे महिलाओं की समस्याओं त्वरित निस्तारण हो सके। आज राज्य सदस्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय का जनपद पीलीभीत में प्रातः 9.30 बजे आगमन होगा ततपश्चात 11 बजे पूरनपुर तहसील सभागार में महिला जन सुनवाई करेंगी।

## मझोला पहुंचने पर मंत्री संजय सिंह गंगवार का हुआ भव्य रूप से स्वागत



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** यूपी सरकार के मंत्री संजय सिंह गंगवार के मझोला आगमन पर सैकड़ों प्रमुख नागरिकों और दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ उनका मझोला जन सहयोग कार्यालय पर स्वागत किया है। तदोपरांत मंत्री ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट और मझोला क्षेत्र की कायाकल्प कर देने वाले भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान का स्थलीय निरीक्षण कर इस आस्थान को पूर्ण गुणवत्ता युक्त तरीके से तय समय सीमा के अंदर पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मंत्री के साथ उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सोनपाल राना, गुलशन स्वर्णकार, चंद्र प्रकाश राठौर, विजय भाटिया, विजेंद्र भाटिया, दिनेश अग्रवाल, राकेश बंसल, अक्षय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, राज कुमार अग्रवाल, प्रेम चंद्र गोयल, संजय अग्रवाल, दीपक सिंहल, नितेश अग्रवाल,ओमप्रकाश,मोहन लाल, पंडित जी भिंडारा, मनजिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह पन्नू, रामौतार कश्यप, रवि भाटिया, मनीष पटेल, डॉ एस के भौमिक, रियाज अहमद, हरभजन सिंह मन्नू, सिद्दार्थ दुबे, धर्मा वाल्मीकि, विक्की, देवी प्रसाद समेत सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे हैं।

## अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोग घायल

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला नूरीनगर निवासी नब्बी अपने पुत्र सरताज के साथ साइकिल से मजदूरी कर घर लौट रहा था, तभी चीनी मिल के पास बाइक की टक्कर से बाइक चालक गुरविंदर सिंह निवासी बहेड़ी और साइकिल सवार सरताज और नब्बी घायल हो गए। दुसरे हादसे में कार पलटने से लाल बती निवासी चंदौली सीतापुर एवं तीसरे हादसें में अंकुल मिश्रा निवासी पिपरिया जयभद्र और अनुज मिश्रा निवासी मुजफ्फरनगर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार को सीएचसी चिकित्सक ने बताया अलग अलग हादसों में 6 लोग घायल हुए थे जिनको उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## मारपीट कर दो हजार रुपए व मोबाइल छीनने का आरोप पुलिस से की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव महादेव माती के रहने वाले विपिन पुत्र श्रीपाल ने मंगलवार चार बजे बताया कि उसको गांव का ही रहने वाला छोटे लाल अपने घर बुलाकर ले गया था। आरोप है कि छोटेलाल ने विवेक और विपिन के साथ मिलकर विपिन पुत्र श्रीपाल के साथ मारपीट कर दो हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उल्टा पीड़ित युवक पर ही मोबाइल चोरी का आरोप लगा दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्नू चौराहा, खैराबाद निवासी सईद अहमद मंगलवार सुबह लगभग 06 बजे अपने पुत्र मो. अरमान के साथ बाइक (टीवीएस विक्की) से रामगंज जा रहे थे। जैसे ही वे पयागीपुर चौराहा के पास भारत पेट्रोल पंप के निकट पेट्रोल भरवाने के लिए मुड़े, तभी प्रतापगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार लाल रंग की कार (संख्या: यूपी 41 एल 9573) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में सईद अहमद और उनका पुत्र मो. अरमान गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में भर्ती कराया गया। सईद अहमद की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं मो. अरमान का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में मो. अरमान की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

## पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से जनसुनवाई आज

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि सदस्य सचिव, उप्र राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद सुलतानपुर में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से सदस्य, श्रीमती प्रभात के द्वारा विकास भवन के प्रेरणा सभागार में महिलाओं से सम्बन्धित जन-सुनवाई आज पूर्वान्ह 10:30 बजे की जायेगी।

## अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को धर-दबोचा

**अखंडनगर/सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ३९ साल पुराना जमीनी विवाद बना हत्या की वजह जिसमें हाल ही में अभी सुप्रीम कोर्ट से फैसला आया था। हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। तीन हत्यारोपी गिरफ्तार किये गये है। अखंडनगर थाना क्षेत्र के मरूई किशुनदासपुर में अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्या की गोली मारकर की गई। जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या की वजह 39 साल पुराना जमीनी विवाद था, घटना के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अखंडनगर थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। उनकी जगह दीपक कुशवाहा को नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकास खंड मरौरी की ग्राम पंचायत खाग में केंद्रीय पक्षी अनुसंधान केंद्र के डॉक्टर एमपी सागर द्वारा खेती के साथ-साथ में मुर्गी पालन व अंडा उत्पादन करके एक आय का साधन बनाया जा सकता है।जिससे प्रतिदिन की नकद आमदनी प्राप्त करके घरेलू खर्चों में सहायक आय साधन बनाया जा सकता है।इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र टाटा विजैसी के प्रभारी डॉक्टर एस एस ढाका ने जहर जहर युक्त खेती करने के सुझाव दिए हैं।साथ ही इसके दुष्परिणाम मिट्टी और किसान दोनों के लिए है। कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही 75% अनुदान पर जिप्सम का प्रयोग किसानों को अवश्य करना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल द्वारा बढ़ते हुए तापमान से किसानों को निजात पाने का एक सरल उपाय 40% छूट पर कृषि विभाग द्वारा सोलर पंप की उपलब्धता है।किसान को कृषि विभाग की साइट पर अपना सोलर पंप बुक करा कर आसानी से प्राप्त कर किया जा सकता है। इस मौके पर राजवीर सिंह, हरिश्चंद्र वर्मा, प्रेम शंकर, वीरेंद्र कुमार,प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार सहित लगभग 250 किसान मौजूद रहे हैं।

# समर कैंप का हुआ समापन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे बीएसए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। कंपोजिट विद्यालय बरहा में दिनांक 21 मई 2025 से चल रहे समर कैंप का दिनांक 10 जून 2025 को समापन हो गया। समापन के अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विद्यालय की शिक्षिका गीता कुमारी ने समर कैंप के अंतर्गत क्या-क्या गतिविधियां की गई थी। इन सब का सब के बारे में अतिथियों को बताया। तथा समर कैंप में जो प्रतियोगिताएं हुई थी। उसमें प्रथम ,द्वितीय और तृतीय बच्चों,वालंटियर बच्चे ज्योति तथा हरप्यारी,अनुदेशक सृष्टि तथा विजयलक्ष्मी को बीएसए द्वारा पुरस्कृत किया गया।तत्पश्चात बीएसए ने बच्चों की समर कैंप से संबंधित गतिविधियां देखी जिसमें टेबल टेनिस बच्चे खेल रहे थे और बच्चों ने एक एक्टिविटी मॉडल बनाया था उसका निरीक्षण किया गया इसके अतिरिक्त विद्यालय में कुम्हार को बुलाकर चाक पर बर्तन कैसे बनाए जाते हैं। यह बच्चों को सिखाया गया।बीएसए ने अपने उद्‌बोधन में विद्यालय में बच्चों के कार्यों को सराहा और कहा कि यह विद्यालय हमारे पीलीभीत का कोहिनूर है। विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं बच्चों में इसे हर्ष की लहर फैल गई।इस अवसर पर जिला समन्वयक राकेश पटेल एवं जितेंद्र कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी ललौरीखेड़ा अमूल अग्रवाल,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रवि , अनिल सक्सेना ,डॉक्टर अनुरीता सक्सेना ,शशि गुप्ता,लक्ष्मीकांत शर्मा,अनिल मैंनी,प्रथम एजुकेशन के सदस्य गण,बरहा प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष निर्मला आदि गणमान्य लोग विद्यालय की शिक्षक रमेश चंद्र,शैलेंद्र जायसवाल, मानविंदर कौर ,निधि अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता गंगवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय बालिका की मौत

तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव सेमरा मजरे चिलौली की एक पंद्रह वर्षीय बालिका की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सेमरा निवासी राम तीरथ की पन्द्रह वर्षीय सुपुत्री संतोषा सोमवार की रात में अपने घर से शौच के लिये निकली थी वह अकबरगंज रेलवे स्टेशन के रेलवे क्रासिंग सेमरा के पास पहुंची थी कि उधर से आ रही एक ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे बालिका की कटकर मौत हो गई है। मंगलवार की सुबह उक्त घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। रेलवे स्टेशन अकबरगंज के स्टेशन मास्टर द्वारा इस मामले से इन्हौना पुलिस को अवगत कराया गया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# नासै रोग हरै सब पीरा जपत निरन्तर हनुमत बीरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। ज्येष्ठ माह के पांचवे बड़े मंगल पर संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ के उपरांत सैकड़ों जगहों पर विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तिमय गीतों से इलाका गुंजायमान रहा।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डीआईओएस डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने बड़े मंगल पर प्रसाद वितरण का शुभारम्भ किया जिसमें काफी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गांव चिलौली में आलोक शुक्ला द्वारा ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर सुंदरकाण्ड पाठ आयोजित किया गया उसके बाद प्रसाद में पूड़ी सब्जी हलुआ वितरित किया गया। सिंहपुर में व्यवसायी फूलचंद्र चौरसिया द्वारा बड़े मंगल पर सुंदरकाण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों और काफी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।कस्बा सेमरौता में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी के प्रतिष्ठान मेसर्स हमारा पम्प पर संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सम्भ्रांत नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।सेमरौता स्थित प्राचीनतम हनुमान गढ़ी मंदिर पर आशीष यादव द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा इन्हौना में अजय यज्ञसैनी द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें राहगीरों ने प्रसाद के रुप में कढ़ी चावल और शरबत ग्रहण किया। जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज के प्रधानाचार्य वैभव मिश्रा के आवास रतवापुर में श्रीराम चरित मानस पाठ के समापन के उपरांत विशाल ब्रम्हभोज आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के साथ ही दर्जनों ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही काफी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। चिलौली में अंकुर शुक्ला के संयोजकत्व में ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर सुंदरकाण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह का आखिरी बड़ा मंगल होने के कारण जनपद के अन्य तमाम कस्बों और गांवों में विशाल भण्डारा की धूम मची रही और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, शिरीष गुप्ता, सत्येन्द्र तिवारी, नवनीत त्रिवेदी, विकल्प श्रीवास्तव,श्रीचन्द्र चौरसिया, सतीश सिंह, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, सौरभ अवस्थी,चंद्र शेखर द्विवेदी, बृजेन्द्र तिवारी,कुंवर दिनेश सिंह, शिव करन त्रिवेदी, ध्रुवराज पासी, अमित तिवारी, कल्लू दुबे,बबलू चौरसिया, अनुज शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अजय सोनी, नीरज यादव, राहुल पाठक,सुनील कुमार पासी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तिलोई अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा लगभग छह वर्षों से फरार चल रहे एक हिस्ट्रीशीटर को पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान शफीक पुत्र सावित अली निवासी ग्राम रुकुनपुर मजरे जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार शफीक थाना शिवरतनगंज का शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना शिवरतनगंज पर गोवध निवारण अधिनियम के तहत तीन अभियोग पंजीकृत हैं जो कि लगभग छह वर्षों से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पीएम श्री केश कुमारी इंटर कॉलेज में समर कैंप का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शहर के मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में आज समर कैंप का समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। ध्यातव्य हो कि 21 दिवसीय समर कैंप का प्रारंभ 21 मई 2025 हुआ था जिसका समापन आज 10 जून 2025 को किया गया। छात्राएं प्रतिदिन की भांति आज भी पहले योगाभ्यास एवं व्यायाम के साथ दिन की शुरुआत कीं, उसके बाद सैकड़ों छात्राओं ने 21 दिनों में समर कैंप में क्या सीखा इसका अनुभव साझा किया, उनके अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की और उन्होंने यह बताया कि इस 21 दिन में हमारे बच्चों ने पठन-पाठन के अतिरिक्त कुछ अन्य गतिविधियों को भी सीखा है जो कि सरकार द्वारा निःशुल्क यह कैंप चलाया गया। शिक्षक अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष ने भी आकर विद्यालय की इन गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वर्तमान शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री परमानंद पांडेय ने भी इस समर कैंप के आयोजन और गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए छात्राओं को बताया अभी सीखने का समय है आप जितना चाहो उतना सीख सकते हो। राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत विद्यालय की शिक्षिका डॉ0 बबिता जैन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने अपने उद्‌बोधन में आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि जो समर कैंप का आयोजन इस वर्ष राजकीय विद्यालयों में किया गया है उसी के लिए प्राइवेट विद्यालय में लोग अच्छी खासी फीस देकर इन गतिविधियों को सीखाते हैं, जिसे यहां पर निःशुल्क सिखाया गया है और इसके माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव है ।

# अंतिम बड़े मंगल को हनुमानजी के महाप्रसाद का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। ज्येष्ठ माह के पांचवे व अंतिम मंगलवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर हनुमानजी के भंडारे की धूम रही। जगह-जगह सुदरकांड का आयोजन, शर्बत वितरण व पूड़ी सब्जी के रूप में प्रसाद वितरण श्रद्वालुओ में देर शाम तक होता रहा। पुलिस लाइन गेट के पास सबह साढे 11 बजे से शुरु हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से राजेश कुमार उर्फ डब्लू, पत्रकार पिंटू तिवारी व राहुल सोनकर, अखिलेस सोनकर, सर्वेश मिश्र, रवि सोनकर, विशाल, अजय विक्रम सिंह, सुनील कनौजिया, सर्वेश जायसवाल व राजेन्द्र मोदनवाल उपस्थित रहे।

वही कादीपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल बिजेथुआ महावीरन धाम में ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दक्षिण मुखी हनुमान जी के इस पवित्र स्थल पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा। कादीपुर उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला तैनात रहा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल व्यवस्था संभाले रहे। पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। स्वास्थ्य विभाग की टीम चिकित्सकों और एम्बुलेंस के साथ मौजूद रही। सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामकुमार यादव के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखी। करीब 75 हजार श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन किए। मेले में कुछ असामाजिक तत्वों ने अराजकता फैलाने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने तुरंत नियंत्रित किया। भीड़ में सक्रिय जेबकतरों और चेन स्नैचर्स को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस रामायण कालीन दिव्य स्थल पर श्रद्धालु हनुमान जी के जयकारों के साथ शांतिपूर्वक दर्शन कर रहे हैं। प्रशासन मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क है। बता दें कि यहां पर भोर तीन बजे से ही दूर-दराज से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। दोपहर तक करीब सवा लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र मकरी कुंड में स्नान किया। भक्तों ने मीठी पूड़ी, लड्डू भोग प्रसाद और मालाफूल चढ़ाकर बजरंगबली के दर्शन किए। दुकानदारों के अनुसार, अप्रत्याशित भीड़ के कारण दोपहर तक ही सारा लड्डू प्रसाद बिक गया। उनका अनुमान है कि यदि और लड्डू होते तो शाम तक एक कुंतल और बिक जाते। श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर भंडारे और शर्बत वितरण का आयोजन कर पुण्य अर्जित किया।

# गरीबी में कमी

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं। आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहने वाली आबादी के बड़े हिस्से के लिये यह खतरा बना हुआ है। एक मजबूत सुरक्षा कवच का अभाव इस संकट की संवेदनशीलता को बढ़ा देता है। भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

> आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है।

# विकसित व समृद्धशाली बनने की ओर अग्रसर नया भारत

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मू ऽकश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर ऽडोजियर ही खेलते रहे थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने पाकिस्तान व उसको सहयोग देने वालों के प्रति इतना कड़ा रुख अपनाया है। मोदी सरकार की नीति से स्पष्ट हो गया है कि अब अगर पाकिस्तान या उसके पोषित आतंकवादियों ने कोई भी गलती करी तो पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।**

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मू ऽकश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर ऽडोजियर ही खेलते रहे थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने पाकिस्तान व उसको सहयोग देने वालों के प्रति इतना कड़ा रुख अपनाया है। मोदी सरकार की नीति से स्पष्ट हो गया है कि अब अगर पाकिस्तान या उसके पोषित आतंकवादियों ने कोई भी गलती करी तो पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मोदी सरकार के विगत ग्यारह वर्षों में चलाए गए आत्मनिर्भर भारत की धमक ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पूरे विश्व ने अनुभव की जब भारत के स्वदेशी यंत्रों और आयुधों ने अमरीका, चीन और तुर्की जैसे देशों के हथियारों धूल चटा दी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आयुधों तथा रक्षा प्रणालियों के क्रेता से विक्रेता बनने की यह यात्रा नए नरेंद्र मोदी के भारत की पहचान है। केवल सीमापार ही नहीं वरन सीमाओं के भीतर बैठे लाल आतंकी भी डर में हैं और अपनी अंतिम साँसे गिन रहे हैं। नक्सलवाद के सफाये का व्यापक संकल्पबद्ध अभियान चलाया जा रहा है और गृह मंत्रालय ने 2026 तक भारत को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है। मोदी जी के दूसरे कार्यकाल के आरम्भ में ही 5 अगस्त 219 को जम्मू कश्मीर में अलगाववाद की पोषक धारा -370 इतिहास के पृष्ठों में चली गई और राज्य देश की मुख्य धारा से जोड़ा जा सका। जम्मू कश्मीर ने विकास की राह पकड़ी। प्रान्त में जी -20 (जो भारत की अध्यक्षता के बाद 21 हो चुका है) की बैठकें हुईं। पर्यटन बढ़ा, रोजगार आया, युवाओं के लिए नए अवसर खुले। शांतिपूर्ण चुनाव हुए। कुछ ही दिन पूर्व प्रांत में चंद्रभागा (चिनाब) नदी पर बना विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया। मोदी राज से पूर्व ये सब कुछ कल्पना मात्र था। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, उज्ज्वला, मातृत्व वंदन, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण आवास, जन-धन, फ्री राशन जैसी योजनाओं से मोदी सरकार ने बड़ी जनसँख्या को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की है। विश्व बैंक की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार के विभिन्न प्रयासों के चलते 27 करोड़ भारतीय घोर गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चुनौतियों व विपरीत परिस्थितियों के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था लंबी छलांग लगा रही है और भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2014 के पूर्व एक ऐसा समय भी था जब भारत को फ्रजाइल फाइव में से एक कहा गया। महिलाओं की चिंता करते करते हुए पहले मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति तथा फिर संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी अपने आप में सफलता की कहानियां हैं। डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी शासन प्रणाली की स्थापना के प्रयास से आज एक तरफ राज्य की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँच रहा है वहीं दूसरी और विश्व भर के निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया के कारण जनता का जीवन और व्यापार दोनों आसान हुए हैं। बैंकिंग आसान हुई है तथा सरकार की जन -धन योजना ने बड़ी आबादी को देश की बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है जिससे सरकारी योजनाओं का वित्तीय लाभ सीधे जनता के बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। आधार आधारित प्रणाली योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्व में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए नोटबंदी का कड़ा निर्णय लिया,उस समय सभी समस्याएं उठाते हुए देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी रही यह उसके अपने प्रधानमंत्री पर अटल विश्वास का परिचायक था। 2017 में आया नया जीएसटी कानून भी कर व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव लेकर आया। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐसे सभी कार्य संपन्न हो रहे है जिनका पहले लोग केवल सपना देखते थे। अयोध्या में 500 वर्षों के अथक संघर्षों के बाद दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का निर्माण का संकल्प अब पूर्णता की ओर है। 2014 के चुनाव प्रचार तक विपक्षी छ्द्मलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे किंतु तारीख नहीं बताएंगे' कहकर भाजपा का मखौल उड़ाते थे किंतु प्रभु बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विपक्ष स्वयं मखौल बनकर रह गया है। आज करोड़ों रामभक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण काल चल रहा है। भारत भर के हिंदू सनातन संस्कृति के सभी प्रमुख केंद्रो का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का सफल व अभूतपूर्व आयोजन किया गया जिससे संपूर्ण विश्व में हिंदू एकजुटता का पवित्र संदेश गया। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर हजारों साल पुरानी चोरी हुई कलाकृतियां व मूर्तियां भारत को वापस मिल रही हैं। जिसमें वाराणसी में अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति अत्यंत महत्व की है। देश के सभी तीर्थस्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ देने के साथ साथ उन्हें रेल, सड़क व वायु पविहन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। मोदी जी के द्वितीय कार्यकाल में कोविड जैसी महामारी का प्रकोप हुआ जिससे विश्व के बड़े बड़े देशों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गयीं। कई देशों में हड़ताले हुईं,दंगे हुए यहां तक कि सत्ता परिवर्तन तक हो गये किंतु भारत की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आम जनमानस के सहयोग से समस्या से निपटी और सफल हुई। भारत सरकार विदेशी वैक्सीन बेचने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी डटकर खड़ी रही। भारत ने न केवल अपनी वैक्सीन बनायी वरन वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को धारण करते हुए विश्व के कई देशों को भी इसे उपलब्ध कराया। आमजन के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री सदा चिंतित रहते हैं इसके लिए एक तरफ आयुष्मान भारत योजना लागू की गई और सस्ती दवाओं की उपलब्धता के लिए जनऔषधि केंद्र खोले गए वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की अवस्थापना, चिकित्सा तथा उपचिकित्सा सेवा प्रदाताओं की संख्या बढ़ाने तथा टेली मेडिसिन पर तेजी से काम किया गया। योग के माध्यम से आरोग्य सुनिश्चित करने के लिए योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं, भोजन में श्री अन्न को स्थान दिलाने के प्रयत्न हो रहे हैं और अब प्रधानमंत्री जी ने नागरिकों से भोजन में वसा युक्त खाद्य पदार्थों की मात्रा कम करने का आह्वान किया है। मोदी जी के नेतृत्व में अंतरिक्ष, विज्ञान में भारत ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। चाहे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा फहराना हो या या सूर्ययान आदित्य एल -01 की सफलता की कहानी हो इसरो का 100 अंतरिक्ष यान भेजने का कीर्तिमान, अब तो भारत गगनयान का भी प्रक्षेपण करने जा रहा है। सर्व समावेशी, सर्व दिशीय विकास की भारत की यह गौरव यात्रा भारत को निश्चित ही विकसित भारत की ओर ले जाएगी ऐसा प्रत्येक भारतीय का विश्वास है। -मृत्युंजय दीक्षित

# ...जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय

(कबीर जयंती पर विशेष)

**योगेश कुमार गोयल**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास की 11 जून को जयंती है। इस अवसर पर उनका प्रसिद्ध दोहा याद आता है-''बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय'' इसका अर्थ है कि जब मैं दूसरों की बुराई देखने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने दिल में झांककर देखा, तो मुझे समझ आया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है। यह दोहा आज भी हमें आत्म-चिंतन करने और खुद को सुधारने की प्रेरणा देता है। कबीर दास कहते हैं कि दूसरों की बुराई देखने से बेहतर है कि हम खुद को देखें और अपनी गलतियों को सुधारें। इस दोहे की शिक्षा है-हमें दूसरों की बुराई देखने के बजाय अपनी कमियों पर ध्यान देना चाहिए। हमें बदलाव की शुरुआत खुद से करनी चाहिए। हमें हमेशा विनम्र रहना चाहिए। यह दोहा हमें आत्म-चिंतन के लिए भी प्रेरित करता है। संत कबीर ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत किया है और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल है। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। कबीर जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह इस वर्ष 11 जून को मनाई जाएगी। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहीं बैठा रहा। कबीर ने उस व्यक्ति से उसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, ''महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ। दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहे अनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनट बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी।

## सेहत मंत्र

# महिलाओं की सेहत के लिए संजीवनी है मखाने का सेवन, कई समस्याओं से मिलेगी निजात

आजकल की बिजी लाइफस्टाइल के चलते अक्सर महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भूल जाती हैं। जिसके कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। बता दें कि महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए मखाने का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। मखाने के सेवन से महिलाओं के शरीर को कई फायदे मिलते हैं। मखाने में कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन और जिंक जैसे तत्व मौजूद होते हैं। यह सारे पोषक शरीर के लिए फायदेमंद होते है। मखाना का सही मात्रा में सेवन करने से कई गंभीर रोगों से बचाव होता है। आइए जानते हैं मखाने के सेवन से महिलाओं को किस तरह से फायदा मिलता है। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए मखाना का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अक्सर बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं को हड्डी से जुड़ी कई समस्याएं घेर लेती हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए मखाना खाना लाभकारी होती है। मखाने में मौजूद कैल्शियम की मात्रा हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करती है। मखाना के सेवन से महिलाओं में कमजोरी दूर होती है। क्योंकि मखाना में आयरन, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। वहीं इसके सेवन से उनके शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। वहीं थकान और कमजोरी से राहत मिलती है। गर्भवती महिलाओं के लिए मखाना का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि मखाना में मौजूद सभी पोषक तत्व प्रेग्नेंट महिला के लिए बेहद जरूरी होता है। वहीं इसके सेवन से प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलती है। बता दें कि जिन महिलाओं का वजन काफी बढ़ा होता है। उनके लिए मखाना का सेवन काफी फायदेमंद होता है। मखाना खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और भूख कम लगती है। इससे वजन कंट्रोल करने में सहायक होता है।

## धर्म मंत्र

# गिरिजाबांध मंदिर में नारी रूप में होती है हनुमान जी की पूजा

मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अनन्य और परम भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। इन्हें कई नामों से जाना जाता है, जिनमें पवनपुत्र, बजरंगबली, संकट मोचन, हनुमान जी प्रमुख हैं। धार्मिक ग्रंथों में हनुमान जी को ब्रह्मचारी बताया गया है। हालांकि, देश में एक ऐसा मंदिर है, जहां हनुमान जी की पूजा नारी स्वरूप में होती है। इस मंदिर की महिमा बड़ी निराली है। ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी इस स्थान के सकल समाज की नारी रूप में रक्षा करते हैं। साथ ही भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। हनुमान जी का यह मंदिर छत्तीसगढ़ के रतनपुर जिले के गिरिजाबंध में अवस्थित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मंदिर की स्थापना पृथ्वी देवजू ने की है, जो कि तत्कालीन राजा थे। एक बार की बात है कि राजा पृथ्वी को कुष्ठ रोग हो गया। इसके लिए उन्होंने सभी जतन किए, लेकिन उनका कुष्ठ रोग ठीक नहीं हुआ। तब उन्हें किसी ज्योतिष ने हनुमान जी की पूजा-उपासना करने की सलाह दी। राजा पृथ्वी ने हनुमान जी की कठिन भक्ति की, जिससे प्रसन्न होकर हनुमान जी एक रात स्वप्न में आकर बोले-अपने क्षेत्र में एक मंदिर बनवाओ, जिसके समीप एक सरोवर खुदवाओ। इस सरोवर में स्नान करने से तुम्हारा कुष्ठ रोग दूर हो जाएगा। राजा देवजू ने हनुमान जी के वचनों का पालन कर मंदिर बनवाया, सरोवर खुदवाया और सरोवर में स्नान भी किया। इससे राजा का कुष्ठ रोग ठीक हो गया। इसके कुछ दिन बाद राजा को हनुमान जी का स्वप्न आया कि सरोवर में एक प्रतिमा अवस्थित है, उसे मंदिर में स्थापित करो। राजा के सेवकों ने सरोवर में प्रतिमा की तलाश की तो उन्हें एक हनुमान जी की नारी स्वरूप वाली प्रतिमा मिली, जिसे मंदिर में स्थापित किया गया।

## पर्यटन



# एलोरा गुफाओं की बात है निराली

एलोरा गुफाएं, उत्तर-पश्चिम-मध्य महाराष्ट्र राज्य में 34 शानदार रॉक-कट मंदिरों की एक श्रृंखला है। वे औरंगाबाद के उत्तर-पश्चिम में 19 मील और अजंता की गुफाओं से 50 मील दक्षिण-पश्चिम में एलोरा गांव के पास स्थित हैं। करीबन 2 किमी की दूरी में फैले इन मंदिरों को बेसाल्टिक चट्टानों से काटा गया था और इनमें विस्तृत अग्रभाग और आंतरिक दीवारें हैं। एलोरा परिसर को 1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था। ये लुभावनी गुफाएं अपनी मूर्तियों और वास्तुकला के लिए निश्चित रूप से देखने लायक हैं। एलोरा की गुफाएं न केवल तीन महान धर्मों (बौद्ध, ब्राह्मणवाद और जैन धर्म) की गवाही देती हैं, बल्कि वे सहिष्णुता की भावना, प्राचीन भारत की विशेषता को भी दर्शाती हैं, जिसने इन तीनों धर्मों को अपने अभयारण्यों और अपने समुदायों को एक ही स्थान पर स्थापित करने की अनुमति दी। 12 बौद्ध गुफाएं (दक्षिण में) लगभग 200 ईसा पूर्व से 600 सीई तक, 17 हिंदू मंदिर (केंद्र में) लगभग 500 से 900 सीई तक और 5 जैन मंदिर (उत्तर में) लगभग 800 से 1000 सीई तक बनाई गई हैं। एलोरा ने मठों (विहारों) और मंदिरों (चैत्य) के एक समूह के रूप में कार्य किया। गुफा मंदिरों में सबसे उल्लेखनीय कैलाशा (कैलासनाथ गुफा 16) है, जिसका नाम हिमालय के कैलास रेंज में पर्वत के लिए रखा गया है जहां हिंदू भगवान शिव निवास करते हैं। साइट पर अन्य मंदिरों के विपरीत, जो पहले चट्टान के चेहरे में क्षैतिज रूप से खोदे गए थे, कैलाशा परिसर को बेसाल्टिक ढलान से नीचे की ओर खोदा गया था और इसलिए यह काफी हद तक सूर्य के प्रकाश के संपर्क में है। 8 वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण, कृष्ण प्रथम के शासनकाल में शुरू हुआ। इसमें सीढ़ियों, दरवाजों, खिड़कियों और कई निश्चित मूर्तियों के साथ विस्तृत नक्काशीदार मोनोलिथ और हॉल हैं। इसकी बेहतर सजावट में से एक विष्णु का एक दृश्य है जो एक नरसिंह में बदल गए। प्रवेश द्वार के ठीक बाहर, मुख्य प्रांगण में, शिव के बैल नंदी का एक स्मारक है। हॉल के भीतर चित्रण में 10 सिरों वाले राक्षस राजा रावण ने ताकत के प्रदर्शन में कैलास पर्वत को हिलाने का दृश्य भी मौजूद है।

# ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को खूब बंटा बजरंगी का प्रसाद

## बाबा मस्ताना आश्रम पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया भंडारे का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी ज्येष्ठ मास के अंतिम एवं पावन मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भंडारों का आयोजन कर श्रद्धा भाव से प्रसाद वितरित किया गया। रामनगर संवाददाता अनिल शुक्ला के अनुसार ग्राम अल्लापुर में समाजसेवी अभय मिश्रा, विनय मिश्रा, अजय मिश्रा, मनोज मिश्रा एवं मोनू मिश्रा द्वारा आयोजित भंडारे में प्रधान प्रतिनिधि ब्रजेश वर्मा, भाजपा युवा नेता राहुल अवस्थी एवं पप्पू यादव सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गौंदौरा पेट्रोल पंप के पास दीप नारायण, शेषनारायण, मुकेश मिश्रा एवं रोशन मिश्रा द्वारा संचालित भंडारे में ग्राम प्रधान शिवम मिश्र की उपस्थिति रही। यहां श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। लखनऊ-गोंडा राष्ट्रीय



राजमार्ग पर ग्राम नचना स्थित श्री महादेवा फिलिंग सेंटर पर प्रोपराइटर पवन कुमार सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें छोले-चावल व बूंदी प्रसाद वितरित किया गया। कस्बा गणेशपुर स्थित शिव शक्ति ट्रेडर्स एवं शुक्ला परिवार द्वारा अनुपम शुक्ला, पत्रकार रामकुमार उर्फ पिंटू शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, अमित शुक्ला, ग्राम प्रधान राकेश वर्मा एवं उत्तम वर्मा के नेतृत्व में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यहाँ श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद प्राप्त हुआ। चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर प्रियांशी कंस्ट्रक्शन के मालिक लालजी द्वारा भंडारा संचालित कर पूड़ी-सब्जी व बूंदी प्रसाद वितरित किया गया। आदर्श नगर पंचायत रामनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर समाजसेविका कंचन तिवारी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी एवं सभासद अवनीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर, बरियारपुर के झडूले दास बाबा हनुमान मंदिर, चंदनापुर एवं रानीबाजार स्थित हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों द्वारा भंडारे आयोजित किए गए। ग्राम सीहामऊ में



सत्तीदीन अवस्थी, विशाल अवस्थी, सत्यनारायण, प्रदीप, जीत, शिवांश, देव व विवेक द्वारा बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। बिलखिया पेट्रोल पंप के समीप पंखुड़ी ढाबा के मालिक आनंद यादव द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। वहीं ग्राम पंचायत रामपुर महासिंह में सूर्यभान यादव एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भंडारा आयोजित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। रामसनेहीघाट संवाददाता प्रभाकर तिवारी सर्वेश के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम इमलिहा सूपामऊ स्थित बाबा मस्तान आश्रम परिसर में ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सत्यम जी महाराज (अयोध्या) द्वारा संगीतबद्ध सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को पूजा-अर्चना व आरती के उपरांत भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इमलिहा निवासी ओंकार पाल द्वारा आयोजित इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंत्री श्री शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को 'बड़ा मंगल' के रूप में मनाया जाता है, जो हनुमान जी की आराधना को समर्पित एक विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। इस अवसर पर अमरेन्द्र सिंह प्रिंसू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह रिंकू, भाजपा पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी, सतीश रावत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी आश्रम परिसर में एयरटेल टेलीकॉम व बजाज एजेंसी के व्यवसायी रामबाबू द्वारा भी प्रातः से ही भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, इमलिहा में पुरोहित परिवार के सदस्य श्री राजेश पांडेय द्वारा भी भावपूर्ण भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, सनौली चौराहे पर सुधांशु स्टूडियो के सौजन्य से आयोजित भंडारे में रोहित तिवारी, डॉ. रवि त्रिपाठी, सत्यम वर्मा, गोविंद किराना स्टोर, अमरेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आमजन की पहुंच से दूर हो गया थाने के निकट बना सार्वजनिक शौचालय

## सार्वजनिक शौचालय को कुछ पुलिस कर्मी समझने लगे निजी संपत्ति, शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कोठी में वर्षों पूर्व ग्रामीण सुविधा हेतु बनाया गया सार्वजनिक शौचालय, अपने उद्देश्य में पूर्णतः विफल साबित हो रहा है। इसका मुख्य कारण है—इसका निर्माण कोठी थाना परिसर के निकट, मुख्य गेट के बाहर कराया जाना, जिससे यह आमजन की पहुँच से बाहर हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कोठी थाने में तैनात कुछ पुलिसकर्मी इस सामुदायिक सुविधा को निजी संपत्ति समझ बैठें हैं और आम नागरिकों को शौचालय अथवा वहां लगे नल का उपयोग तक नहीं करने देते। ऐसी ही एक घटना मंगलवार को सामने आई, जब थाना परिसर के सामने रहने वाले ग्रामीण शिवकुमार उर्फ कल्लू हाथ-पैर धोने के लिए सार्वजनिक नल पर पहुंचे। शिवकुमार के अनुसार, थाने में तैनात सिपाही अमर बहादुर ने उन्हें वहां देखकर न केवल रोका बल्कि अभद्र व्यवहार करते हुए वहां से भगा भी दिया। शिवकुमार ने कई बार सफाई दी कि उन्होंने केवल हाथ-पैर धोए हैं, लेकिन पुलिसकर्मी ने एक नहीं सुनी और उन्हें अपमानित कर वहां से भगा दिया। इस घटना से आहत शिवकुमार ने उक्त व्यवहार की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई है और संबंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।




### प्रशासनिक लापरवाही या व्यवस्था की विफलता?

सवाल उठता है कि जब सार्वजनिक शौचालय ग्रामीणों के लिए बनाया गया था, तो उसका स्थान थाना परिसर जैसा प्रतिबंधित और संवेदनशील क्षेत्र क्यों चुना गया? क्या प्रशासन ने कभी इस पर ध्यान दिया कि यह सुविधा वास्तव में उपयोगी है भी या नहीं? स्थानीय लोग प्रशासनिक चूक और पुलिस की मनमानी से क्षुब्ध हैं। उनका कहना है कि यदि सार्वजनिक सुविधा को आमजन के प्रयोग से रोका जाएगा, तो फिर इन योजनाओं का औचित्य ही क्या रह जाता है? अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर प्रशासन क्या संज्ञान लेता है और क्या ग्रामवासियों को उनका वाजिब अधिकार वापस मिल पाता है या नहीं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंची तहसीलदार महिमा, ग्रामीणों की सुनी समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । तहसीलदार महिमा मिश्रा ने मंगलवार सुबह सरयू नदी के संभावित बाढ़ क्षेत्र में स्थित कई गांवों—सुंदरनगर, कोण्डरी, बतनेरा, उधिया और बबुरी—का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याएं सुनी और कहा कि नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर तुरंत सूचना दें। तहसील प्रशासन के लेखपाल व कानूनगो लगातार संपर्क में रहेंगे, फिर भी कोई गंभीर दिक्कत आए तो प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराएं; समाधान प्राथमिकता पर कराया जाएगा।इसके बाद तहसीलदार ने सुंदरनगर में कमलू, राम कुमार, जय शंकर, वीरेंद्र सहित ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क, विद्यालय, नाला-नाली जैसी आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कीं। उन्होंने बताया कि फिलहाल सरयू का जलस्तर सामान्य है, किंतु जिला प्रशासन पहले से ही अलर्ट



**कानूनगो लेखपालों से बाढ़ क्षेत्र के लोगों के संपर्क में रहने के निर्देश**

मोड में है। नाव, बिजली तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की अग्रिम व्यवस्था कर दी गई है, जबकि पांडेय पुरवा सड़क पर राहत केंद्र पूरी तरह तैयार है, जो आपदा की स्थिति में प्रभावितों के लिए आश्रय स्थल का कार्य करेगा। जिले के प्रभारी मंत्री ने सोमवार को ही बाढ़ प्रभावित इलाकों का भ्रमण कर अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याएं पूर्व-सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। उसी क्रम में यह निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन स्थिति पर निरंतर निगरानी रखे हुए है और किसी भी आपात परिस्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# मंत्री सतीश ने जनता को सौंपा खेल का मैदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत ठाकुरपुर में विकास कार्यों की श्रृंखला का आज आगाज हुआ। मंगलवार को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मनरेगा से निर्मित खेल मैदान का फीता काटकर उद्घाटन किया। राज्य मंत्री ने ग्राम पंचायत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मनरेगा के माध्यम से बारात घर, खेल मैदान और अमृत सरोवर जैसी योजनाएं क्रियानवित की जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इनमें प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, निशुल्क खाद्यान्न और आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड शामिल हैं। खेल मैदान परिसर में बड़े मंगलवार के अवसर पर हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, मुलायम सिंह यादव, पुष्पेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, जयप्रकाश वर्मा सहित अन्य ग्राम प्रधान और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मासूम से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, कोर्ट संख्या 44, प्रण विजय सिंह ने थाना बदोसराय से संबंधित आठ वर्षीया मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त रमेश को पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 2100 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह, योगेन्द्र सिंह व पुरुषोत्तम मिश्रा के अनुसार बदोसराय थानांतर्गत एक गांव की निवासी वादिनी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी दो पुत्रिया 8 वर्षीय पीड़िता व 6 वर्षीय उसकी बहन गांव के ही रमेश मास्टर के घर 5 अप्रैल 2023 को दिन में 11 बजे पढ़ने गई थी। छोटी बेटी घर वापस आ गई ,लेकिन बड़ी बेटी/पीड़िता 2:30 बजे के आसपास घर लौट कर आई और चारपाई पर लेट गई।कुछ देर के बाद वह दर्द से कराहने लगी तब मैंने देखा तो उसके पेशाब के रास्ते से खून बह रहा था। पूछने पर उसने बताया कि जब मैं रमेश मास्टर के यहां और दूसरी लड़कियों के साथ पढ़ रही थी तभी छुट्टी के बाद रमेश मास्टर ने सारी लड़कियों को घर भेज दिया। मुझे दरवाजा बंद करके मेरा मुंह दबा दिया और मेरे साथ गलत काम किया जिससे मुझे बहुत दर्द हो रहा था तब भी मास्टर ने मुझे एक टिकिया देकर कहा कि इसे खा लो दर्द नहीं होगा। और धमकी भी दी कि अगर घर में किसी को बताओगी तुम्हें और तुम्हारे घरवालों को जान से मार डालूंगा। पीड़िता ने पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानो के साथ ही न्यायालय पर सशपथ बयान में भी रमेश मास्टर द्वारा बलात्कार करने की बात कही थी। कोर्ट में पीड़िता सहित अन्य गवाहों के बयान, चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जज प्रण विजय सिंह ने अभियुक्त रमेश को दोषी पाते हुए उसे पॉक्सो एक्ट की धारा में आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा इक्कीस हजार का अर्थदंड भी लगाया।

### मामूली बातचीत को लेकर भिड़े दो पक्ष, लाठी-डंडे चले, छह घायल

**सिद्धौर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोठी थाना क्षेत्र के सरई बेलहरी गांव में मंगलवार शाम एक युवती से बातचीत को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते-ही-देखते कहासुनी ने तूल पकड़ लिया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। झड़प में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पहले पक्ष से राहुल, हिमांशु, बंसीलाल और सियावती, जबकि दूसरे पक्ष से प्रदीप और सूरज पुत्र मुलायम घायल बताए गए हैं। सूचना पर पहुंची कोठी पुलिस ने सभी घायल-ों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोठी भेजवाया। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हालात सामान्य बताए जाते हैं।



### नगर में विद्युत समस्या, एसडीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत जैदपुर के विस्तारित क्षेत्र समेत अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एसडीओ संदीप सिंह से भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया। विस्तारित क्षेत्र की नई बस्तियों में विद्युतीकरण की मांग की। नयापुरा मोहल्ला में ओवरहेड टैंक भी बिजली से अभाव में निष्क्रिय पड़ा है।



# एएसपी ने परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

## ड्यूटी के साथ फिटनेस का भी ध्यान रखें पुलिस कर्मी : रितेश कुमार सिंह

फोटो डथ0022

बाराबंकी : अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री रितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन, बाराबंकी स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड के उपरांत उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए दौड़ कराई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल कराई गई। एएसपी श्री सिंह ने परेड के पश्चात पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैंटीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर और भोजनालय शामिल रहे। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित




अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की भी जांच की और उन्हें अद्यतन रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ओवरलोड तथा निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रवर्तन दल की कार्रवाई से हड़कंप

## आधा दर्जन गाड़ियां सीज़, नौ पर चालान, अभियान जारी

फोटो डइ0021

बाराबंकी, परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जून तक जारी विशेष सघन चेकिंग अभियान के तहत, प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को ओवरलोडिंग और निजी वाहनों के अनधिकृत व्यावसायिक उपयोग पर बड़ी कार्रवाई की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अंकिता शुक्ला और यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी के नेतृत्व में गठित संयुक्त दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभियान चलाकर छह वाहनों के काग़ज़ात की गहन जांच की और अनियमितता पाए जाने पर सभी को थाना कुर्सी में सीज़ कराया। अभियान के दौरान कुछ सिफ़ारिशें भी सामने आईं, जिन्हें टीम ने नियम संहिता के अनुरूप निरस्त कर दिया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश पर टैक्स चोरी कर निजी




वाहन से व्यावसायिक ढुलाई करने वालों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। इसी क्रम में छह वाहन सीज़ किए गए, जबकि विभिन्न अन्य उल्लंघनों के लिए नौ चालान काटे गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने स्पष्ट किया कि अभियान अवधि में नियम उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और राजस्व हानि पहुँचाने वाले किसी भी वाहन को बख़्शा नहीं जाएगा।

### खेल के दौरान गिरा मासूम , मौत

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खेल के दौरान गिरा एक वर्षीय बालक की जिला अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हुई। बताते चले कि मंगलवार को ग्राम डुबकी निवासी फतेहखान का एक वर्षीय बेटा सुऐब बच्चों के संग खेल रहा था कि अचानक बदहवास होकर गिर पड़ा।परिजनों ने आनन-फानन में सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचने से पूर्व बालक की मृत्यु हुयी। परिजनों के मुताबिक मंगलवार को तेज धुप होने के कारण बच्चा बीमार हो गया था।

### ट्रक में घुसी जनरथ बस 24 यात्री जख्मी, नौ गंभीर

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को 41 यात्रियों से भरी जनरथ बस एक ट्रक में पीछे से घुस गई।जिससे 24 यात्री घायल हो गए जिसमें नौ की हालत गंभीर है। घायल यात्रियों में छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र बिहार देवरिया कुशीनगर और लखनऊ के यात्री हैं। हादसे में विनोद कुमार सफीकुल रहमान हामिद राजा ममता सूर्यांश अनिल यादव पूर्णिमा रिया हरिओम सोराब भवानी चरण सिंह दिलीप कुमार हरिओम पांडे रितेश कुमार गणेश सुमित सिंह सुबरन आलम परमानंद तिवारी अरविंद कुमार सरवन कुमार सहवाज खान रंजीत शुक्ला घायल हुए हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लाया गया। गंभीर घायलों में विनोद कुमार पुत्र एम वर्मा रजत पुत्र सुभाष ममता पत्नी मोहन सूर्यांश पुत्र मोहन पूर्णिमा पुत्री सुभाष भवानी शंकर सिंह पुत्र जवाहरलाल गणेश पुत्र बहादुर शुभ्रम आलम पुत्र खुर्शीद अजीत शुक्ला पुत्र ओमप्रकाश को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी के फाइनल में होगी रोमांचक भिड़ंत

एजेंसी

लंदन। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।



दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन ने महज 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन ने महज 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। पूरन वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी रहे हैं और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उनका यह फैसला ऐसे समय आया है जब वेस्टइंडीज की टीम एक बार फिर से खुद को सफ़ेद गेंद क्रिकेट में स्थापित करने की कोशिश कर रही है। हाल ही में वेस्टइंडीज टीम 2023 वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी, जिससे टीम को बड़ा झटका लगा था। टी20 क्रिकेट में पूरन अपने करियर के शिखर पर हैं। उन्होंने पिछले साल सबसे ज्यादा 170 छक्के लगाए थे। हाल ही में संपन्न आईपीएल 2025 में उन्होंने पहली बार एक सीज़न में 500 से ज्यादा रन बनाए और 40 छक्के जड़े, जो इस सीजन का सर्वाधिक आंकड़ा है। हालांकि पूरन को इंग्लैंड और आयरलैंड के मौजूदा दौरे के लिए नहीं चुना गया था, क्योंकि उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से ब्रेक की मांग की थी। पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट कभी नहीं खेला। उन्होंने सितंबर 2016 में टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था, जबकि फरवरी 2019 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था। लेकिन 2023 विश्व कप में जगह न बना पाने के बाद से वह वनडे से बाहर चल रहे थे। पूरन ने 2022 में वेस्टइंडीज की वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी भी की थी, लेकिन 30 में से केवल 8 मैच ही जीत पाए। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज की पहले राउंड में ही विदाई के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। निकोलस पूरन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा,''इस खेल ने मुझे बहुत कुछ दिया है - खुशी, उद्देश्य, यादगार लम्हें और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य। मारून जर्सी पहनना, राष्ट्रगान के दौरान खड़े होना और मैदान पर अपना सब कुछ देना मेरे लिए गर्व की बात रही है। यह अंतरराष्ट्रीय अध्याय अब खत्म हो रहा है, लेकिन मेरा प्यार वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए कभी खत्म नहीं होगा। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने पूरन के संन्यास पर बयान जारी करते हुए कहा, ''निकोलस ने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की जानकारी दी है, जिससे उनके करियर का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### राफ़ेल नडाल का 2017 फ्रेंच ओपन रैकेट रिकॉर्ड 49 लाख रुपये में नीलाम

**नई दिल्ली।** टेनिस दिग्गज राफ़ेल नडाल द्वारा 2017 फ्रेंच ओपन फाइनल में इस्तेमाल किया गया बाबोलाट रैकेट रिकॉर्ड कीमत पर नीलाम हुआ है। 'प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया' की नीलामी में यह रैकेट 1,57,333.20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 49.12 लाख रुपये) में बिका। यह अब तक किसी टेनिस रैकेट के लिए चुकाई गई सबसे बड़ी राशि है। इससे पहले का रिकॉर्ड भी नडाल के ही एक अन्य रैकेट के नाम था, जिसे उन्होंने 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान इस्तेमाल किया था। उस ऐतिहासिक मुकाबले में नडाल ने डेनियल मेदवेदेव को पांच सेटों तक चले फाइनल में हराकर अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह रैकेट 2023 में सोथेबी की नीलामी में 1,39,700 डॉलर में बिका था। 2017 में नडाल ने स्टान वावरिंका को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-1 से हराकर अपना 10वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था और इसके बाद उन्होंने रोलां गैरो पर चार और खिताब जीते, जिससे उनका कुल आंकड़ा 14 तक पहुंच गया। किसी अन्य पुरुष खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन आठ से अधिक बार नहीं जीता है। इस ऐतिहासिक रैकेट को 'रेजोल्यूशन फोटोमैचिंग' द्वारा नडाल के 2017 सत्र के 24 मैचों से फोटोमैच किया गया है, जिसमें मैड्रिड ओपन और मियामी ओपन के फाइनल भी शामिल हैं। संभावना है कि यह वही रैकेट है जिसे उन्होंने 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में भी इस्तेमाल किया था, जहां वह रोजर फ़ेडरर से हार गए थे। प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया के अनुसार, ग्रैंड स्लैम फाइनल में इस्तेमाल हुआ राफ़ेल नडाल का रैकेट मिलना बेहद दुर्लभ है, लेकिन ऐसा रैकेट जो पूरे क्ले सीजन और उससे आगे के मैचों में इस्तेमाल हुआ हो और अंततः फ्रेंच ओपन खिताब में परिणित हुआ हो, यह ऐतिहासिक है। यह कस्टम-निर्मित रैकेट नडाल के ट्रेडमार्क "Rafa" लोगो के साथ आता है और उस पर "RG 2017 Nadal" लिखा एक स्ट्रिंगिंग स्टिकर भी लगा है, जो इसे 2017 फ्रेंच ओपन से जोड़ता है।

### अर्जेंटीना ने मेसी के बिना खेलना सीख लिया : स्कैलोनी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी ने बुधवार को कोलंबिया के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबले से पहले कहा कि उनकी टीम अब लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में भी बिना किसी समस्या के खेल सकती है और अब उन्हें लाइन-अप में बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ती। मेसी ने 2005 में अर्जेंटीना के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और अब तक 192 मैचों में 112 गोल किए हैं। उन्होंने 2022 में वर्ल्ड कप, दो कोपा अमेरिका खिताब और 2008 बीजिंग ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता है। 37 वर्षीय मेसी मार्च में हुए उरुग्वे के खिलाफ 1-0 की जीत और ब्राजील के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत में चोट के कारण नहीं खेले थे, लेकिन अर्जेंटीना ने उस अंतरराष्ट्रीय ब्रेक में 2026 वर्ल्ड कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी। मेसी इस महीने के वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए टीम में लौटे और चिली के खिलाफ 1-0 की जीत में उन्हें सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतारा गया। स्कैलोनी ने ब्यूनस आयर्स में पत्रकारों से कहा, ''अब टीम इस स्थिति में है कि वह मेसी के साथ या बिना एक ही तरह से खेल सकती है, जो पहले ज्यादा जटिल हुआ करता था क्योंकि हमें कुछ खिलाड़ियों में बदलाव करना पड़ता था। लेकिन अब हमें इस जरूरत की आवश्यकता नहीं है, और टीम उसी तरह से काम करती है, यह अच्छा है। स्कैलोनी ने कोलंबिया की टीम को लेकर कहा, ''यह एक बेहतरीन टीम है, और इसमें शानदार खिलाड़ी हैं, जिनका एक स्पष्ट खेल तरीका है जो आपको मुश्किल में डाल सकता है। हमने इसका विश्लेषण किया है, और खिलाड़ियों को इसके ताकतवर पहलुओं और उन पर हम किस तरह से फायदा उठा सकते हैं, यह बताया है। यह एक शानदार मैच होने वाला है, खासकर क्योंकि हम अपने घर में खेल रहे हैं, तो हमारे लोग खिलाड़ियों को खेलते हुए देख सकेंगे।

### फोर्स मोटर्स ने बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के साथ चेन्नई प्लांट में बनाया एक लाखवां इंजन

**चेन्नई।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के साथ अपनी साझेदारी में फोर्स मोटर्स ने आज चेन्नई स्थित अपनी अत्याधुनिक इंजन असेंबली यूनिट से 100,000वें इंजन के उत्पादन की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस विशेष इंजन को बीएमडब्ल्यू एक्स 5 मॉडल में लगाया गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल 100,000 इंजन के निर्माण की सफलता को दर्शाती है, बल्कि इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, साझा मूल्यों और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति दोनों कंपनियों की मजबूत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। इस मौके पर आयोजित समारोह में फोर्स मोटर्स लिमिटेड और बीएमडब्ल्यू ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें बीएमडब्ल्यू प्रोडक्शन नेटवर्क 2 (बीएमडब्ल्यू एजी) के उपाध्यक्ष मार्कस वोलेंस, बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई के प्रबंध निदेशक थॉमस डोज और फोर्स मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया उपस्थित थे। 2015 में स्थापित चेन्नई यूनिट को विशेष रूप से भारत में बनी बीएमडब्ल्यू कारों की पूरी रेंज के लिए इंजन उत्पादन के लिए तैयार किया गया था। अत्याधुनिक ऑटोमेटेड लाइनों, कड़े गुणवत्ता मानकों, डिजिटल रूप से एकीकृत संचालन और अत्यधिक प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ यह यूनिट बीएमडब्ल्यू ग्रुप के वैश्विक विनिर्माण मानकों पर पूरी तरह खरी उतरती है और भारत में इसके संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। बीते वर्षों में यह यूनिट बीएमडब्ल्यू ग्रुप की स्थानीयकरण रणनीति का एक अहम हिस्सा बन गई है, जो वैश्विक गुणवत्ता और स्थानीय क्षमताओं का उत्कृष्ट संयोजन पेश करती है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया और फोर्स मोटर्स के बीच यह सहयोग भारत-जर्मन औद्योगिक भागीदारी का बेहतरीन उदाहरण है।

### स्नोफ्लेक इस साल के अंत तक भारत में कर्मचारियों की संख्या 700 से अधिक करेगी

**सैन फ्रांसिस्को।** उद्यमों के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान देने वाली कंपनी स्नोफ्लेक इस साल के अंत तक भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या 700 से अधिक करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्नोफ्लेक के पास इस समय भारत में करीब 600 कर्मचारी हैं और वह देश में एक शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र स्थापित करने की भी योजना बना रही है। स्नोफ्लेक इंडिया के प्रबंध निदेशक विजयंत राय ने बताया, हमने हाल में मुंबई में एक नया कार्यालय खोला है और 2025 के अंत से पहले बेंगलुरु में अपने कार्यालय का विस्तार करने जा रहे हैं। इस समय हमारे पास 600 से अधिक कर्मचारी हैं और हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक बिक्री, संचालन, समाधान इंजीनियरिंग और विपणन में 700 से अधिक कर्मचारियों को तैनात करना है। उन्होंने कहा कि पुणे में टीम का विस्तार मूल रूप से भारत में मौजूद ग्राहकों के साथ काम करना और डिजिटल परिवर्तन में उनकी सहायता करना है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबलों के लिए तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) के यूरोपीय चरण में अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। हालांकि नीदरलैंड्स के खिलाफ करीबी हार अब अतीत की बात हो चुकी है और टीम अब अपना पूरा ध्यान अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी दो मुकाबलों पर केंद्रित कर रही है, जो एम्स्टर्डम में खेले जाएंगे। हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कई मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें भारत का पलड़ा अब तक भारी रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच रोमांचक ड्रॉ देखने को मिला था, जबकि एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (पुरुष) में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था- जिसमें एक जीत शूटआउट के ज़रिए हासिल हुई थी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मैच से पहले कहा, ऌहम जानते हैं कि अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले कितने चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। टीम रोज़ाना कड़ी मेहनत कर रही है और हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। प्रतियोगिता में अब तक 15 अंकों के साथ भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और उसे कुल छह मुकाबले और खेलने हैं। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में स्थान सुनिश्चित करने के लिए शेष मैचों में भारत को अधिकतम अंक हासिल करने होंगे। आगामी राह पर चर्चा करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, ऌहम हर परिस्थिति के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट के लिए हमने कई रणनीतियों और संयोजनों पर काम किया है। हमें उम्मीद है कि अर्जेंटीना के खिलाफ हम दमदार प्रदर्शन करेंगे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग (पुरुष) के इतिहास में भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ अब तक रेगुलेशन टाइम में एक भी हार नहीं मिली है। केवल एकमात्र हार 2022 में भुवनेश्वर में शूटआउट के दौरान हुई थी। अब जबकि दोनों आगामी मुकाबले एम्स्टर्डम में खेले जाएंगे, भारतीय टीम अपने शानदार रिकॉर्ड को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत ने अंत में कहा, ऌहमारा रिकॉर्ड अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा रहा है, लेकिन हम किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहते। पिछले नतीजे बीत चुके हैं- हमें वर्तमान में प्रदर्शन करना होगा ताकि वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन की राह मजबूत बनी रहे। टीम ने मेहनत की है और कोचिंग स्टाफ ने पूरा समर्थन दिया है। मुझे यकीन है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



## मैनचेस्टर सिटी ने वुल्व्स से डिफेंडर रयान एइत-नूरी को किया साइन

लंदन। मैनचेस्टर सिटी ने अल्जीरियाई लेफ्ट-बैक रयान एइत-नूरी को वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स से साइन कर लिया है। एइत-नूरी ने मेडिकल परीक्षण पास करने के बाद क्लब के साथ पांच साल का करार किया है। यह डील 3.1 करोड़ पाउंड (लगभग 42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में पूरी हुई है। मैनचेस्टर सिटी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, ''क्लब को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स से रयान एइत-नूरी को साइन कर लिया गया है। 24 वर्षीय लेफ्ट-बैक ने एतिहाद स्टेडियम में 2030 की गर्मियों तक के लिए पांच साल का अनुबंध किया है। एइत-नूरी ने अपने बयान में कहा, ''यह एक आसान फैसला था। शुरुआत से ही मेरी और मेरे परिवार की पसंद मैनचेस्टर सिटी थी। मुझे इस टीम का खेलने का तरीका बहुत पसंद है। यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है- यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है।

# लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये से लेकर 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,450 रुपये से लेकर 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में भी आज तेजी का रुख नजर आ रहा है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,200 रुपये महंगा होकर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मुदा घोटाला मामले में ईडी ने बेंगलुरु में 100 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कीं

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) यानी मुदा घोटाला से जुड़े मामले में बेंगलुरु में 92 भूखंडों को अस्थायी रूप से जब्त किया है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कहा कि इस घोटाले में मंगलवार को एक बयान में बताया कि अब तक जब?त की गई कुल संपत्तियों की राशि 400 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है। केंद्रीय एजेंसी के मुताबिक यह ताजा कार्रवाई चल रही जांच का हिस्सा है, जिसमें अबतक 400 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। ईडी ने आरोप लगाया है कि ये संपत्तियां हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटीज और व्यक्तियों जैसे संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं, जो मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों सहित प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए ''मुखौटा या डमी'' हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में मुदा साइटों के आवंटन से जुड़े बड़े पैमाने पर घोटाले का पता चला है। एजेंसी का दावा है कि फर्जी आवंटन करने के लिए वैधानिक प्रावधानों और सरकारी आदेशों या दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया है।




# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 29वीं एफएसडीसी बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को मुंबई में वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा और पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे भी बैठक में भाग लिया। इसके अलावा इस बैठक में वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, राजस्व विभाग के सचिव, वित्त मंत्रालय के ओएसडी, एमसीए 21 इंडिया के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के अध्यक्ष, पीएफआरडीए के अधिकारी, आईबीबीआईलाइव, आईआरडीएआई, इंडियनसीईआरटी के वरिष्ठ प्रतिनिधि और वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2010 में भारत सरकार द्वारा स्थापित वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने, अंतर-नियामक समन्वय को बढ़ावा देने और वित्तीय क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शीर्ष मंच के रूप में कार्य करती है।



# गोयल ने स्विट्जरलैंड में भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों से मुलाकात की, नए निवेश अवसरों पर चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली/बर्न। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसरों, साझेदारियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए स्विट्जरलैंड में भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में लिखा है कि, ''भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ एक आकर्षक शाम बिताई। भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते से उभर रहे भारत और स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश के लिए रोमांचक अवसरों, साझेदारियों और नए अवसरों पर गहन चर्चा हुई।'' गोयल की यह बैठक उनकी दो दिवसीय स्विट्जरलैंड यात्रा का हिस्सा थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के बर्न में स्विस उद्योग के नेताओं के साथ व्यापक बैठक की, जिसका उद्देश्य आर्थिक सहयोग को गहरा करना और भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत नए रास्ते तलाशना था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने विविध क्षेत्रों की कई प्रमुख स्विस कंपनियों के नेतृत्व के साथ मुलाकात की, जिसमें भारतीय और स्विस उद्यमों के बीच तालमेल बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और टिकाऊ विनिर्माण पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने स्विस कंपनियों को भारत में अपना विस्तार करने और देश के गतिशील और तेजी से बढ़ते बाजार का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।



# समुद्र में प्लास्टिक कचरे पर रोक की संधि पर बल दिया भारत ने

एजेंसी

नयी दिल्ली/नीस (फ्रांस)। भारत ने विश्व समुदाय से वैश्विक महासागर संधि किये जाने तथा समुद्र में प्लास्टिक कचरे के प्रवाह पर पर बाध्यकारी पाबंदी लगाने की जरूरत पर बल दिया है और कहा कि देश सागर-अन्वेषण , प्लास्टिक कचरे की सफाई और मछली पकड़ने के स्वस्थ तरीके अपनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने फ्रांस के नीस में तीसरे संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन (यूएनओसी3) में महासागरों के स्वास्थ्य पर तत्काल वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया और वैश्विक महासागर संधि पर जोर दिया। पृथ्वी विज्ञान विभाग की ओर से यहां मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉ सिंह ने भारत में गहरे सागर क्षेत्रीय मिशन (डीप ओसन मिशन) के अंतर्गत मानवयुक्त पनडुब्बी अभियान की योजना, राष्ट्रव्यापी एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 80 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की ब्लू इकोनॉमी परियोजनाओं पर प्रगति की जानकारी दी।

फ्रांस और कोस्टा रिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन में भारत ने राष्ट्रीय सीमाओं से बाहर सागरीय जैव विविधता पर समझौते (बीबीएनजे) को जल्दी से अंगीकार किये जाने के प्रस्ताव का भी समर्थन किया तथा कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक प्लास्टिक संधि की वकालत की।



डॉ सिंह ने कहा, ल्ल महासागर हमारी साझा विरासत और जिम्मेदारी है।ङ्क उन्होंने कहा कि भारत सरकारों, निजी क्षेत्र, नागरिक समाज और स्वदेशी समुदायों सभी हितधारकों- के साथ मिलकर काम करने तैयार है, ताकि महासागरों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

डॉ सिंह ने जल के नीचे जीवन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और बताया कि किस तरह भारत की पहल का उद्देश्य विज्ञान, नवाचार और समावेशी भागीदारी के माध्यम से महासागरों का क्षरण रोकना और उसे पुनर्जीवित करना है। इसी संदर्भ में उन्होंने डीप ओशन मिशन की 'समुद्रयान' परियोजना का जिक्र किया, जिसके तहत 2026 तक भारत की पहली मानवयुक्त पनडुब्बी तैनात हो जाने की उम्मीद है। इस परियोजना का उद्देश्य 6,000 मीटर तक की समुद्र की गहराई का पता लगाना है और इसे भारत की वैज्ञानिक क्षमता में एक बड़ी छलांग के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. सिंह ने 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान के ठोस परिणामों की ओर इशारा किया, जिसके तहत भारत के 1,000 किलोमीटर से अधिक तटीय क्षेत्र को साफ किया गया है और 2022 से 50,000 टन से अधिक प्लास्टिक कचरे को हटाया गया है। उन्होंने सागरमाला कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और 10,000 हेक्टेयर से अधिक मैंग्रोव की बहाली और प्रकृति-आधारित समाधानों का उपयोग करके तटरेखा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन का उल्लेख किया।

महासागरों संबंधी वैश्विक व्यवस्था के संचालन में भारत की भूमिका बढ़ी है। फ्रांस और कोस्टा रिका के साथ भारत ने 'ब्लू टॉक्स' का सह-नेतृत्व किया और समुद्री स्थानिक नियोजन पर अलग से आयोजित भारत-नॉर्वे सत्र में सक्रिय भागीदारी निभायी।

# फारूक अब्दुल्ला श्रीनगर से वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया।

गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। उद्घाटन के बाद से ट्रेनों ने स्थानीय लोगों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है और पहले से ही पूरी क्षमता से बुकिंग हो चुकी है। श्री अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं कटरा के लिए इस ट्रेन में यात्रा करके बहुत खुश हूं। यह हमारे लिए सबसे बड़े लाभों में से एक है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वंदे भारत सेवा श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग के लिए एक बहुत जरूरी विकल्प प्रदान करती है, जो भूस्खलन और मौसम संबंधी व्यवधानों के कारण अक्सर अविश्वसनीय होता है। उन्होंने कहा, 'सड़क अक्सर बंद हो जाती है और ऐसे समय में हवाई किराए में उछाल आता है। यह ट्रेन लोगों को उन कठिनाइयों से बचाएगी।' श्री अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन क्षेत्र और क्षेत्र के बागवानी उद्योग के लिए लाभदायक साबित होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन बनिहाल के रास्ते श्रीनगर और कटरा के बीच चलती हैं।

# मोदी के नेतृत्व में भारत बना चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : जोशी

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री प्रभलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 11 वर्षों के राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व का बड़ा योगदान है।

श्री जोशी ने यहां मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ल्लभारत को दो लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में लगभग 60 साल लगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह चार लाख करोड़ से ऊपर पहुंच गयी है। यह नीति की निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता और मजबूत शासन का परिणाम है। श्री जोशी ने कहा कि परिवर्तन सभी क्षेत्रों में दिखायी दे रहा है, रक्षा सुधारों से लेकर डिजिटल समावेशन, सामाजिक कल्याण और आंतरिक सुरक्षा तक। उन्होंने वर्ल्ड बैंक और भारतीय सरकारी एजेंसियों के आंकड़े बताये और कहा कि 2014 से अब तक 26 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आये हैं।

श्री जोशी ने कहा,ल्लयह हमारा दावा नहीं है। ये सरकार और विश्व बैंक के आंकड़े हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि विपक्ष इन तथ्यों पर विवाद नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि तीन दशकों से लंबित चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के पद का सृजन निर्णायक शासन का प्रतीक है। श्री जोशी ने कहा, ''तीनों रक्षा सेवाओं के बीच समन्वय अब एक वास्तविकता है। पिछली सरकारें केवल सुधार की बात करती थीं; हमने इसे लागू किया। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइलों और आईएनएस विक्रांत सहित 25,000 करोड़ रुपये के प्रमुख रक्षा निर्यातों को भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता के उदाहरण के रूप में भी इंगित किया। मंत्री ने आंतरिक सुरक्षा पर कहा कि हाल के वर्षों में आतंकवाद में तेजी से कमी आयी है।

उन्होंने कहा, आज, सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ इलाकों को छोड़कर, देश काफी हद तक आतंकवाद से मुक्त है। रेड कॉरिडोर ख़त्म हो रहा है और गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च 2026 तक भारत से आतंकवाद का सफाया कर दिया जाएगा। श्री जोशी ने आधार से जुड़े जनधन खातों, यूपीआई भुगतान और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था को बदलने का श्रेय मोदी सरकार को दिया। उन्होंने कहा,ल्ल44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों को हस्तांतरित की गयी है, जिसमें बिचौलियों के खात्मे के कारण 3.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुयी है।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए। कंग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और भारतीयों को अपमानित करने की घटना श्री ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिका में आए दिन भारतीयों के साथ अन्याय होने और उन्हें प्रताड़ित करने की खबरें आ रही हैं और मोदी सरकार इस काम में पूरी तरह से विफल रही है। श्री रमेश ने कहा, मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है।

# आतंकवाद पर दुनिया को भारत का संदेश देकर लौटे बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की मोदी ने

एजेंसी

नयी दिल्ली। आतंकवाद पर दुनिया को भारत का संदेश और दृष्टिकोण स्पष्ट करने के बाद स्वदेश लौटे सभी सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न देशों में अपनी बैठकों और वार्ता के बारे में बताया।

श्री मोदी ने विभिन्न देशों की यात्रा पर गए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर मेजबानी की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विभिन्न देशों में राजनीतिक नेतृत्व, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, संगठनों, थिंक टैंक, मीडिया और भारतीय समुदाय के साथ अपनी बैठकों और बातचीत से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया है। इससे पहले



प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात कर उन्हें भी इस बारे में जानकारी दी थी।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार ने आतंकवाद पर दुनिया के समक्ष भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए 30 से भी अधिक देशों में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा था। विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और प्रतिष्ठित राजनयिकों से युक्त प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों की अपनी यात्राओं के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख और विश्व शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## पेज एक का शेष

### 11 साल में मिली...

उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। यह भारत ने मेड इन इंडिया की ताकत के माध्यम से करके दिखाया है और दुनिया ने इस ताकत का एहसास भी किया है। यही नहीं, 1952 से लगातार भारत पर थोपे गए धारा 370 को पूरी तरह समाप्त करके जम्मू कश्मीर को, लद्दाख को, भारत के कानून के अनुरूप संवैधानिक दायरे में लाकर भारत की अखंडता को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है। योगी ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं। सरकार ने विकसित भारत की जो आधारशिला रखी है वह इन्हीं पंच प्रण को ध्यान में रखकर की है और इसी के आधार पर विकसित भारत का यह मॉडल भारत को दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी स्थापित करता है। कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर पिछले 11 वर्ष में किए गए गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व, मातृ वंदना कार्यक्रम से लेकर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम से लेकर के नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक किए गए अनेक कार्यक्रम, सैनिक स्कूलों में बेटियों की भर्ती हो, नेशनल डिफेंस एकेडमी में भी पहली बार महिलाओं की भर्ती हो सके और वह भी सेवा में उच्च सैन्य अधिकारी के पद पर जा सके यह पहली बार हुआ है। इसके साथ ही, संविधान का सम्मान, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान का हर हाल में सम्मान होगा और इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने 26 नवंबर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में पूरे देश के अंदर 2015 से इस कार्यक्रम को करने की कार्यवाही पहली बार शुरू की। आरक्षण की सुरक्षा, सामाजिक दृष्टि से जो भी पिछड़े हैं, दलित है, वंचित हैं, उनको इस संविधान प्रदत सुविधा का अधिकार मिलना ही चाहिए। हर हाल में उनको यह अधिकार मिले इसके लिए उनकी सुरक्षा। राज्यों में बिना भेदभाव के विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर उनके समग्र विकास को बढ़ाने का कार्य हो या सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए किए गए प्रयास। यह 11 संकल्प है जिसे ध्यान में रख करके पिछले 11 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सब ने एक नए भारत का दर्शन किया है। योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। यानी भारत ने अपनी आजादी के अमृत महोत्सव के दौर में उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने भारत पर लगभग 200 वर्षों तक शासन किया था। अब जब प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के सफलतम 11 वर्ष पूरे हो रहे हैं तब जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की अकेली अर्थव्यवस्था है जो एक दशक में दुगनी हुई है। भारत दुनिया का पहला देश है जिसने अपनी पर कैपिटा इनकम यानी प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक की है। 2013-14 में भारत की प्रति व्यक्ति आय केवल 79,000 रुपए थी और आज यह बढ़कर लगभग ढाई लाख हो गई है। भारत की विकास की दर जिस स्पीड से बढ़ रही है, 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर अर्थव्यवस्था का बाहरी ढांचा होता है, उसकी रीढ़ होती है और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। यूपीए गवर्नमेंट के दौरान हाईवे निर्माण की स्पीड 11 किलोमीटर प्रतिदिन थी और आज यह तीन गुना से अधिक यानी लगभग 35 किलोमीटर प्रतिदिन है। आज हमारी 99 फ़ीसदी ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से कनेक्ट हो चुकी हैं और इन 11 वर्षों में देश के अंदर 3 लाख 80 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है। इसी प्रकार से देश के अंदर 3600 किलोमीटर का हाई स्पीड कॉरिडोर और देश की पहली रैपिड रेल भी प्रारंभ हुई है जो दिल्ली मेरठ के बीच संचालित हो रही है। इन 11 वर्षों में लगभग 55000 किलोमीटर हाईवे का विस्तार हुआ है। 2014 से पहले देश के अंदर पांच शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा था, इसमें उत्तर प्रदेश का एक भी शहर नहीं था और आज देश के अंदर 23 शहरों में, जबकि प्रदेश के अंदर 6 शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त ट्रेन, नमो भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में संचालित हो रही हैं। 1947 से लेकर के 2014 तक भारत में केवल 74 एयरपोर्ट बन पाए थे और आज इनकी संख्या बढ़कर 160 हुई है। उत्तर प्रदेश के अंदर 2017 में केवल दो एयरपोर्ट पूरी तरह और दो आंशिक रूप से सक्रिय थे तो आज प्रदेश में 16 एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय हैं। इनमें चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं और जल्द ही पांचवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बहुत शीघ्र जेवर में मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान देश के अंदर राजनीति एजेंडे का हिस्सा 2014 में ही बन पाया था। देश के अंदर 11 करोड़ किसानों को 6000 रुपये की सालाना प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत अब तक 3 लाख 68 हजार करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से अन्नदाता किसानों के खातों में गए हैं। पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से 1 लाख 75000 करोड रुपए की राशि सीधे अन्नदाता किसानों के खाते में गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 93 हजार करोड रुपए के निवेश के माध्यम से 112 सिंचाई की परियोजनाएं कंपलीट हुई है, जिसके माध्यम से देश के अंदर 48 लाख हेक्टेयर लैंड अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा प्राप्त हुई है। गन्ना किसानों को समय से गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ है। उत्तर प्रदेश की ही बात करते हैं तो 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के अंदर चीनी मिलें बंद हो रही थीं, बंद चीनी मिलों को औने-पौने दाम पर बेचने का काम तत्कालीन सरकारें करती थीं। 1996 से लेकर के 2017 तक उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ना मूल्य का जितना भुगतान 22 वर्षों में हुआ था, पिछले 8 वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ना किसानों के लिए 71,000 करोड़ रुपए अतिरिक्त भुगतान हुआ है। यानि अब तक 2,86,000 करोड रुपए का गन्ना भुगतान उन 46000 गन्ना किसानों को किया गया है जो कैश क्रॉप के माध्यम से आमदनी करते थे। उन्होने कहा पिछली सरकारों में कंग्रेस ने एक एम्स बनाया था। श्रद्धेय अटल जी ने छह एम्स बनाए और मोदी जी के इस कालखंड में एम्स की संख्या हुई है 23। उत्तर प्रदेश के अंदर दो एम्स बने हैं, एक गोरखपुर में और एक रायबरेली में। देश के अंदर 2014 तक केवल 180 मेडिकल कॉलेज थे, आज अकेले उत्तर प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज हैं और देश के अंदर 2045 मेडिकल कॉलेज वर्तमान में मेडिकल की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या भी देश के अंदर 1,76,000 से अधिक हुई है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ती औषधि लोगों को प्राप्त हो इसके लिए 16000 से अधिक ऐसे जन औषधि केंद्र स्थापित हुए।ङ्क योगी ने कहा कि आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय हो सकता है, विरासत भी विकास का माध्यम बन सकती है यह हम सब ने महाकुंभ के माध्यम से देखा है। आस्था के माध्यम से आर्थिक के पांच नए कॉरिडोर यूपी के अंदर बनते हुए दिखाई दिए। उनके माध्यम से उन क्षेत्रों में रोजगार और अर्थव्यवस्था को जो बल मिला है। आज काशी के अंदर बाबा विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आई भीड़ और वहां की अर्थव्यवस्था में आए युगांतरकारी परिणाम, हम सबके सामने हैं। काशी विश्वनाथ धाम काशी के साथ-साथ आसपास के जनपदों की अर्थव्यवस्था को एक नई गति दे रहा है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में 500 वर्षों के बाद रामलला का विराजमान होना, अयोध्या को एक नई विकसित नगरी के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित होना और इसके माध्यम से रोजगार और अर्थव्यवस्था को एक नई गति मिलना।

### ग्रुप कैप्टन अंतरिक्ष...

पैगी व्हिटसन एक्स-4 मिशन की कमान संभालेंगी।उनकी यह दूसरी वाणिज्यिक मानव अंतरिक्ष उड़ान है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वायु सेना प्रमुख और भारतीय वायु सेना के सभी एयर वॉरियर्स ने उन्हें और एक्सिओम-4 के पूरे क्रू को शुभकामनाएं दी हैं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उनसे वर्चुअल बातचीत करके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए बधाई दी है। अपने साथी क्रू मेंबर्स के बारे में बात करते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं जिस टीम के साथ इस मिशन पर उड़ान भर रहा हूं, वह शानदार है। मुझे लगता है कि मेरे पास बेहतरीन क्रूमेट्स हैं। इस एक उड़ान के लिए मेरे पास ये क्रू मेंबर्स होंगे। उन्होंने कहा कि इस मिशन के बाद ये मेरे जीवन भर के दोस्त बन जाएंगे। यह एक अद्भुत यात्रा है। ये ऐसे पल हैं, जो वास्तव में आपको बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बन रहे हैं, जो आपसे कहीं बड़ी है। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मैं इसका हिस्सा बनकर भाग्यशाली हूं। अपने मिशन के जरिए मैं देश में एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित करने का ईमानदार प्रयास कर रहा हूं। मैं इस अवसर का उपयोग बच्चों में जिज्ञासा जगाने के लिए करना चाहता हूं। अगर मेरी कहानी किसी अन्य की जिंदगी बदलने में सक्षम है, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी सफलता होगी। एक्स-4 मिशन में अमेरिका, भारत, पोलैंड, हंगरी, सऊदी अरब, ब्राजील, नाइजीरिया, यूएई और कई यूरोपीय देशों सहित 31 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियां शामिल होंगी। मिशन में अमेरिका, भारत, पोलैंड (ईएसए के साथ साझेदारी में) और हंगरी के शोध पोर्टफोलियो पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विविध हितधारकों को शामिल करके, माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभों को बढ़ावा देकर और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करके इन देशों में भागीदारी को व्यापक बनाना है। अध्ययनों से मानव स्वास्थ्य, पृथ्वी अवलोकन, जैविक और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में वैश्विक समझ का विस्तार होने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दोषी...

धारा 189 (लोक सेवक को धमकाने) और धारा 353 (लोक सेवक को ड्यूटी से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत तीन-तीन महीने की सजा सुनाई थी। यह मामला ट्रैफिक चालान के मामले में सुनवाई के दौरान सामने आया था, इसके बाद पीठासीन न्यायिक अधिकारी (मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट) ने संबंधित अधिवक्ता के खिलाफ औपचारिक तौर पर शिकायत की थी। पुलिस को दी गई शिकायत में न्यायिक अधिकारी की ओर से आरोप लगाया गया कि अधिवक्ता ने एक महिला न्यायिक अधिकारी होने के नाते उनका अपमान किया और उनकी तथा न्यायालय की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई।

### आव्रजन नीति...

तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला जैसे सात देशों पर आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा, यह प्रतिबंध विदेशी सरकारों से सहयोग लेने, आव्रजन कानून लागू करने और राष्ट्रीय सुरक्षा व आतंकवाद विरोधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। प्रतिबंध से ग्रीन कार्ड धारकों, मौजूदा वीजा धारकों, कुछ विशेष वीजा श्रेणियों तथा राष्ट्रीय हित में आने वालों को छूट दी गयी है। श्री ट्रम्पने अपने पहले कार्यकाल में भी सात देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया था, जिसे 2018 में उच्चतम न्यायालय ने मंजूरी दी थी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2021 में उस प्रतिबंध को हटा दिया था।

### 'सामाजिक भेदभाव...

सुधार किया है, लेकिन इन प्रगति को संवैधानिक मूल्यों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश गवई ने आगे कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने दूरदराज के क्षेत्रों के वकीलों को भी सर्वोच्च न्यायालय में उपस्थित होने की अनुमति देकर अदालतों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है। इसी तरह समाज में निचले तबके को भी तकनीक का लाभ मिलना चाहिए, जो अभी भी उनके लिए दूर की कौड़ी है।

### संघर्ष के मूल...

मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, ल्लजहां तक मेरा संबंध है, राफ़ेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं - स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। विदेश मंत्री ने कहा, लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया। और इसके लिए मेरी बात पर यकीन नहीं करें, ऐसी तमाम तस्वीरें हैं जो गूगल में उपलब्ध हैं। आप उन रनवे और उन हैंगरों को देख सकते हैं जिन्हें नष्ट किया गया है। डॉ जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान 'हजारों' आतंकवादियों को 'खुले में' प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें अपने दक्षिणी पड़ोसी देश में भेज रहा है। उन्होंने कहा, ल्लहम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए उनके लिए हमारा संदेश यह है कि यदि आप अप्रैल में किए गए बर्बर कृत्यों को जारी रखते हैं, तो प्रतिशोध होने वाला है, और यह प्रतिशोध आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगा। और हमें परवाह नहीं है कि वे कहाँ हैं। अगर वे पाकिस्तान में बहुत अंदर गहराई में हैं, तो हम पाकिस्तान में उस गहराई तक जाएंगे। यूक्रेन और रूस के बीच मध्यस्थ के रूप में खुद को स्थापित करके अपना कद बढ़ाने की भारत की कोशिश के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमने कभी भी अपने लिए कोई भूमिका नहीं मांगी या दावा नहीं किया। अगर हम किसी की मदद कर सकते हैं तो हम तैयार हैं, लेकिन हम खुद पर दबाव नहीं डाल रहे हैं। डॉ जयशंकर ने कहा, भारत ने दोनों पक्षों के साथ एक खुली रेखा रखी है, और कभी-कभी संदेश एक दूसरे को पहुंचाए हैं। जब यूक्रेन के प्रधानमंत्री ज़ापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा के बारे में मास्को को जानकारी देना चाहते थे, तब उनके बीच एक माध्यम के रूप में कार्य किया था। भारत के रक्षा उद्योग के बारे में चर्चा करते हुए डॉ जयशंकर ने कहा भारत अपने स्वयं के 'मेड इन इंडिया' रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। उनमें से कुछ का पाकिस्तान के साथ हाल के संघर्ष में परीक्षण हुआ है और ये 'बहुत सिद्ध' और 'बहुत सफल' रहे हैं। इसलिए जबकि भारतीय कंपनियां यूरोप के साथ अधिक काम करना चाहती हैं, मैं इसे केवल यूरोप से अधिक हथियार खरीदने के रूप में नहीं देखता। दोनों पक्षों के बीच तेजी से, डिजाइन पर सहयोग हो रहा है। हम अब बहुत कम शुद्ध खरीदारी करते हैं। भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में डॉ जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरोप साल के अंत तक एक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने की राह पर हैं, लेकिन यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र और मूल नियम मतभेद के प्रमुख बिंदु बने हुए हैं।

### हमने उनका धर्म ...

भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में, जबकि पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद को जन्म देने वाले के रूप में हो रही है। उन्होंने आगे कहा, हम आतंकियों को नहीं, बल्कि आतंकी ढांचे को भी पूरी तरह से खत्म करें, यह जरूरी है। पूरी दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी हो गया है। यह बात पूरी दुनिया के सामने आ रही है कि पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है कि आतंकवाद को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को बंद करना होगा। आतंकवाद को खाद-पानी नहीं मिलना चाहिए। इसमें संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अहम है, लेकिन उसके निर्णयों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

# नीतीश कैबिनेट में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

- पंचायतों में 8093 लिपिक होंगे बहाल, 7 चिकित्सा पदाधिकारी बर्खास्त
- आठ हजार से अधिक लिपिक के पदों को मिली स्वीकृति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुयी। सचिवालय के कैबिनेट हॉल में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 22 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में पंचायत सचिवालय को सशक्त बनाने के लिए 8093 लिपिक पदों को स्वीकृति दी गई। साथ ही जयप्रकाश नारायण अस्पताल, वायुयान संगठन और कृषि विपणन निदेशालय में भी कई नए पद सृजित किए गए हैं। कैबिनेट की बैठक में तमाम विभागों के मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नई नियुक्ति से लेकर कई बड़ी परियोजनाओं और सड़क निर्माण योजनाओं को मंजूरी दी गई है। बैठक में राज्य में रिक्तियों से संबंधित अहम निर्णय लिये गये है। पंचायत सचिवालय को सुदृढ करने के लिए ग्राम पंचायत कार्यालयों में आठ हजार से अधिक लिपिक के पदों को सृजित करने का फैसला लिया गया है। पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत कार्यालय में निम्न वर्गीय लिपिक के 8093 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अंतर्गत वायुयान संगठन निदेशालय में विभिन्न श्रेणी के चार (4)नियोजन आधारित पदों को सृजित किया गया है। पटना के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी इकाई की स्थापना एवं संचालन के लिए छत्तीस (36) नए पदों को सृजित किया गया है। कृषि विपणन निदेशालय में विभिन्न कोटि के चौदह (14) पदों को सृजित किया गया है। बिहार सरकार की महिला सरकारी सैनिकों को उनके पदस्थापना स्थल के निकट आवास सुविधा उपलब्ध कराने की नीति का निर्धारण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी है। सात लापरवाह चिकित्सा पदाधिकारियों को किया गया बर्खास्त नीतीश कैबिनेट ने स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाते हुए सात (7 )लापरवाह चिकित्सा पदाधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। ये डॉक्टर बिना सूचना के लंबे समय से ड्यूटी से गायब थे। अपने इस फैसले से सरकार ने बता दिया है कि राज्य के लोगों की जान से खिलवाड़ किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इनको किया गया बर्खास्तः राज्य सरकार ने जिन डॉक्टरों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की है उनमें खगड़िया सदर अस्पताल के सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार, खगड़िया के महेशखुंड अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद फिरदौस आलम, खगड़िया सदर अस्पताल की सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जागृति सोनम, लखीसराय सदर अस्पताल के एसएनसीयू में तैनात सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनामिका कुमारी शामिल हैं।

# बिहार के 10 जिलों में 1308 जनजातीय परिवारों को मिलेगा पक्का मकान: सम्राट चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के 1308 परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना डबल इंजन सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत कमजोर समुदायों को सामाजिक-आर्थिक न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 29 अप्रैल 2025 को जारी पत्र के माध्यम से बिहार राज्य को इस योजना में शामिल किया है। सम्राट चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग ने राज्य के 10 जिलों बांका, कैमूर (भभुआ), भागलपुर, गया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, नवादा, पूर्णिया और सुपौल में असुर, बिरहोर, बिरजिया, हिलखरिया, कोरवा, मालपहाड़िया, परहइया, सौरिया पहाड़िया एवं सावर जनजाति के परिवारों को चिन्हित किया है, जो इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जहां अब तक लाभुकों को 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में मिलती थी, वहीं घ्ख्र-ख्ड्गख्रइग योजना के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए यह राशि बढ़ाकर 2.00 लाख रुपये कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सहायता राशि का भुगतान चार बराबर किस्तों में किया जाएगा। प्रथम किस्त 50,000 रुपये की होगी, जो आवास की स्वीकृति के बाद दी जाएगी। द्वितीय किस्त 50,000 रुपये की होगी, जो भूतल सतह (प्लिंथ) तक निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दी जायेगी। तृतीय किस्त 50,000 रुपये की होगी, जो लिंटर तक कार्य पूरा होने पर दी जाएगी और अंतिम चौथी किस्त 50,000 रुपये की होगी, जो छत स्तर से ऊपर फिनिशिंग कार्य पूरा होने के बाद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रत्येक लाभुक को मनरेगा के अंतर्गत लगभग 27,000 रुपये की मजदूरी तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12,000 रुपये की राशि शौचालय निर्माण के लिए दी जाएगी। इस प्रकार प्रत्येक परिवार को कुल 2.39 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा, जिनके पास पहले से पक्का मकान नहीं है और जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में नहीं है। सुपात्र परिवारों की पहचान के लिए सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के राजघाट पर 11 से 15 जून तक लोक संवर्धन पर्व का आयोजन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की ओर से 11 से 15 जून तक यहां के राजघाट स्थित बिरसा मुंडा लॉन के गांधी दर्शन परिसर में लोक संवर्धन पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों, समावेशिता और सांस्कृतिक गर्व का जश्न मनाने के लिए है। पर्व का उद्देश्य समावेशी विकास को प्रदर्शित करना है। इसमें मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। खासकर अल्पसंख्यक समुदायों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में मंत्रालय के निरंतर प्रयासों पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस बार लोक समवर्धन पर्व में उत्तर भारत के 50 से अधिक कारीगरों को शामिल किया जाएगा। वे पारंपरिक हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगे और संभावित खरीदारों के साथ जुड़ेंगे। कार्यक्रम में कारीगरों और खाद्य विशेषज्ञों की भागीदारी भी होगी। कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों का प्रदर्शन होगा। इसमें पीएम विकास, एनएमडीएफसी योजनाएं और सफल कहानियां शामिल हैं। इसके साथ ही, हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मंत्रालय ने सभी को इस विविधता और प्रगति के उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह पर्व पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने और उनकी कला को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### नंगल नगर निगम पंजाब में आने वाले हिमाचल प्रदेश के वाहन मालिकों से वसूलेगा टोल टैक्स

**नंगल।** पंजाब में नंगल नगर परिषद ने मंगलवार को संजय साहनी की अध्यक्षता में आयोजित परिषद की बैठक में नंगल की ओर से पंजाब में प्रवेश करने वाले पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के वाहन मालिकों से टोल टैक्स वसूलने का प्रस्ताव रखा है। कांग्रेस पार्षदों के प्रवक्ता परमजीत सिंह पम्मा ने मंगलवार को कहा कि बैठक के दौरान पार्षदों का मानना ??था कि हिमाचल प्रदेश, पंजाब में नंगल के अंतर्गत आते अजौली, मैहतपुर और ब्रमला से हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों पर टोल टैक्स वसूल रहा है, जो अनुचित है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार एनएचएआई द्वारा निर्मित सड़क पर अपना टोल बैरियर स्थापित नहीं कर सकती है। नियमों के अनुसार टोल बैरियर के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को टोल टैक्स से राहत प्रदान की जाती है। पम्मा ने कहा कि जब तक हिमाचल प्रदेश सरकार नंगल निवासियों को टोल टैक्स से राहत नहीं देती, तब तक हिमाचल प्रदेश से नंगल में प्रवेश करने वाले चार पहिया वाहनों को टोल टैक्स देना पड़ेगा, जिससे पंजाब सरकार का राजस्व बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को निवासियों के व्यापक हित में नंगल नगर परिषद के प्रस्ताव को मंजूरी देनी चाहिए।

### गोइंदवाल जेल से संचालित हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ हेरोइन, हवाला मनी के साथ छह गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार कर गोइंदवाल जेल में बंद अर्शदीप के नेतृत्व में चल रहे एक सुव्यवस्थित नार्को-हवाला कार्टेल को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीमों ने गिरफ्तार गुर्गों से 4.526 किलोग्राम हेरोइन के साथ-साथ 8.7 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि अर्शदीप अपने सहयोगियों जसप्रीत और करण के साथ मिलकर ड्रग व्यापार और हवाला लेन-देन का संचालन कर रहा था। गुरमीत और राजिंदरपाल के साथ मिलकर करण सीमा पार से खेप प्राप्त करने और उन्हें पंजाब के विभिन्न जिलों में वितरित करने के लिए जिम्मेदार था। डीजीपी ने कहा कि नशीले पदार्थों के व्यापार से होने वाली आय को जसप्रीत द्वारा हवाला चैनलों के माध्यम से दुबई, यूएई और उसके बाद पाकिस्तान भेजा जाता था। जेल के भीतर अर्शदीप द्वारा इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जो उनके सीमा पार संचालन के महत्वपूर्ण सबूत प्रदान करता है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने दी नई कृषि तकनीक की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूर्वी चंपारण। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तेरहवें दिन मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी की टीम-2 के द्वारा हरसिद्धि प्रखंड के ग्राम बैरिया डीह, मठ लोहियार और यादवपुर में अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महात्मा गाँधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, पीपराकोठी के निदेशक डॉ. एस. के. पूर्वे ने अभियान के उद्देश्यों और इसके महत्व को किसानों के बीच रखा। उन्होंने फसल की बुवाई से पूर्व मिट्टी जाँच करने पर जोर देते हुए मौसम आधारित खेती करने पर जोर दिया।साथ ही एफ.पी.ओ. के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके गठन संबंधी जानकारी भी दी। इसके साथ ही उन्होंने कीट और रोग प्रबंधन के लिए जैविक कीटनाशकों और और दवाओं के बनाने की विधि और उनके प्रयोग संबंधी जानकारी भी दी। मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. रवि कुमार ने मछली पालन के लिए तालाब निर्माण, पानी की गुणवत्ता, मछली की अच्छी प्रजातियों, संतुलित आहार और मछली पालन के लिए उपयोगी उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रधान मंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र, परसौनी के मृदा विशेषज्ञ डॉ आशीष राय ने मृदा जांच के आधार पर धान, मक्का, गन्ना की फसलों में संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने धान की फसल में अज़ोला के प्रयोग, अंतर्वर्ती खेती और मोटे अनाज जैसे मडुआ, बाजरा, साँवा आदि की खेती करने की जानकारी दी। उन्होंने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, कृषि अवसंरचना कोष, समेकित बागवानी विकास मिशन के बारे में भी जानकारी दी। कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. अंशु गंगवार ने गहरी जुताई और भूमि समतलीकरण करने की सलाह देते हुए धान की सीधी बुवाई और मक्का की रेज्ड बेड तकनीकी से बुवाई करने की जानकारी दी और इसके लिए उपयोगी कृषि यंत्रों जैसे जीरो टिल सह फर्टि सीड ड्रिल मशीन, राइस व्हीट सीडर, रेज्ड बेड प्लांटर जैसे यंत्रों के संचालन एवं रखरखाव के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने फसलों में खरपतवार प्रबंधन के लिए यांत्रिकी विधियों को अपनाने पर जोर देते हुए पॉवर वीडर, हो, ग्रबर आदि के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई पम्प और बागवानी फसलों में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के प्रयोग और इसके लाभ के बारे में किसानों को बताया और इस तकनीकी को अपनाने की सलाह भी दी। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय तिलहन और ऑयल पाम मिशन, पीएम कुसुम योजना, पी.एम. कृषि सिंचाई योजना के बारे में भी विस्तार से बताया।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के रजौली चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार को वाहन जांच के दौरान यात्री बस से अंग्रेजी शराब व बियर के साथ दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच चौकी पर वाहन जांच के दौरान उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक राजीव कुमार पटेल ने झारखंड की ओर से आने वाले यात्री बसों की तलाशी ले रहे थे। इस दौरान तीन बोतल अंग्रेजी शराब एवं एक केन बियर बरामद किया गया। शराब लेकर परिवहन करने वाले को गिरफ्तार किया गया। शराब धंधेबाज सुपौल जिला के किशनपुर थाना क्षेत्र निवासी श्रवण कुमार और सीतामढ़ी जिला के रूनी सैदपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों शराब धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मंगलवार को ही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले होंगे पंचायत उपचुनाव, 9 जुलाई को 2,634 सीटों पर होगा मतदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार मे आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत उपचुनाव होंगे।

बिहार निर्वाचन आयोग ने बिहार में होने वाले पंचायत उपचुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी। राज्य के 38 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों और ग्राम कचहरी के कुल 2,634 रिक्त पदों के लिए 9 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 11 जुलाई को मतगणना कर चुनाव परिणाम जारी किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। आयोग के अनुसार उपचुनाव के लिए आधिकारिक अधिसूचना 13 जून को जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया 14 जून से प्रारंभ होकर 20 जून तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 21 से 23 जून के बीच होगी, जबकि उम्मीदवार 24 और 25 जून को नाम वापस ले सकेंगे। प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन 26 जून को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक उपचुनाव के तहत जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य और ग्राम कचहरी पंच के पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। जिला परिषद सदस्य के लिए 8 सीट, मुखिया के लिए 63 सीट, सरपंच के लिए 83 सीट, पंचायत समिति सदस्य के लिए 72 सीट, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 840 सीट और ग्राम कचहरी पंच के लिए 1569 सीटों पर वोटिंग होगी। आयोग ने बताया कि मतदान सभी सीटों पर ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, उपचुनाव वाले क्षेत्रों में कुल 33,58,767 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 17,58,892 पुरुष, 15,99,785 महिला और 89 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है। इच्छुक मतदाता आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 'सर्च इलेक्टोरल रोल' सेक्शन के माध्यम से अपना नाम सूची में देख सकते हैं।

# राज्य सरकार ने 2 आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा, 3 का किया तबादला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार सरकार ने मंगलवार को दो अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया। जबकि तीन भारतीय प्रशासनीक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य सरकार ने दो वरिष्ठ भारतीय प्रशासनीक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा है। इसके अलावा तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में समान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी की गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार नीतीश सरकार ने वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल और वर्ष 2006 बैच के आईएएस अधिकारी दयानिधि पाण्डेय को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा हैं। इनके अतिरिक्त तीन अन्य आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया, जिसमें पंकज कुमार, पंकज कुमार पाल और मनोज कुमार शामिल हैं। संजय कुमार अग्रवाल जो सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार-जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग) के पद पर थे, उन्हें अब संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पद पर नियुक्त किया गया है।

# वर्ष 2014 से अब तक देश का कालखंड स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा: धामी


**केन्द्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्रीधामी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को न भूतो न भविष्यति वाला बताया**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। यह 11 वर्ष ऐसी विशिष्ट उपलब्धियों वाले रहे हैं, जो अब तक नहीं हुआ है। यह विशेष अवसर है और राजनीति का यह ऐतिहासिक कालखंड है। इस कालखंड की ओर लोग और पूरा विश्व आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। वर्ष 2014 से अब तक का कालखंड स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास यह सूक्ति पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मुख्यमंत्री धामी मंगलवार को यहां भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को न भूतो न भविष्यति वाला बताया। उन्होंने कहा कि 2014 प्रारंभ हुई यह यात्रा स्वतंत्रता के बाद जनता की अपेक्षाओं और अवधारणाओं को पूरा करने वाली रही है। इस कालखंड में राजनीति की जो नई कार्य संस्कृति प्रारंभ हुई है, उससे राष्ट्र निरंतर आगे बढ़ा रहा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विरासत और समृद्धि की जो पहल प्रारंभ हुई है। उसके चलते भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हमें राष्ट्र को तीसरी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना है। वर्ष 2014 से अब तक का कालखंड स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक कुलदीप कुमार तथा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान मंचासीन थे। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद महेन्द्र भट्ट ने केन्द्र सरकार के 11 वर्ष के प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 19 सांगठनिक जिलों में प्रदर्शनी, पत्रकार वार्ता और कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र और प्रदेश की उपलब्धियां गांव-गांव तक पहुंचाई जाएंगी। इसके साथ ही सभी जनपदों में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से भी वार्ता की।




मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए सरकार को केन्द्र में 11 साल पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि बीते 11 साल में मोदी सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इस दौरान हमारी उपलब्धियां न सिर्फ अभूतपूर्व हैं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि देश को आगे ले जाने के अपने इन प्रयासों के साथ हम विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार है। पिछले एक दशक में एनडीए सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी के चंगुल से निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने गरीबों के जीवन को बेहतर बनाया है। पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने लोगों को आवास, स्वच्छ रसोई ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे तमाम प्रयासों से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को रक्षा निर्यात 34 प्रतिशत बढ़ने, विश्व रैंकिंग में 142वें से 63वें स्थान पर आने तथा बजट में 127500 आय में छूट, दिल्ली-देहरादून ऐलीवेटेड रोड जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यकाल में 99 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़ गए हैं। 34 किलोमीटर सड़क प्रतिदिन बन रही है। प्रदेश से 60 प्रमुख शहरों के लिए उड़ान शुरू हो गई है। उन्होंने नारी शक्ति के लिए नारी को नारायणी मान कर चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी तथा कहा कि उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता कानून पूरे देश के लिए आकर्षण का केन्द्र तथा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्रियों की बैठक में अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने इस संदर्भ में काफी कुछ चर्चा की गई है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063